खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

हल्द्वानी, रविवार 3 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 343 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा व आरएसएस के निशाने पर : खड़गे पेज 2



यशस्वी जायसवाल ने लगाया टेस्ट करियर का छठा शतक खेल टाइम्स



भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस पेज 11



नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी मुखर्जी बॉलीवुड

### अमेरिका के टैरिफ अटैक के बीच प्रधानमंत्री की ट्रम्प को दो टूक

# मोदी का संकल्प: अब वही खरीदेंगे जिसमें भारत का पसीना बहा हो

वाराणसी, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना है।

हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है, लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। ये बात सिर्फ मोदी ही नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए दूसरे को कहते रहना चाहिए, जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, ऐसा कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़ करके देशहित में हर पल हर जगह देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा। हम स्वदेशी का संकल्प लें! उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हम कुछ भी खरीदें, तो एक ही तराजू होना चाहिए। हम उन चीजों को खरीदेंगें, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है, हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रॉड्क्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया समान आएगा, मैं नए सामान की बात कर रहा हूं, वो स्वदेशी ही होगा। ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।



- **कहा: आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही**
- **भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर**

## बेटियों के सिंदूर के बदले का वचन पूरा किया: मोदी

- **वाराणसी में 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी**

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि काशी के मेरे मालिक जनता-जनार्दन, सावन का महीना हो, काशी हो, देशभर के किसानों से जुड़ना हो, इससे बड़ा मौका क्या हो सकता है। आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 निर्दोष लोगों की कितनी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से गुजरा। तब मैं, बाबा विश्वनाथ से यही मांग रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को ये दुख सहने की हिम्मत दे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। वाराणसी में ऑपरेशन -शेष पृष्ठ दो पर

# देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्रकैद

## कोर्ट ने 11 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

मैसूरु, वार्ता



- **अदालत ने पीड़ित महिला को सात लाख रुपये देने को कहा**

**बेंगलुरु की** स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

### गैंगरेप पर अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस का विवादित पोस्टर

- **सलाह दी, रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है, आपत्ति के बाद हटाया**

**अहमदाबाद।** रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है... दोस्तों के साथ अंधेरे, सुनसान इलाकों में न जाएं। सामूहिक बलात्कार हो सकता है... ये विवादास्पद शब्द लिखे पोस्टर्स शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद की सड़कों पर नजर आए थे। हालांकि, विवाद होने पर कुछ देर बाद ही ये हटा दिए गए थे। विवाद के बाद डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन ने कहा कि इन पोस्टर्स से अहमदाबाद शहर पुलिस का कोई लेना-देना नहीं है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक एनजीओ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के पोस्टर्स लगाने की अनुमति है। एनजीओ को सिर्फ रोड सेफ्टी के बैनर और पोस्टर लगाने की स्वीकृति थी, लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर ऐसे पोस्टर्स लगाए जाना पूरी तरह से गलत है।

### धनशोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, सुनवाई 28 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्र ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

### ईसी ने बीएलओ स्तर के अधिकारियों का परिश्रम दोगुना किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। इसके अलावा, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

### कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

### अमृत उद्यान 16 अगस्त से खुल जाएगा जनता के लिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव के अंतर्गत इस महीने की 16 तारीख से जनता के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार अमृत उद्यान एक महीने यानी 14 सितम्बर तक जनता के लिए खुला रहेगा। उद्यान हर रोज पूर्वाह्न 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा और शाम को सवा पांच बजे उद्यान में प्रवेश बंद हो जाएगा। रखरखाव कार्यों के लिए उद्यान को हर सोमवार को बंद रखा जाएगा।

# ईसी पर बरसे राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- **कांग्रेस नेता बोले- मेरे पास सबूत हैं, भारत के पीएम बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं**
- **लोकसभा चुनाव 2024 में 80 से अधिक सीटों पर धांधली हुई, चुनाव आयोग का अस्तित्व ही नहीं रहा**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत में चुनाव प्रणाली 'बेजान' है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 'धांधली' हुई है और उनके पास इस दावे को साबित करने के लिए सबूत हैं।

दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि 2024 के आम चुनाव में 80 से अधिक लोकसभा सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली हुई है, तो हमें संदेह है कि यह संख्या 80 से अधिक है, वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। आने वाले कुछ दिनों में हम आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत, प्रयागराज में 1000 घर बाढ़ में डूबे**

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को तीन अगस्त से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी।

### केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू, 22 किमी अतिरिक्त चलना होगा पैदल

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण कई दिनों से बाधित यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। अब श्रद्धालुओं को लगभग 22 किलोमीटर अतिरिक्त पैदल चलना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य सड़क मार्ग बाधित होने के कारण विगत कुछ दिनों केदारनाथ की यात्रा रुकी हुई थी। केवल वापस आ रहे यात्रियों को सुरक्षा बलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुंड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को दी सलाह


# जातिसूचक अपमानजनक नामों को पुनर्भाषित करें राज्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**एनएचआरसी ने नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए**

**लखनऊ।** देश के विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जाति/जनजाति को लेकर इस्तेमाल में लाए जा रहे जातिसूचक व अपमानजनक नामों की समीक्षा करने के निर्देश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी राज्यों को दिए है।

इस बाबत आयोग के असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह ने सभी राज्यों के पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिवों को आदेश जारी कर भावनाओं और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह की ओर से जारी आदेश में प्रमुख सचिवों से कहा गया है कि मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत को देश के सभी मानव अधिकारों की रक्षा और संवर्धन का दायित्व सौंपा है और पीएचआर अधिनियम, 1993 की धारा 13 के अंतर्गत जांच के लिए उसे सिविल न्यायालय के समान शक्तियां प्राप्त हैं। उन्होंने कहा है कि शिकायतकर्ता ने देश के विभिन्न भागों में गांवों, बस्तियों, बस्तियों आदि के लिए जातिसूचक और अपमानजनक नामों के निरंतर उपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। साथ ही अनुरोध किया गया है कि ऐसे नामों की समीक्षा की जाए और उनका नाम बदला जाए, क्योंकि ये अपमानजनक हैं और समानता एवं मानवीय गरिमा के संवैधानिक आदर्शों के विपरीत हैं। शिकायत में कहा गया है कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी, अनुसूचित जातियों के समुदायों को ऐसे नामकरणों के कारण सामाजिक अपमान और कलंक का सामना करना पड़ रहा है। जिन नामों को हटा दिया गया है/प्रतिबंधित किया गया है, वे कई स्थानों पर अभी भी प्रचलन में हैं और माना जाता है कि वे व्यक्तियों की गरिमा का हनन करते हैं। इस बावत आयोग ने अदालती आदेशों और अधिनियमों का हवाला देते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1) (यू) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को अपमानित करने या धमकाने के लिए जानबूझकर जाति-आधारित गालियों के इस्तेमाल को दंडित करती है। इस प्रावधान के तहत चमार, भंगी, मेहतर आदि शब्दों का इस्तेमाल करने पर मुकदमा चलाया जा सकता है। ऐसे में आयोग ने ऐसे नामों को बदलने के लिए उठाए गए कदम के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तलब की है।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र, पंजाब व राजस्थान में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है सेना

**नई दिल्ली।** प्राकृतिक आपदाओं के दौरान नागरिक प्रशासन की सहायता की प्रतिबद्धता पर अडिग सेना मध्य प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ राहत अभियान में जुटी है। सेना ने शनिवार को बताया कि मध्य प्रदेश में बाढ़ से उत्पन्न स्थिति सामान्य होने के बाद गुना और शिवपुरी जिलों में तैनात सैन्य टुकड़ियों को आज वापस बुला लिया गया। इस बीच अशो. कनगर-ग्वालियर से संचालित एक बाढ़ राहत टुकड़ी राहत और सहायता की संभावित आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए ईसागढ़ और सिहोरा क्षेत्रों का सक्रिय रूप से सर्वेक्षण कर रही है। धौलपुर में सेना की एक टुकड़ी स्थिति बिगड़ने पर सहायता के लिए तैयार है। साथ ही श्रीगंगानगर के उपायुक्त से प्राप्त अनुरोध पर शीघ्र कदम उठाते हुए सेना ने एक टीम तैनात की है। इस टीम को बाढ़ जैसी स्थिति के कारण जलभराव की समस्या के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने का काम सौंपा गया है।

### छात्रा-अध्यापकों पर लाठीचार्ज की निंदा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के खिलाफ यहां जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे छात्रों और अध्यापकों पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की निंदा की है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक्स पर एक वीडियो साझा कर कहा कि देश का युवा सड़क पर है, लाठियां खा रहा है, क्योंकि वो अपने भविष्य के लिए सवाल पूछ रहा है। उन्होंने सवाल किया कि एसएससी की परीक्षाएं लाखों युवाओं की जिंदगी बदल सकती हैं, लेकिन जब प्रक्रिया ही सवालों के घेरे में हो तो भरोसा कैसे बचेगा?

### प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपये भेजे

# किसान सम्मान निधि की किश्त जारी

वाराणसी, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के रूप में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 20,500 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की और कहा कि उनकी सरकार देश के किसानों की खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है।

प्रधानमंत्री आज अपने निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी के 51वें दौरे पर आए। मोदी ने सेवापुरी क्षेत्र के बनौली गांव में एक जनसभा स्थल से पीएम किसान सम्मान की किस्त जारी करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दलों को 'विकास विरोधी' बताते हुए कहा कि इन पार्टियों ने शुरू में इस योजना के बारे में लोगों और किसानों को गुमराह करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों के नाम पर हुई एक घोषणा भी पूरी होना मुश्किल होता था, लेकिन भाजपा सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है! आज पीएम किसान सम्मान निधि सरकार के पक्के इरादों का उदाहरण बन चुकी है। इस योजना के तहत अब तक देश भर में किसानों को पौने चार लाख करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें उत्तर प्रदेश के करीब ढाई करोड़ किसानों को 90 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी गई है। मोदी ने कहा कि 2019 में जब पीएम-किसान सम्मान निधि शुरू हुई थी, तब समाजवादी पार्टी-कांग्रेस जैसे ने लोगों को गुमराह करने के लिए कहा था 2019 के चुनाव के बाद यह योजना बंद हो जाएगी और मोदी ने जो पैसा अभी जमा किया है ना, वो भी वापस निकाल लेगा।



■ सपा और कांग्रेस को बताया विकास विरोधी, सरकार किसानों के लिए कृतसंकल्प

प्रधानमंत्री ने इस तरह की राजनीति को 'देश का दुर्भाग्य' बताते हुए कहा कि निराशा की गर्त में डूबा हुआ विरोधी मान. सिकता वाले लोग ऐसी ही झूठी सच्चाई को लेकर के जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना में ऐसी पक्की व्यवस्था बना दी है कि न कोई लीकेज होगी, न ही गरीब का हक छीना जाएगा। इसका पैसा बिना किसी कट-कमीशन, बिचौलिए या हेराफेरी के, सीधे किसानों के खाते में पहुंचता है। उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा हाल में स्वीकृत 24 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए, कृषि व्यवस्था मजबूत और विकसित करने के लिए इसे देश के ऐसे जिले में लागू किया जाएगा, जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए, पिछड़े रह गए। इससे उत्तर प्रदेश के भी लाखों किसानों को फायदा होगा। मोदी ने कहा कि किसानों के जीवन में बदलाव के लिए, उनकी आय बढ़ाने के लिए, खेती पर होने वाला खर्च कम करने के लिए, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पूरी शक्ति से काम कर रही है, पूरी ताकत लगा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत अब तक पौने दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के किसानों के दावे निपटाए जा चुके हैं।

### 20वीं किस्त जारी करने पर चाहर ने किया मोदी का धन्यवाद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। चाहर ने शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र बनारस से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी कर देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 20500 करोड़ रुपए डाले हैं। इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक किसानों के खाते में 3.89 लाख करोड़ रुपए डाले जा चुके हैं। 18 जून 2024 को 19वीं किस्त के रूप में 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि एक फरवरी 2019 को प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरुआत की थी। इस योजना का उद्देश्य उचित फसल स्वास्थ्य और उचित पैदावार सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कृषि आदानों की खरीद में सभी किसान परिवारों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है, जो अनुमानित कृषि आय के साथ-साथ घरेलू जरूरतों के लिए भी है।

# योगी सरकार के एजेंडे को धार देंगे गोयल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसपी गोयल को नया मुख्य सचिव बनाया है। अधिकारियों की माने तो नए मुख्य सचिव एसपी गोयल विधानसभा चुनाव 2027 के लिहाज से योगी सरकार के एजेंडे को धार देने का काम करेंगे।

हालांकि उनके कार्यकाल के दौरान कई वरिष्ठ नौकरशाहों की उम्मीदों पर भी पानी फिर जाएगा जो देश के सबसे बड़े राज्य के सबसे बड़े प्रशासनिक पद पर बैठने की उम्मीद पाले बैठे थे। उच्च पदस्थ सूत्रों की माने तो सत्ता के गलियारों में अभी से इस बात की चर्चा भी शुरू हो चुकी है कि चुनाव अवधि के दौरान प्रशासनिक निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए गोयल को कम से कम तीन महीने का विस्तार मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल का राज्य नौकरशाही के शीर्ष पर लंबा कार्यकाल तय है, क्योंकि उनकी सेवानिवृत्ति लगभग 18 महीने बाद जनवरी 2027 के अंत में होनी है। उनका संभावित लंबा कार्यकाल उन्हें विधानसभा चुनावों से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय देगा।

### आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया गया

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सैन्य बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में पल बढ़ रहे आतंकवादियों को मिट्टी में मिला दिया गया। काशी के सेवा. पुरी विधानसभा क्षेत्र के बनौली कालिका धाम में एक जनसभा में पीएम मोदी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का काशीवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि सावन मास में प्रधानमंत्री जी की काशी में उपस्थिति विशेष है, जब 'ऑपरेशन सिंदूर' को पूरी दुनिया ने देखा।

# अंगदान को लेकर पूरे देश में लागू होगी एक यूनिफॉर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अंगदान को लेकर अलग-अलग राज्यों में प्रचलित नियम व कानून को 'वन नेशन वन पालिसी' के तहत लाने की तैयारी है। इसके लिए नेशनल आर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन (नोटो) ने सभी राज्यों की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर लागू करने के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'मन की बात' के 99 एपिसोड में इसका जिक्र कर चुके हैं। अभी तक अंगदान को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में लोग सर्टिफिकेट के लिए बढ़-चढ़कर प्रतिज्ञा लेते हैं। लेकिन अवसर आने पर इनमें से अधिकांश लोग नदारत हो जाते हैं। दूसरे अंगदान को लेकर अलग अलग राज्यों में अलग-अलग नियम व शुल्क निर्धारित है। जिसको देखते हुए नोटो ने सभी राज्यो की सहमति के आधार पर एक ड्राफ्ट तैयार कर वन नेशन वन पालिसी के तहत लागू करने के लिए भारत सरकार के पास भेजा है। जिससे पूरे देश में एक यूनिफॉर्म लागू किया जा सके। एसजीपीजीआई में नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रमुख व यूपी में नोटो के प्रभारी प्रो नारायण प्रसाद ने बताया कि ड्राफ्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए आधार आधारित प्रणाली को लागू करने की मांग की गई है।

### अब यूपी पुलिस भी सीबीआई और ईडी के नक्शे कदम पर

**लखनऊ।** यूपी में अब पुलिस की गिरफ्तारी और तलाशी की कार्रवाई अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी। यूपी के डीजीपी ने गिरफ्तारी और तलाशी से जुड़े 16 बिंदुओं पर आधारित नया मेमो सभी जिलों को भेजा है। हर गिरफ्तारी की प्रक्रिया को कागजों में दर्ज करना और उसकी पूरी जानकारी नियमानुसार देना अनिवार्य कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक अब हर आरा. पी की गिरफ्तारी के लिए एक अधिकारी को नामित करना जरूरी होगा, जो गिरफ्तारी से संबंधित सभी विवरण तैयार करेगा। इसके साथ ही इस विवरण को संबंधित जिले के कंट्रोल रूम में प्रदर्शित भी किया जाएगा।

# भाजपा-आरएसएस पर भड़के खड़गे

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को खतरे में बताते हुए भाजपा-आरएसएस पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि उनकी विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए चुनाव आयोग तथा उपराष्ट्रपति जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर संसदीय परंपरा को खत्म किया जा रहा है।

खड़गे ने यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लोकतंत्र की आत्मा है, जो हर भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और



■ संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा, आरएसएस के निशाने पर: कांग्रेस

भाईचारे का अधिकार देता है, लेकिन आज यही संविधान खतरे में है। सत्ता में बैठे लोग इसके मूल स्वरूप को बदलने की बात कर रहे हैं।

भाजपा आरएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाना है, जबकि इनकी पार्टी के संविधान में ये दोनों शब्द हैं। इस दोहरे रवैए से भाजपा और आरएसएस के चाल, चेहरा और चरित्र को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेवारी न्यायपालिका, चुनाव आयोग और मीडिया की है इसलिए इनकी स्वतंत्रता जरूरी है, लेकिन जब एक न्यायाधीश धर्म विशेष के लोगों के लिए अपशब्द बोलते हैं और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे समय में जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटा दे और मीडिया को पूंजीपतियों के माध्यम से नियंत्रित करे, तो यह लोकतंत्र नहीं तानाशाही है।



सेंसेक्स 81337.95
निफ्टी 2482110



सोना रु. 100000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114900
प्रति किलो



# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होगी देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी एरसिल

मुंबई, वार्ता

देश की पहली परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (एआरसी) एरसिल ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के लिए अपना प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की घोषणा की है। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसने आईपीओ के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेज जमा कराए हैं। वह शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली देश की पहली एआरसी होगी।

आईपीओ के तहत 10 रुपए अंकित मूल्य वाले 10,54,63,892 इक्विटी शेयर बिक्री के लिए रखे जाएंगे। इनमें 6,87,39,034 इक्विटी शेयर एवेन्यू इंडिया रिसर्जेंस द्वारा और 1,94,45,000 शेयर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बेचे जा रहे हैं। लाठे इनवेस्टमेंट 1,62,44,858 इक्विटी शेयर और फेडरल बैंक ऑफ इंडिया 10,35,000 इक्विटी शेयर बेच रहा है।

आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज, आईडीबीआई कैपिटल मार्केट्स एंड सिक्योरिटीज और जेएम फाइनेंशियल को आईपीओ के लिए बैंकर नियुक्त किया गया है। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (एरसिल) की स्थापना 2002 में हुई थी। यह देश की पहली एआरसी कंपनी है। देश के 12 राज्यों में कई क्षेत्रों में परिसंपत्ति पुनर्गठन का उसका कारोबार फैला हुआ है। उसका नेटवर्थ 2,462. 511 करोड़ रुपए है। कंपनी ने अब तक 652 ट्रस्ट बनाए हैं, जिनमें 199 को सफलतापूर्वक वित्तीय परिसंपत्ति समाधान के बाद बंद कर दिया गया है। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में एरसिल का परिचालन राजस्व 596. 423 करोड़ रुपए और कुल आय 623.399 करोड़ रुपए रही। तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 355.319 करोड़ रुपए रहा।



### दूसरे दिन भी सोने-चांदी के भाव में रही गिरावट

**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में शनिवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। ये लगातार दूसरा दिन है जब सोने और चांदी के दामों में कमी आई है, जिससे खरीदारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर हो सकता है। विस्तार से जानते हैं कि दिल्ली, हरिद्वार और अन्य प्रमुख शहरों में सोने-चांदी के ताजा भाव क्या हैं? अगस्त के पहले दिन सोने की कीमत में 580 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई थी और आज 2 अगस्त को भी गिरावट जारी रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव लगभग 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास बना हुआ है, जबकि 22 कैरेट सोने का रेट 91,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब है। वहीं, चांदी की कीमत में भी 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई और आज 1,14,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का दाम 99,960 प्रति दस ग्राम रहा, जबकि चेन्नई में 99,810 रुपये था। मुंबई में सोन का भाव 99,960 रहा, जबकि कोलकाता में 99,960 रुपये प्रति दस ग्राम रहा। कुछ विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि दीपावली तक चांदी की कीमतें 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं,जिससे ये निवेश का एक आकर्षक विकल्प बन सकता है।

# चावल सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़ चीनी-दालों में नरमी

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के दाम टूट गए जबकि गेंहू की कीमतों में स्थिरता रही। चीनी सस्ती और गुड़ महंगा हुआ। दालों में भी नरमी रही। वहीं खाद्य तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 19 रुपए घटकर 3,805.37 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गयी। गेहूं 2,839.49 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा 11 रुपए चढ़कर 3,301.10 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। सरसों तेल औसतन 112 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल करीब 168 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। सोया तेल करीब 14 रुपए चढ़ा, जबकि वनस्पति छह रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। सूरजमुखी तेल 16 रुपए और पाम ऑयल करीब 29 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। दाल-दलहनों में मसूर दाल में औसतन 30 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। चना दाल 30 रुपए प्रति क्विंटल टूट गया। तुअर दाल 107 रुपए प्रति क्विंटल और दाल मूंग आठ रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट में रही। उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा सस्ती हुई। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब नौ रुपए प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी आठ रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन : दाल चना 7916.04, मसूर काली 8081.89, मूंग दाल 10125.94, उड़द दाल 10452.70, अरहर दाल 10839.79 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.49 रुपए और चावल 3805.37 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4275.77 और गुड़ 4938.78 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17660.97 रुपए, मूंगफली तेल 17681.91 रुपए, सूरजमुखी तेल 15286.49 रुपए, सोया रिफाइंड 13800.12 रुपए, पाम ऑयल 12254.80 रुपए और वनस्पति तेल 14502.00 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेटियों के..** सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की एकता ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। ऑपरेशन सिंदूर जवानों के पराक्रम का वो पल और आज किसानों को प्रणाम करने का अवसर मिला है। काशी में शनिवार को एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी के विकास का मंत्र है, जो जितना पिछड़ा उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता। इस महीने केंद्र सरकार ने एक और नई योजना को मंजूरी दी है, जिसका नाम है प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये किसानों के कल्याण के लिए खर्च किए जाएंगे। देश के ऐसे जिले जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए थे। उन जिलों पर प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का फोकस होगा। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी करने के बाद ये बात कही। जब काशी से धन जाता है, तो अपने आप प्रसाद बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में 2200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। पीएम ने कहा कि आज काशी में 2 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। वाराणसी के मंच से पीएम मोदी ने कहा कि काशी में गंगाजल लेकर जाते हुए शिवभक्तों की दिव्य तस्वीरें देखने का अवसर मिल रहा है, खासकर सावन के पहले सोमवार को जब हमारे बंधु बाबा का जलाभिषेक करने निकलते हैं, यह बहुत ही मनोरम दृश्य होता है। डमरू की आवाज से अद्भुद भाव पैदा होता है। मेरी भी बहुत इच्छा थी कि सावन के पवित्र महीने में बाबा विश्वनाथ और मार्कंडेय महादेव के दर्शन करूं। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव का जयकारा भी लगाया।

**ईसी पर...** (ईसी)का अस्तित्व खत्म हो चुका है और वह गायब हो गया है। चुनाव आयोग से मिले दस्तावेजें का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने यह पता लगाया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 6.5 लाख मतदाताओं में से लगभग 1.5 लाख मतदाता फर्जी थे। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को नष्ट कर दिया गया है और उस पर कब्जा कर लिया गया है, लेकिन हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का अस्तित्व ही नहीं है, यह गायब हो गया है। इस सबूत को खोजने में हमें लगातार छह महीने लगे हैं। आप बिना किसी संदेह के देखेंगे कि कैसे एक लोकसभा चुनाव चुराया जाता है। 6.5 लाख मतदाता वोट देते हैं और उनमें से 1.5 लाख मतदाता फर्जी होते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें 2014 से ही कुछ गड़बड़ होने का संदेह था। गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में अपनी हार के बाद चुनावी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी, जहां विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले एक करोड़ नए मतदाता सामने आए, जिन्होंने भाजपा को वोट दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव में मुझे पहले से ही शक था, बड़ी जीत हासिल करने की यह क्षमता। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश या गुजरात में एक भी सीट नहीं मिली, जिससे मैं हैरान था। फिर, महाराष्ट्र में कुछ हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में हम चुनाव जीते। फिर चार महीने बाद हम न सिर्फ हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। तीन मजबूत पार्टियां अचानक गायब हो गईं। हमने चुनावी गड़बड़ियों की गंभीरता से जांच शुरू की और पाया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को गए।

**उत्तराखंड के...** में शुक्रवार रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है। बीते दिन सुबह बालटाल रूट से यात्रा शुरू की गई थी, लेकिन बाद में बारिश के चलते यात्रा रोक दी गई थी। मौसम विभाग ने शनिवार को असम, मेघालय, सिक्किम, पश्चिम बंगाल में बारिश का रेड अलर्ट और बिहार, अरुणाचल प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली समेत 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

# जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति फेल: महबूबा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 के हटाए जाने के 6 साल पूरे होने से पहले पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह से विफल हो गई है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35। को हटाया गया था। इस पर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त 2019 से पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और आर्टिकल 370 को इस दावे के साथ हटा दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह से विफल रही है।



मुफ्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ी है। उन्होंने सुरक्षा बलों पर जारी कार्रवाई की ओर इशारा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक रूप से हालात खराब हैं। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ्तारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालांकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थिति में आ गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में सांसद व भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उनके मध्य विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

# राज्य के 8 लाख किसानों को 184 करोड़ की सौगात

## गेहूं खरीद पर 20 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस व गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गईः धामी

■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त हुई जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के तहत देश के 9 करोड़ 71 लाख से अधिक किसानों के खातों में कुल 20 हजार 500 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का डिजिटल हस्तांतरण किया। इसके तहत उत्तराखण्ड के 8 लाख 28 हजार 787 लाभार्थी किसान परिवारों को 184.25 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़ीकैंट, देहरादून से इस कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया। योजना की 20वीं किस्त जारी किए जाने के साथ ही उत्तराखंड के किसानों को करीब 3300 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि प्रदान की जा चुकी है।

प्रदेश में किसानों को तीन लाख रुपये तक का ऋण बिना ब्याज के उपलब्ध कराया जा रहा है।

कृषि उपकरण खरीदने के लिए फार्म मशीनरी बैंक योजना के माध्यम से 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। किसानों के हित में नहरों से सिंचाई को पूरी तरह मुफ्त किया गया है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए पॉलीहाउस के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान भी किया गया है। गेहूं खरीद पर किसानों को 20 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस प्रदान करने के साथ ही गन्ने के मूल्य में भी 20 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1200 करोड़ रुपये की लागत से नई सेब नीति, कीवी नीति, 'स्टेट मिलेट मिशन' और 'ड्रैगन फ्रूट नीति' जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया गया है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड को वर्ष 2023-24 में "मिलेट सेक्टर में सर्वश्रेष्ठ प्रदेश" का पुरस्कार हैदराबाद में आयोजित इंटरनेशनल न्यूट्री-सीरियल कन्वेंशन में प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, पूर्व सांसद बलराज पासी, सचिव एस.एन. पाण्डेय, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चौहान व प्रदेशभर से आए किसान उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री धामी ने विकास कार्यों की झड़ी लगाई

# जोशीमठ आपदा से लेकर पेयजल तक खोला खजाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य विकास को नई गति देने के लिए करोड़ों की योजनाओं को हरी झंडी दी है। चमोली जनपद के जोशीमठ आपदा प्रभावित क्षेत्र के स्लोप स्टेबिलाइजेशन के लिए 516 करोड़ की भारी-भरकम योजना को मंजूरी देते हुए प्रथम किस्त के रूप में 40 करोड़ रुपये की धनराशि जारी करने का निर्णय लिया गया है।

## महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का दिया तोहफा

देहरादून। सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए पाँचवें वेतनमान को 455 से बढ़ाकर 466 प्रतिशत और छठे वेतनमान को 246 से बढ़ाकर 252 प्रतिशत करने की स्वीकृति दी है। यह दरें 1 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगी। मुख्यमंत्री के इन फैसलों से जहां विकास कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी, वहीं सरकारी कर्मचारियों के चेहरे पर भी मुस्कान लौटेगी।

इसी के साथ केंद्र पोषित जल जीवन मिशन के तहत राज्य में जारी कार्यों की रफ्तार बनाए रखने के लिए 200 करोड़ की धनराशि पुनर्विनियोग के माध्यम से अवमुक्त की जाएगी। नगर निकायों को भी बड़ी सौगात मिली है। प्रदेश के 52 स्थलों पर देवभूमि रजत जयंती पार्क बनाए जाने को 40.49 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उत्तराखण्ड पेयजल निगम को विभिन्न परियोजनाओं के लिए 3.50 करोड़ और जल संस्थान को 1.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। टिहरी जनपद के नरेंद्र नगर विधानसभा तहत रामझूला सेतु की मजबूती और सुरक्षा के लिए भी 11 करोड़ की योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है।

## बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक बढ़ा

**देहरादून।** भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को दिए जाने वाले वार्षिक पारिश्रमिक को 6000 से बढ़ाकर 12000 कर दिया है। साथ ही, बीएलओ पर्यवेक्षकों को दी जाने वाली राशि 12000 से बढ़ाकर 18000 प्रति वर्ष कर दी गई है। आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के लिए बीएलओ को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि भी एक हजार से बढ़ाकर दो हजार कर दी है। इसके अलावा, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के रूप में कार्य कर रहे उपजिला मजिस्ट्रेटों को अब तीस हजार वार्षिक मानदेय दिया जाएगा, जबकि सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के रूप में कार्यरत तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को 25000 रुपये वार्षिक दिए जाएंगे।

# तीन दिन बाद केदारनाथ यात्रा हुई शुरू

## सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच मोटरमार्ग बनाया गया पैदल आवाजाही लायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बीते तीन दिनों से बंद पड़ी केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा सुचारू हो गई है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच मोटरमार्ग का जो हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, उसे पैदल आवाजाही लायक बनाया गया है, जिससे यहां पर यात्रियों की पैदल आवाजाही करवाई जा रही हैं। मोटरमार्ग अभी भी वाहनों के लिये बंद है और मार्ग को पूरी तरह से खोलने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को लगभग एक हजार यात्रियों को केदारनाथ धाम भी भेजा गया।



दरअसल, बीते मंगलवार देर सायं सोनप्रयाग-गौरीकुण्ड मोटरमार्ग मुनकटिया के निकट ध्वस्त हो गया था। यहां पर राजमार्ग का 150 मीटर हिस्सा ढह गया, जिसके बाद प्रशासन को यात्रा रोकनी पड़ी। ऐसे में सोनप्रयाग से किसी भी यात्री को केदारनाथ नहीं भेजा गया। केदारनाथ धाम से लौट रहे तीर्थ यात्रियों का एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर सोनप्रयाग पहुंचा। दो दिनों तक यह रेस्क्यू अभियान चला। केदारनाथ यात्रा मार्ग सोनप्रयाग-गौरीकुण्ड के बीच लगातार धंस रहा है, वहीं मुनकटिया के पास पैदल मार्ग पर भूस्खलन जारी है। एनएच विभाग की ओर से राजमार्ग को पैदल आवाजाही लायक बनाने के बाद शनिवार से यात्रा सुचारु की गई है। जिसके बाद धाम जाने वाले यात्रियों ने भी राहत की सांस ली है। वहीं दूसरी ओर सोनप्रयाग-गौरीकुंड के बीच भी यात्रियों को पैदल ही चलना पड़ेगा, जिसके बाद धाम तक यात्रियों को 22 किमी का पैदल सफर तय करना होगा।

पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुए स्थल पर वाहनों के आवागमन शुरू होने तक श्रद्धालुओं को तकरीबन 22 किमी पैदल केदारनाथ धाम की यात्रा करनी होगी। बारिश होने की दशा में यहां पर यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवागमन को अस्थाई तौर पर रोका जाएगा। उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही अपनी यात्रा करें। बताया कि राजमार्ग कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है, जिससे सोनप्रयाग से यात्रियों के ग्रुप को गौरीकुण्ड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा जा रहा है।

# राज्य सहकारी संघ व श्रीदरबार साहिब के बीच होगा एमओयू

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य में सहकारी क्षेत्र को और सशक्त, समावेशी व आत्मनिर्भर बनाने को लेकर उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ व उत्तराखंड रेशम फेडरेशन व श्रीदरबार साहिब, देहरादून के मध्य एमओयू होने जा रहा है। जिसके तहत श्रीदरबार साहिब की परिसम्पत्तियों का जनहित में उपयोग कर विभिन्न कृषि परियोजनाएं संचालित की जायेगी। इस समझौते के तहत पारंपरिक उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराया जायेगा साथ ही आधुनिक कृषि, महिला सशक्तिकरण और जैविक विकास के क्षेत्र में भी काम किया जायेगा।इसको लेकर उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ एवं रेशम फेडरेशन के प्रबंध निदेशक आनंद शुक्ल ने श्रीदरबार साहिब के महंत देवेंद्र दास के समक्ष प्रस्तावित योजनाओं का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। जिस पर उन्होंने अपनी सहमति देते हुये इसे सामाजिक उत्थान के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### संयुक्त प्रयास से सहकारिता को मिलेगा नया आयाम

इस समझौते के तहत उत्तराखंड रेशम फेडरेशन के पारंपरिक उत्पादों रेशमी शॉल, टोपी, मफलर, गाउन इत्यादि को श्रीदरबार साहिब के तहत संचालित चिकित्सा एवं शैक्षणिक संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में उपयोग किए जाएंगे। साथ ही, इन संस्थानों में इन उत्पादों के बिक्री केंद्र (आउटलेट) भी खोले जाएंगे, जिससे स्थानीय महिला समूहों, बुनकरों व कारीगरों को स्थायी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

"उत्तराखंड की सहकारी व्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए हमें नवाचार, साझेदारी और संसाधनों के समुचित उपयोग की आवश्यकता है। गुरु राम राय विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक-सामाजिक संस्थान के साथ यह साझेदारी केवल एक समझौता नहीं, बल्कि एक नवीन सहकारी दर्शन का आरंभ है। इस परियोजना से हम महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, किसानों को तकनीकी रूप से दक्ष, और युवाओं को उद्यमशीलता की राह पर अग्रसर करने जा रहे हैं। मेरा विश्वास है कि यह मॉडल पूरे देश में सहकारी विकास की एक नई प्रेरणा बनेगा.... **डॉ. धन सिंह रावत, सहकारिता मंत्री उत्तराखंड'**

**आधुनिक कृषि प्रशिक्षण केंद्र और बहुआयामी कृषि मॉडल का निर्माण:** समझौते के तहत श्रीदरबार साहिब की अप्रयुक्त परिसंपत्तियों पर मॉडर्न एग्रीकल्चर ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जायेगी, इसके अंतर्गत कई बहुआयामी कृषि परियोजनाएं प्रस्तावित हैं जिनमें ऑर्गेनिक फार्मिंग और अरोमा फार्मिंग, फ्लोरीकल्चर (फूलों की खेती) व हॉर्टिकल्चर (बागवानी), मशरूम फार्मिंग, बी-कीपिंग (मधुमक्खी पालन),सीबी प्लांट, पॉलीहाउस, और एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट्स एवं अन्य कृषि आधारित प्रशिक्षण व उत्पादन गतिविधियां शामिल है। परियोजना के माध्यम से किसानों, महिलाओं और युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जायेगा साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और आधुनिक कृषि उद्यमी बनने की दिशा में प्रेरित किया जायेगा।

# नवजात शिशु के लिए मां का दूध अमृत के समानः डॉ. मनोज

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह के अवसर पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश ने शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रायवाला में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु व माताएं, एएनएम एवं आशा कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में स्तनपान के महत्व, सही समय एवं सही तरीके के बारे में लाभार्थियों को जानकारी दी गयी।



इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि नवजात शिशु के लिए मां का दूध अमृत के समान होता है। जन्म के तुरंत बाद शिशु को मां का दूध पिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्तनपान से ना सिर्फ शिशु को सम्पूर्ण पोषण मिलता है बल्कि स्तनपान से शिशु मृत्यु दर में भी भारी कमी लायी जा सकती है। इस अवसर पर हेल्थी बेबी शो का भी आयोजन किया गया। स्वस्थ बच्चों एवं उनकी माताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा उपहार भी दिये गये। इस अवसर पर एम्स निदेशक डॉ मीनू सिंह, डीन डॉ जया चतुर्वेदी, एम्स चिकित्सा अधीक्षक, प्रास्वाकेन्द्र रायवाला के नोडल अधिकारी डॉ अमित बहुगुणा आदि उपस्थित रहे।

# आंचल की जीत से दून में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून पीजी पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की छात्रा आंचल फर्सवाण ने मिस उत्तराखण्ड कॉर्सट में रनर अप का खिताब जीतकर पूरे दून का नाम रोशन कर दिया। इस शानदार सफलता के बाद कॉलेज में उनका स्वागत किया गया। हर चेहरा गर्व से खिला, हर आंखों में खुशी की चमक थी।



इस प्रतियोगिता का आयोजन सिनमिट कम्युनिकेशन की ओर से किया गया था, जिसमें आंचल ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व से निर्णायकों का दिल जीत लिया। कॉलेज परिसर तालियों से गूंज उठा जब निदेशक डॉ. सजय चौधरी ने आंचल को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, आंचल की सफलता न केवल कॉलेज बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा है। बीपीटी अंतिम वर्ष की छात्रा आंचल का परिवार भी इस सफलता से गदगद है। उनके पिता सुबेदार रविन्द्र सिंह फर्सवाण (सेवा. निवृत्त, 14 गढ़वाल राइफल्स) और माता शांति देवी ने कहा कि आंचल ने बचपन से ही अनुशासन और मेहनत को जीवन का मूलमंत्र बनाया है। आंचल ने मंच से कहा, इस मुकाम तक पहुंचने में मेरे परिवार और कॉलेज का पूरा सहयोग रहा। मैं आगे चलकर स्वास्थ्य सेवा में अपना योगदान देना चाहती हूं, साथ ही मॉडलिंग और सामाजिक सेवा में भी सक्रिय रहना मेरा सपना है। कॉलेज के छात्र-छात्राएं और स्टाफ ने मिठाइयों के साथ आंचल को बधाई दी। एक साधारण छात्रा से मंच की रौनक बनने तक का आंचल का यह सफर कई युवाओं को अपने सपनों के पीछे दौड़ने की प्रेरणा देता है।

# पर्वतारोहण-स्कीइंग में भविष्य संवारें, फीस देगी सरकार

■ उत्तराखंड पर्यटन विभाग की अनोखी पहल, साहसिक खेलों में ट्रेनिंग के लिए मिलेगी फीस की पूरी वापसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अब उत्तराखंड के युवाओं के लिए पर्वतारोहण, स्कीइंग और माउंटेन बाइकिंग (एमटीबी) जैसी साहसिक गतिविधियों में करियर बनाना होगा आसान। राज्य सरकार ने युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव पर्यटन धीराज सिंह गर्ब्याल ने जानकारी दी कि जो युवा बेसिक, इंटरमीडिएट और एडवांस साहसिक कोर्सों में प्रशिक्षण लेंगे और अल्फा ग्रेड प्राप्त करेंगे, उन्हें कोर्स की पूरी फीस सरकार वापस करेगी। इन कोर्सों की फीस 25,000 से 30,000 तक होती है, जिसे अब सफल प्रतिभागियों को खुद वहन करने की जरूरत नहीं होगी। वे पहले प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, फिर फीस भरने की रसीद और ग्रेड प्रमाणपत्र जिला पर्यटन अधिकारी को सौंपेंगे। जिला स्तर से जांच के बाद पर्यटन परिषद मुख्यालय देहरादून की और से सीधी राशि युवाओं के खातों में भेजी जाएगी। सितंबर 2025 से मार्च 2026 तक के दौरान प्रशिक्षण लेने वाले युवा इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## मान्यता प्राप्त देश के 6 संस्थानों में कराए जा रहे हैं कोर्स

**देहरादून।** नेहरू पर्वतारोहण संस्थान, उत्तरकाशी (उत्तराखंड), अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं स्कीइंग संस्थान, मनाली (हिप्र), हिमालयन पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग (प. बंगाल), जवाहर पर्वतारोहण संस्थान, जम्मू-कश्मीर, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्की एंड माउंटेनियरिंग, गुलमर्ग (जम्मू-कश्मीर), नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स, अरुणाचल प्रदेश में चलेंगे कोर्स।

# स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को कसी कमर, आयुक्त बनाने पर विचार

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रमुख सचिव ने मांगा स्वास्थ्य विभाग से प्रस्ताव

**देहरादून।** प्रदेश में हाल में घटित घटनाओं का संज्ञान लेते हुए प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव करने की तैयारी कर रही है। सरकार स्वास्थ्य आयुक्त से लेकर मेडिकल कॉलेजों में एम्स की तर्ज पर डिप्टी डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन पद सृजित करने की कार्यवाही पर विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर शनिवार को प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री आर.के. सुधांशु ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव और उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर, हाल में घटित घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए, किसी प्रकार की लापरवाही और अव्यस्था के लिए सर्वसंबंधित की जिम्मेदारी तय करते हुए विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने सभी जिला चिकित्सालयों सहित महत्वपूर्ण चिकित्सालयों में एक हेल्पडेस्क बनाने के निर्देश दिए। इन हेल्पडेस्क पर अनिवार्य रूप से पीआरओ की उपस्थिति रहेगी, जो मरीजों और उनके तीमारदारों को सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन के जरिए जिला चिकित्सालय एवं उप-जिला चिकित्सालयों में एक जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी की तैनाती रोस्टर के आधार पर करने के निर्देश दिए। विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में डिप्टी डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन की आवश्यकता पर विचार करते हुए, एम्स के मॉडल का परीक्षण कर लिया जाए। उन्होंने चिकित्सालयों में भीड़ नियंत्रित करने के लिए अस्पतालों में होने वाली भीड़ और मरीजों की सुविधा व्व्क् आदि की ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग के लिए सुदृढ़ सिस्टम भी विकसित किया जाएगा। बैठक में सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. शिखा जंगपांगी, निदेशक, चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने परिवारवाद की राजनीति से की तौबा

## युवा और शिक्षित चेहरों को चुनने में दी तरजीह, पंचायती अखाड़े में निर्दलीयों का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजे आ चुके हैं, और इन परिणामों ने सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्ष, कांग्रेस, दोनों के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। इन चुनावों की सबसे बड़ी कहानी निर्दलीय प्रत्याशियों की दमदार मौजूदगी रही, जिन्होंने कई सीटों पर किंगमेकर की भूमिका निभाई। वहीं, ग्रामीण मतदाताओं ने परिवारवाद की राजनीति को करारा जवाब देते हुए युवा और शिक्षित चेहरों को तरजीह दी है।

उत्तराखंड में संपन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजों ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। गुरुवार से शुरू हुई मतगणना में अब सभी चुनाव परिणाम सामने आ चुके हैं, जिसमें सबसे चौंकाने वाली बात जिला पंचायत सदस्य के पदों पर निर्दलीयों की अप्रत्याशित जीत है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिला पंचायत सदस्य की कुल 358 सीटों में से 145 पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने कब्जा जमाया है। सत्ताधारी भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को 121 सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी केवल 92 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाए। यह स्थिति 2019 के पंचायत चुनाव से मिलती-जुलती है, जब भी निर्दलीयों ने भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले बाजी मारी थी। तब करीब 150 निर्दलीय जीते थे, जबकि भाजपा को 125 और कांग्रेस को 88 सीटें मिली थीं। इस बार निर्दलीयों का प्रदर्शन लगभग वैसा ही रहा है, जो दर्शाता है कि ग्रामीण मतदाताओं का रुझान अब किसी एक दल की ओर नहीं, बल्कि स्वतंत्र चेहरों की ओर अधिक है।

### युवाओं को मौका, परिवारवाद को झटका

इस चुनाव की एक अहम खूबी यह रही कि ग्रामीण मतदाताओं ने अपने आशीर्वाद से युवा, शिक्षित और उत्साही लड़के-लड़कियों की झोली भर दी। लेकिन इन परिणामों का सबसे बड़ा संदेश भाजपा के लिए है, जहां मतदाताओं ने परिवारवाद की राजनीति को गहरी चोट पहुंचाई है। भाजपा के कई नेताओं की अपने पुत्र, पत्नी या अन्य परिजनों को चुनाव लड़ाने की जिद ने पार्टी के बाकी उम्मीदवारों को गुस्से से भर दिया, जिसका खामियाजा पार्टी को कई सीटों पर उठाना पड़ा। कुछ ने तो बागी होकर खम ठोक दिया, जबकि बाकियों ने अंदरूनी तौर पर पार्टी के उम्मीदवारों को नुकसान पहुंचाया।

### भाजपा के लिए भविष्य का संकेत

इन चुनाव परिणामों से यह स्पष्ट हो रहा है कि ग्रामीण इलाकों में भाजपा जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विशेष गुस्सा पनप रहा है। परिवारवाद के खिलाफ यह आक्रोश विशेषकर भाजपा के खिलाफ मुखर होकर सामने आया है, जो भविष्य के बड़े खतरे की ओर भी इशारा कर रहा है। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता हनी पाठक ने बताया, चुनावी नतीजे से बिल्कुल स्पष्ट है कि जनता का प्रदेश की भाजपा सरकार में अटूट विश्वास कायम है। वहीं, कांग्रेस की प्रदेश मुख्य प्रवक्ता गरिमा महारा दसोनी ने पलटवार करते हुए कहा, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नतीजे ने भारतीय जनता पार्टी की नींद हराम कर दी है। भाजपा को अब तस्वीर साफ नजर आ रही है कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस प्रदेश की जनता उनका क्या हश्र करने वाली है।

# 'रुपये दोगुना कर देंगे तुम्हारे'

## लालच के जाल में फांसकर तीन लोगों ने लगाया लाखों का चूना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** तीन व्यक्तियों ने 18 माह में धन दोगुना करने का लालच देकर दो युवकों से 66 लाख 64 हजार 973 रूपये रुपये हड़प लिये। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। प्रभात कालोनी निवासी अंशुल गुप्ता पुत्र रामेन्द्र प्रकाश गुप्ता तथा थाना साबिक निवासी विवेक सक्सेना पुत्र प्रदीप कुमार सक्सेना ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर बताया कि बीती 31 मई 2021 को शिवम वाजपेई व रजत वाजपेई पुत्र उमेश चन्द्र वाजपेई, उमेश चन्द्र वाजपेई पुत्र राम औतार शास्त्री निवासीगण आरटीसी हेमपुर, गौशाला, काशीपुर उनके स्टेडियम के पास स्थित इनोटेक पॉल्यूशन चैकिंग सेन्टर पर अपने वाहन की प्रदूषण की जांच करने आये थे।

उपरोक्त तीनों व्यक्तियों ने अपने को फोरेक्स फॉर यू नामक कम्पनी का डायरेक्टर बताते हुए उनसे उक्त कम्पनी में रकम इन्वेस्ट करने को कहा और उन्हें बताया कि हमारी उक्त कम्पनी में 1 साल में जो भी रकम किसी व्यक्ति द्वारा इन्वेस्ट की जाती है, कम्पनी अगले डेढ़ साल में उस रकम का दोगुना भुगतान वापस करती है।

अंशुल व विवेक ने बताया कि उक्त तीनों व्यक्तियों की बात पर विश्वास कर वे रकम इन्वेस्ट करने को तैयार हो गये, तब उपरोक्त तीनों व्यक्तियों ने उनसे कहा कि 01 अगस्त 2021 से 31 मार्च 2023 तक वित्तीय वर्ष के समापन की तिथि तक आपके द्वारा जो रकम उक्त कम्पनी में इन्वेस्ट की जायेगी हम उस रकम की दोगुनी रकम आपको वापस करेंगे। इस प्रकार उपरोक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा खुद को एक फर्जी कम्पनी फोरेक्स फॉर यू का डायरेक्टर बताते हुए उन्हें रकम इन्वेस्ट करने को कहा। अंशुल व विवेक ने बताया कि इस पर अंशुल गुप्ता ने विभिन्न तिथियों पर कुल 12 लाख 09 हजार 500 रुपये इन्वेस्ट किये तथा विवेक सक्सेना ने विभिन्न तिथियों पर कुल 54 लाख 55 हजार 473 रुपये उक्त कम्पनी में इन्वेस्ट करने के लिए जमा किये। जब उपरोक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा बताई गई तिथि 31 मार्च 2023 की समयावधि पूरी होने के बाद उन्होंने इन लोगों से अपने द्वारा उक्त कम्पनी में इन्वेस्ट की गई रकम की दोगुनी रकम वापस लेने के लिए सम्पर्क किया तो यह लोग जल्द ही भुगतान करने का वादा देकर उन्हें टालते रहे और अब उनसे सम्पर्क नहीं कर रहे हैं, ना ही उनके फोन उठाते हैं। अंशुल व विवेक ने बताया कि उनकी जानकारी में आया है कि यह लोग विदेश भागने की तैयारी में है। उन्होंने बहुत मुश्किल से व रिश्तेदारों से उधार लेकर उपरोक्त रकम इन लोगों के कहने पर उक्त कम्पनी में इन्वेस्ट की है। उपरोक्त तीनों व्यक्तियों ने खुद को फर्जी फोरेक्स फॉर यू नामक कम्पनी का डायरेक्टर बताकर दोनों की कुल 66 लाख 64 हजार 973 रूपये की रकम हड़प कर उनके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने उक्त तीनों लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अंशुल व विवेक की तहरीर के आधार पर शिवम, रजत व उमेश चंद्र वाजपेई के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कटोराताल चौकी इंचार्ज बिपुल चंद्र जोशी के सुपुर्द की है।

# दहेज प्रताड़ना का आरोप पत्र हाईकोर्ट में खारिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** काशीपुर निवासी ऋतु भटनागर पुत्री श्याम नारायन भटनागर का विवाह इसी शहर के मौहल्ला काजीबाग निवासी मनीष कुमार भटनागर पुत्र शिवेन्द्र प्रसाद भटनागर के साथ 02 दिसम्बर 2003 को हुआ था। बताया गया कि 18 जून 2015 को जब पति व सास इलाज के लिये दिल्ली गये थे और ससुर तहसील गये थे, तब ऋतु भटनागर दोनों बच्चों को अपने साथ लेकर ससुराल से रहस्यमय ढंग से गायब हो जाती है। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके ससुर शिवेन्द्र प्रसाद द्वारा कटोराताल चौकी, काशीपुर में दर्ज कराई गई। अचानक 1 जुलाई 2015 को ऋतु भटनागर दोनों पुत्रों के साथ एसएसपी कार्यालय, रूद्रपुर में उपस्थित होकर अपने सास-ससुर व पति के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, मारपीट और गाली-गलौच के आरोप लगाती हैं, जिसके बाद संबंधित विवेचना अधिकारी द्वारा पुनः विवेचना किये जाने के उपरान्त ऋतु भटनागर व उसके मायके वालों द्वारा दर्ज कराये गये दहेज प्रताड़ना, मारपीट व गाली-गलौच के बयानों के आधर पर सास-ससुर व पति के विरुद्ध धारा 498 (ए), 323, 504 आईपीसी के अर्न्तगत एसीजेएम काशीपुर के यहां आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया गया। उक्त आरोप पत्र को ऋतु भटनागर के सास-ससुर व पति द्वारा जीसी लक्चौरा एडवोकेट के माध्यम से उच्च न्यायालय, नैनीताल में चुनौती दी गई, जहां उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा ऋतु भटनागर की ओर से अपने ससुराल पक्ष पर लगाये गये दहेज प्रताड़ना, मारपीट एवं गाली-गलौच के समस्त आरोपों को निराधार पाते हुए संबंधित विवेचना अधिकारी की ओर से धारा 498 (ए), 323, 504 आईपीसी के अर्न्तगत दाखिल चार्जशीट एवं एसीजेएम काशीपुर के यहां से जारी समनिंग ऑर्डर को उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा निरस्त कर दिया गया।

## एक नजर

### बसभीड़ा में सीएचसी खोलने की उठी मांग

**अल्मोड़ा।** बसभीड़ा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मांग तेज हो गई है। अस्पताल खोलने की मांग को लेकर अब क्षेत्रीय जनता ने जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय से मांग की है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि चौखुटिया ब्लाक के द्वाराहाट और चौखुटिया बाजार तक घने आबादी क्षेत्र है। इस क्षेत्र में करीब 15 से अधिक गांव पड़ते हैं। लेकिन इस बीच में कही भी अस्पताल नहीं होने से क्षेत्रवासी परेशान हैं। छोटी-छोटी बीमारी के उपचार को भी मरीजों को 20 किलोमीटर तक की दौड़ लगानी पड़ती है। ऐसे में खासकर इमरजेंसी के समय कई तरह की दिक्कतें लोगों को झेलनी पड़ती है। जबकि कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने से मरीज की जान तक में अफत बन आती है। लोगों ने क्षेत्र वासियों की समस्याओं को देखते हुए। बसभीड़ा के आसपास अस्पताल खोलने की मांग उठाई है। यहां जगदीश चंद्र पांडेय, राधा पांडेय आदि शामिल रहे।

### कहानी संग्रह उलझते धागे का विमोचन

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड के विभिन्न राजकीय इंटर कालेजों में सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक हरिशंकर शर्मा की कहानी संग्रह उलझते धागे कहानी संग्रह पुस्तक का विमोचन हो गया है। प्रकाशन के बाद उन्होंने राजकीय इंटर कालेज कमलेश्वर के पुस्तकालय को निःशुल्क प्रतियां उपलब्ध कराई है। राजकीय इंटर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल शर्मा को इस साहित्यिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि नव प्रकाशित संग्रह की प्रतियां विद्यालय की पुस्तकालय को निशुल्क प्रदान की गई हैं। विद्यालय के संरक्षक राजेन्द्र सिंह बिष्ट जी ने कहा उलझते धागे न केवल एक उत्कृष्ट साहित्यिक रचना है, बल्कि यह विद्यार्थियों को सामाजिक यथार्थ से जोड़ने वाली प्रेरणादायक कहानियों का संग्रह भी है। कहा कि विद्यार्थियों की साहित्यिक अभिरुचि को बढ़ावा मिलेगा एवं वे समकालीन रचनात्मक लेखन से परिचित हो सकेंगे। यहां पुस्तकालय प्रभारी रेणुका जोशी, संगीता पंत, गणेश जोशी, प्रीतिका भटनागर, डा. इंद्रा बिष्ट रहे।

### नर्सिंग और जीएनएम की परीक्षा संपन्न

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय में नर्सिंग और जीएनएम की प्रवेश परीक्षा नगर के परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई। दो पालियों में 756 अभ्यर्थियों ने बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, पीबीबीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा। 26 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विवि के अंतर्गत संचालित बीएससी नर्सिंग और जीएनएम पाठ्श्क्रमों की प्रवेश परीक्षा शनिवार को हुई। राजकीय नर्सिंग कालेज और सोबन सिंह जीना राजकीय इन्स्टीटयूट ऑफ मेडिकल सांइस एण्ड रिसर्च को परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में प्रवेश परीक्षा हुई। दोनों केंद्रों में पहली पाली में बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 510 परीक्षार्थियों में से 496 ने परीक्षा दी, जबकि 14 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में जीएनएम में 269 परीक्षार्थियों में से 257 ने परीक्षा दी। यहां 12 अनुपस्थित रहे। एसएसजे मेडिकल कॉलेज में पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में तीन परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा के साथ संपन्न हुई।

### नियमों के उल्लंघन पर 59 चालकों पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** स्कूली बच्चों के आवागमन को सुरक्षित बनाने के उददेश्य से परिवहन विभाग की ओर से शनिवार को जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान 59 वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते मिले। सभी वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान मानक पूर्ण नहीं मिलने पर स्कूल बस समेत 04 वाहनों को भी सीज किया गया। आरटीओ अनीता चंद ने बताया कि आगामी 3 अगस्त तक स्कूल वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। अभियान के तहत स्कूल बसों में ओवरलोडिंग, सभी प्रपत्रों की जांच, चालक के लाइसेंस तथा स्कूल वाहन के मानक की जांच की जा रही है। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### पीएम किसान सम्मान निधि जारी

**बागेश्वर।** बागेश्वर में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी करने के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने अधिक से अधिक किसानों से योजना का लाभ लेने को कहा। कार्यक्रम में किसानों को निधि से जुड़ने की भी जानकारी दी गयी। इसी क्रम कृषि विज्ञान केंद्र काफलीगैर में अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। किसानों से योजना का लाभ लेने को कहा।

### अध्यक्ष पदों पर आरक्षण निर्धारित

**बागेश्वर।** जिला पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु अनन्तिम आरक्षण निर्धारित किया गया है। जनपद बागेश्वर में जिला पंचायत अध्यक्ष पद महिला (अनुसूचित जाति) हेतु आरक्षित किया गया है। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट आशीष भटगांई ने बताया कि अनन्तिम प्रस्ताव के विरुद्ध किसी भी हितबद्ध व्यक्ति लिखित आपत्ति चार अगस्त तक सुबह साढ़े नौ बजे से शाम छह बजे तक सचिव पंचायतीराज विभाग, उत्तराखण्ड शासन, कक्ष संख्या-19, सोबन सिंह जीना भवन, सचिवालय परिसर, 4-सुभाष मार्ग, देहरादून में प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण पांच अगस्त व छह अगस्त को आरक्षण का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनन्तिम आरक्षण प्रस्ताव के विरुद्ध आपत्तियां प्राप्त करने की निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# किसानों के खाते में पहुंची किश्त




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** रामगढ़ विकासखंड कार्यालय पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के हस्तांतरण के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान, किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से सीधे प्रसारण के माध्यम से जोड़ा गया, जो काशी से प्रसारित हो रहा था। कार्यक्रम में विकासखंड प्रभारी अफरोज अहमद ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही, उद्यान विभाग के कुंदन सिंह रसीला ने उद्यान विभाग की योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया। पशुपालन विभाग से चंद्रशेखर सवाल, सहायक खंड विकास अधिकारी शमीम अहमद, सहायक कृषि अधिकारी आकांक्षा नायक, मीनाक्षी रावत, गोविंद सिंह अधिकारी, बच्ची सिंह नेगी, शंकर लाल, गुड्डी देवी, प्रियंका आर्य सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का विरोध

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का माले ने फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** कार रोड चौराहा बिंदुखत्ता में भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने अमेरिका द्वारा भारतीय सामान पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने और मोदी सरकार के समर्पण के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला दहन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने अमेरिका के सामने समर्पण कर दिया है।




उन्होंने इसे देश की संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कहा कि यह कदम भारत की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। भाकपा (माले) के नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पांडे ने भी मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि अगस्त का महीना भारत की आज़ादी और भारत छोड़ो आंदोलन का महीना है। इस महीने में जब ट्रम्प भारत की संप्रभुता और आज़ादी का अपमान कर रहे हैं, तब मोदी सरकार चुप है। उन्होंने सरकार से अपील की कि अमेरिका से व्यापारिक समझौते रद्द किए जाएं और अमेरिका के सामान पर भी टैरिफ लगाया जाए। भाकपा (माले) ने एक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर भारत की मांग की और कहा कि ट्रम्प की ब्लैकमेलिंग के आगे समर्पण नहीं किया जाएगा। इस प्रदर्शन में आनंद सिंह नेगी, डा. कैलाश पांडे, विमला रौथाण, पुष्कर दुबड़िया, नैनसिंह कोरंगा, गोविंद जीना, किशन सिंह बघरी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# पूर्व प्रधान कोरंगा ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर दो के पूर्व ग्राम प्रधान नारायण सिंह कोरंगा ने



कांग्रेस की सक्रिय सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी में लंबे समय से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में काम कर चुके कोरंगा पूर्व में ग्राम सभा एवं क्षेत्र पंचायत का चुनाव जीतकर सराहनी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल वह कोई भी पार्टी जॉइन करने के लिए तैयार नहीं हैं और ना ही उन्होंने पार्टी छोड़ने की कोई वजह बताई है।

# रेलवे स्टेशन पर सफाई अभियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** 15 अगस्त तक चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के पहले चरण के तहत आज लालकुआं रेलवे स्टेशन पर विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 से लेकर 5 तक स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। लालकुआं रेलवे प्राथमिक पाठशाला के बच्चों ने भी इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। बच्चों ने रेल परिसर में यात्रियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और कूड़ा कचरा एकत्र करते हुए सभी को इस महत्वपूर्ण अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ब्रज लाल मीना, वाणिज्य अधीक्षक रवि कुमार, विक्रम पाल सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे। रेलवे अधिकारियों और बच्चों ने मिलकर स्टेशन परिसर में सफाई की और यात्रियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

# नशामुक्त समाज पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नशा मुक्त अभियान के तहत अल्मोड़ा जनपद को नशे की प्रवृतियों से दूर रखने एवं नशा मुक्त बनाने के संबंध में कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में बेस अस्पताल में नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के खोलने एवं उसके संचालन के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। बेस अस्पताल में संकल्प नशा मुक्त देवभूमि ट्रस्ट के द्वारा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र खोलना प्रस्तावित है। केंद्र के खुल जाने से अल्मोड़ा के नशाग्रस्त लोगों को नशे से छुटकारा दिलाने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने संबंधितों को जल्द से जल्द केंद्र के संचालन की शर्तें एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने कहा



कि नशा मुक्ति केंद्र के संबंध में जिस विभाग के जो कार्य होंगे वह जल्द से जल्द पूर्ण करे। उन्होंने कहा कि उक्त संस्था से एमओयू तथा आदि कार्यों की औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएं ताकि आगामी 04 अगस्त को इसका संचालन किया जा सके। बैठक में संस्था एवं विभागों के कार्यों एवं दायित्वों आदि को लेकर भी चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि यह नशा मुक्ति केंद्र राजकीय नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के नाम से संचालित होगा। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुलने से बागेश्वर से लेकर पिथौरागढ़ के लोगों को भी लाभ होगा। यहां सीडीओ रामजी शरण शर्मा, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य सीपी भैंसोड़ा, सीएमओ डा. नवीन चंद्र तिवारी, डीएसडब्ल्यूओ आराधना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# बेडमिंटनः अल्मोड़ा, देहरादून और नैनीताल के खिलाड़ी ने जीते मुकाबले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** योनेक्स सनराइज 24 वीं उत्तराखंड स्टेट जूनियर व सीनियर




बैडमिंटन प्रतियोगता का रविवार को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। विभिन्न वर्गों में अल्मोड़ा, देहरादून और नैनीताल के खिलाड़ी मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचे। जूनियर वर्ग में शनिवार को देहरादून के शशांक रावत ने देहरादून के ही इशान नेगी को 21-13, 21-15, बालिका वर्ग में बानी ने देहरादून की अनुश्री शर्मा को 19-21, 21-18, 21-09, देहरादून की मोक्षिता मनराल ने अग्रिमा डोभाल को 21-13, 21-18, मिक्स डबल्स में अल्मोड़ा के सिद्धार्थ रावत व गायत्री रावत ने देव बर्गली व लावण्या कार्की को 21-16, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। महिला सीनियर मुकाबले में देहरादून की अनुष्का जुयाल ने टिहरी की बानी विल्सन को 21-14, 21-12, अल्मोड़ा की अदिति भट्ट ने नैनीताल की लावण्या कार्की को 21-12, 21-14, पुरुष वर्ग में देहरादून के शौर्य अग्रवाल ने देहरादून के अमन नेगी को 23-21, 21-14, सीनियर मिक्स में अल्मोड़ा के ध्रुव राव व पिथौरागढ़ के एंजल पुनेरा ने नैनीताल के बोधित जोशी व कनक कालीकोटी नैनीताल को 21-14 21-9, नैनीताल के सिद्धार्थ व कनिष्का काण्डपाल ने अल्मोड़ा के जीवन बोरा व अदिति चौधरी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यहां जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, बैडमिंटन एसोसिएसन प्रदेश सचिव बीएस मनकोटी, अरुण बनग्याल, कोच डीके सेन, रामअवतार अग्रवाल, सुरेश कर्नाटक, राकेश जायसवाल, अरुण बनग्याल, गोकुल मेहता, डा. संतोष बिष्ट, संजय नज्जौन, नंदन रावत, डीके जोशी, चंद्रशेखर काण्डपाल, डा. नंदन बिष्ट, दीपक पंत, हिमांशु राज, अरविंद जोशी, राकेश नेगी, अमृतपाल, हरीश अधिकारी, लोकेश नेगी, जीवन बोरा आदि रहे।

# महिला पर बंदरों के झुंड ने किया हमला

**बागेश्वर।** जिले में कटखने बंदरों का आतंक दिनोदिन बढ़ते जा रहा है। अग्निकुंड पुल कालोनी में बंदरों के झुंड ने एक महिला पर हमला कर दिया। हमले में महिला के पांव में नुकीले दांत लगाकर लहूलुहान किया। जिसके बाद महिला को परिजन जिला अस्पताल लाए। यहां चिकित्सकों ने महिला को एंटी इंफेक्शन लगाने के बाद घर भेजा। शनिवार की सुबह अग्नि पुल कालोनी निवासी 47 वर्षीय मंजू जोशी पत्नी ललित मोहन जोशी अपने घर के छत में साफ सफाई कर रही थी। इतने में बंदरों के एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया। हमले में महिला के जांग में बंदरों ने दांत लगाकर लहूलुहान किया। महिला के शोर मचाने के बाद बंदर भागे। इधर परिजन मंजू को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

# परोपकार और मानवता की मिसाल बने सरदार परमजीत पम्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समाज में कुछ लोग अपनी व्यक्तिगत सुविधाओं से ऊपर उठकर दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने का काम करते हैं। ऐसे लोग न केवल परोपकार की मिसाल बनते हैं, बल्कि पूरी समाज को प्रेरित भी करते हैं। कमलुवागांजा गौड़ निवासी सरदार परमजीत पम्मा ने इस उदाहरण को साकार किया है। श्री पम्मा ने अपने घर में कार्यरत नौकर के बेटे का विवाह अपने व्यक्तिगत खर्चे पर धूमधाम से आयोजित कराया। यह विवाह उनके स्वामित्व वाले समरथ गार्डन बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि एक वर्ष पूर्व, पम्मा ने उसी नौकर की बेटी का विवाह भी उसी स्थान पर अपनी ओर से आयोजित किया था।



इन सभी ने दूल्हा-दुल्हन को शुभाशीर्वाद दिया और शगुन स्वरूप लिफाफे भेंट किए। इस तरह के परोपकारी कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आपसी सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा देते हैं। पम्मा का यह कार्य न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि समाज में सेवा, संवेदना और आपसी सहायता से ही सच्ची एकता और सशक्तीकरण संभव है। इस दौरान परोपकारी आयोजन में समाज के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस मौके पर सेवानिवृत्त कैप्टन सोबन सिंह भड़, गिरधर बिष्ट, प्रमोद बुधानी, रमेश बुधानी और सोनू शामिल थे।

# परचून की दुकान में चोरी, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** स्टेडियम के पास एक परचून की दुकान में चोरी हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरु की है। मौहल्ला विजय नगर, नई बस्ती निवासी रमेश कश्यप उर्फ कैलाश कश्यप पुत्र रामकिशोर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह रामनगर रोड पर स्टेडियम के पास, नागन शक्ति मन्दिर के बराबर में एक परचून का खोखा चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गुरूवार 31 जुलाई की सुबह जब वह 8:10 बजे रोजाना की भांति अपनी दुकान पर गया तो देखा कि उसके खोखे का साइड वाला गेट टूटा हुआ है। रमेश ने बताया कि उसने अन्दर घुसकर देखा तो उसका सारा सामान बिखरा पड़ा था, रेक में रखी करीब 55 से 60 सिगरेट की डिब्बियां और गल्ले में रखे करीब 1200-1800 रुपये के सिक्के व इन्वर्टर, फ्रिज में रखी करीब 3 से 4 हेल की केन व करीब 6 से 7 मिरण्डा की केन व 14 से 15 पेप्सी केन तथा कुछ लाईटर, 1 टॉफी का डिब्बा, करीब 60 बिस्कुट के पैकेट, करीब 50-55 तुलसी पान मसाला, 25-30 रजनीगंधा के पीस, गगन गुटके का 1 पैकेट, 1 कुबैर का पैकेट करीब 10-15 नहाने के साबुन, 50-60 बीडी के बण्डल गायब हैं जोकि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिये हैं। रमेश की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) के तहत मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है।

# युवाओं के माध्यम से अंगदान और रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील

## राष्ट्रीय अंगदान दिवस की पूर्व संध्या पर डा. संतोष मिश्र का आग्रह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय अंगदान दिवस की पूर्व संध्या पर, एमबीपीजी के पूर्व प्राध्यापक डा. संतोष मिश्र ने भारतीय रेडक्रॉस समिति उत्तराखंड के महासचिव डा. हरीश चंद्र शर्मा को पत्र भेजकर राज्य के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में संचालित यूथ रेडक्रॉस के युवाओं के माध्यम से रक्तदान के साथ-साथ नेत्रदान, अंगदान और देहदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। डा. मिश्र का मानना है कि युवाओं की सकारात्मक ऊर्जा के बल पर ये जागरूकता अभियान जनसाधारण तक तेज़ी से पहुंच सकता है और समाज में इसका



व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, महासचिव डा. हरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र से यूथ रेडक्रॉस की गतिविधियों में सामाजिक सरोकार से जुड़े इन अभियानों को शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। इसके अलावा, डा. मिश्र ने राज्य सरकार से पहले ही यह अनुरोध किया है कि प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में अंगदान के लिए आधारभूत संरचना तैयार की जाए। महासचिव डा. हरीश चंद्र शर्मा ने बताया कि राज्यपाल के निर्देशों के अनुसार, भारतीय रेडक्रॉस समिति उत्तराखंड ने वर्ष 2024 से राज्य के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और कैम्पसों में यूथ रेडक्रॉस के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस दौरान, 2024 में उत्तराखंड के 7 विश्वविद्यालयों, 116 सरकारी महाविद्यालयों, 10 निजी महाविद्यालयों और 2 कैम्पस सहित कुल 132 उच्च शैक्षणिक संस्थानों में यूथ रेडक्रॉस का पंजीकरण हुआ, जिसमें 4910 छात्रों ने पंजीकरण कराया। यूथ रेडक्रॉस उप समिति द्वारा इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए तीन वर्षीय कोर्स रेडक्रॉस 1, रेडक्रॉस 2, और रेडक्रॉस 3 निर्धारित किए गए हैं, जिसके तहत हर वर्ष के लिए रेडक्रॉस की गतिविधियाँ तय की गई हैं। विभिन्न उच्च शैक्षणिक संस्थानों में इन गतिविधियों का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यालय में नागरिकों द्वारा प्रातः 5.30 बजे और स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा 7.30 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी। प्रातः 9 बजे सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया जाएगा, जबकि कलेक्ट्रेट परिसर में 9.30 बजे झंडा फहराया जाएगा। इस अवसर पर गांधी जी की प्रतिमा और शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम नुमाइश खेत मैदान में आयोजित किया जाएगा, जहां ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके उपरांत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर प्लास्टिक का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर खेल विभाग द्वारा क्रॉस कंट्री दौड़ तथा वन विभाग द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए दायित्व सौंपे। बैठक में परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारी, नवीन परिहार, दलीप सिंह खेतवाल, इंद्र सिंह, भुवन कांडपाल, संजय जगाती, बालादत्त और किशन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# 3 महीने में साफ हो जाएगा ट्रंचिंग ग्राउंड

## बड़ी प्लानिंग: प्लांट लगाकर कूड़े से कोयला बनाएगी एनटीपीसी, 25 साल के लिए होगा करार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम वंदना सिंह ने बताया कि अगले 3 महीने में हल्द्वानी ट्रंचिंग ग्राउंड में पड़े कूड़े को हटाकर खाली 10 एकड़ भूमि में एनटीपीसी को प्लांट लगाए जाने के लिए उपलब्ध करा दिया जाएगा। तीन माह में एनटीपीसी यहाँ प्लांट स्थापित करेगा और प्लांट को एनटीपीसी 25 वर्षो तक चलाएगा। प्रतिदिन कूड़े से कोयला बनाया जायेगा जिसे एनटीपीसी अपने थर्मल पावर प्लांट में उपयोग में लाएगा। वहीं नगर निगम ट्रंचिंग ग्राउंड के निकट विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर क्षेत्र को ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित करेगा। डीएम वंदना सिंह ने शनिवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बनभूलपुरा



रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक गौला नदी से पानी के बहाव से कटाव की रोकथाम के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे सुरक्षात्मक कार्य व रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं सतह सुधारीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि गौला नदी में कभी भी पानी बढ़ सकता है, उस खतरे से बचाव के लिए जो सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे है, इन कार्यों में तेजी लायी जाये ताकि नुकसान को रोका जा सके। उक्त कार्य के संबंध में अधिशासी अभियंता लोनिवि ने बताया कि गौला नदी में सुरक्षात्मक कार्य के लिए हेतु 1 करोड़ 87 लाख 67000 की धनरा. शि से कार्य कराए जा रहे हैं। कार्य को तेजी से कराए जाने के लिए पर्याप्त संख्या में मशीन एवं मैन पावर लगाए गए है। डीएम ने रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक 1 करोड़ 48 लाख 49 हजार की लागत से क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण एवं विस्तारीकरण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए लोनि. वि को कार्य को तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे सुरक्षा को देखते हुए क्रैश बैरियर भी लगाया जाए। इसके बाद डीएम ने ट्रंचिंग ग्राउंड का भी निरीक्षण किया, जिसमें वर्तमान में नगर निगम पुराने कूड़े का निस्तारण करा रहा है। डीएम ने ट्रंचिंग ग्राउंड के भीतर जाकर कराए जा रहे लिगेसी वेस्ट के निस्तारण कार्य का निरीक्षण किया। डीएम ने मौके पर उपस्थित एनटीपीसी के परियोजना प्रबंधक से कूड़े के निस्तारण के लिए लगाए जाने वाले प्लांट की तैयारी की जानकारी ली। एनटीपीसी से आए परियोजना प्रबंधक ने बताया कि उनकी ओर से निरीक्षण कर लिया गया है। पुराने कूड़े के हटते ही प्लांट लगाने की तैयारी कर ली जाएगी। एनटीपीसी द्वारा लगाए जाने वाले प्लांट से प्रतिदिन कूड़े से कोयला बनाया जाएगा जो एनटीपीसी के थर्मल पावर प्लांट में उपयोग में लाया जाएगा। डीएम ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि ट्रंचिंग ग्राउंड में जितना भी पुराना कूड़ा है उसे तेजी से हटाया जाए। डीएम ने कहा कि इस प्लांट के लग जाने से नैनीताल जिले की कूड़े की समस्या के साथ ही आसपास के जनपदों की भी कूड़े की समस्या का समाधान हो सकता है। यह एक बड़ी उपलब्धि होगी जिससे कूड़े की समस्या समाप्त हो जाएगी। डीएम वंदना सिंह ने गौला पुल से नरीमन तिराहे तक राष्ट्रीय राजमार्ग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान अवगत कराया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत गौला पुल से नरीमन तिराहे तक सड़क सुधारीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य के लिए 4 करोड़ 57 लाख 61207 रुपए की धनराशि उपलब्धि कराई है जिससे यह कार्य किया जाना है। डीएम ने अधिशासी अभियंता लोनिवि से कार्य के बारे में जानकारी लेते हुए कार्य तेजी से करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल शाह, एनटीपीसी परियोजना प्रबंधक सद्दाम हुसैन सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दिखाना था डॉक्टर को, साली को घुमाने पर अड़ गया जीजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक अजीबोगरीब घटना सामने आई, जहां एक जीजा ने अपनी बीमार साली को अस्पताल ले जाने के बहाने उसे घुमाने की जिद की। जब साली ने मना किया, तो दोनों के बीच बहस बढ़ गई और बात इतनी बिगड़ गई कि महिला को चलती कार से उतरना पड़ा। गनीमत रही कि कार की रफ्तार धीमी थी और कोई हादसा नहीं हुआ, लेकिन महिला को अस्पताल जाने के लिए बच्चों के साथ पैदल ही जाना पड़ा। यह घटना शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है, जब एक कार नैनीताल को-ऑपरेटिव बैंक तिराहे से डीआईजी आवास की ओर मुड़ी। कार में एक पुरुष, एक महिला और दो बच्चे सवार थे। महिला बच्चों के साथ पिछली सीट पर बैठी थी। जैसे ही कार पुलिस कैंटीन के पास पहुंची, कार में विवाद शुरू हो गया। कार रुकते ही महिला ने कार का दरवाजा खोलकर उतरने की कोशिश की। यह देख चालक ने कार को आगे बढ़ा दिया, लेकिन महिला किसी तरह एक बच्चे के साथ उतर गई। महिला ने कार का पीछा किया और डीआईजी आवास के पास कार रुकने पर दोनों में फिर से बहस हुई। चालक ने बच्चे को उतारने के बाद कार को तेजी से वहां से ले गया। महिला ने बताया कि चालक उसका जीजा था, जो उसे बीमार होने के बावजूद अस्पताल ले जाने का वादा कर घर से निकला था। हालांकि, रास्ते में जीजा ने अस्पताल जाने के बजाय घुमाने की जिद की, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। महिला बनभूलपुरा की रहने वाली है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि इस घटना की जानकारी अभी तक उनके पास नहीं आई है। यदि तहरीर मिलती है तो मामले की जांच की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा शराब तस्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अवैध शराब के खिलाफ



चलाए जा रहे अभियान के तहत एसओजी व काठगोदाम पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान 7 पेटी अवैध शराब के साथ एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त ऑटो को सीज करते हुए ऑटो चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानक. ारी के अनुसार शनिवार को एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ को मुखबिर की सूचना मिली की एक ऑटो में शराब लाई जा रही है। सटीक मुखबिर की सूचना पर एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़ ने काठगोदाम पुलिस की मदद से हाइडिल गेट अंसारी कॉलोनी बाग. जाल के पास चैकिंग अभियान शुरू कर दिया। तभी पुलिस ने ऑटो संख्या यूके04टीए-9333 को आते देखा और रोककर उसकी तलाशी ली तो ऑटो से 7 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई। टीम ने मौके से मोहम्मद अजहर पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी लाइन नंबर-7 आजाद नगर बनभूपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब तस्करी में प्रयुक्त ऑटो को सीज करते हुए तस्कर के खिलाफ आबक. ारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। टीम में एसओजी प्रभारी संजीत राठौड़, एसआई रविन्द्र राणा, कांस्टेबल संतोष बिष्ट, अरुण राठौर, भूपेन्द्र जेष्ठा, सुरेंद्र सिंह शामिल रहे।

# बनभूलपुरा में सुबह तड़के सत्यापन अभियान

## भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे अफसर, 1100 लोगों की जांच, 33 पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र में पुलिस ने एक बार फिर बड़ा सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस ने लगभग एक तरह से घेराबंदी कर अभियान चलाया और इस दौरान 33 लोगों पर कार्रवाई की गई। जबकि 11 सौ ऐसे लोगों को पकड़ा गया, बिना सत्यापन बनभूलपुरा क्षेत्र में रह रहे थे। इन सभी का मौके पर सत्यापन किया गया। शनिवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र की अगुवाई में सीओ सिटी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल और सीओ रामनगर सुमित पाण्डे ने कोतवाल राजेश यादव,



कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल, प्रभारी थाना बनभूलपुरा सुशील जोशी, काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी, मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी और चोरगलिया थानाध्यक्ष राजेश जोशी ने तीन टीमों में बंट कर अभियान शुरू किया। अभियान में पीएसी/आईआरबी, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, विद्युत विभाग कनिष्ठ अभियन्ता अरुण गिरी, जल संस्थान से कनिष्ठ अभियन्ता विजय नैनवाल व खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग से पूर्ति निरीक्षक राहुल सिंह डांगी, अरुण खुल्बे, सुबोध त्रिपाठी भी अभियान में मौजूद रहे। 11 सौ व्यक्तियों के सत्यापन के साथ लगभग 14 सौ लोगों से पूछताछ की गई। साथ ही किरायेदारों का सत्यापन न कराने पर 6 मकान मालिकों के विरुद्ध 83 पुलिस अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें 3 लोगों से 15000 जुर्माना वसूला गया और 3 कोर्ट के चालान किए गए। जबकि अनियमित्ता पाये जाने पर 27 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 6750 रुपए जुर्माना किया गया। पुलिस ने कुल 21750 जुर्माना वसूला। अभियान के दौरान एक वाहन भी सीज गया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि बनभूलपुरा क्षेत्र में किरायेदार के रुप में रह रहे बाहरी लोगों व मकान मालिकों को भी किरायेदारों का अतिशीघ्र सत्यापन कर विवरण थाने में उपलब्ध कराएं। सत्यापन अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक सप्ताह पूर्व मुखानी थाना क्षेत्र से हुई बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने बाइक चोर सहित चोरी की गई बाइक को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने वाहन चोर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से



उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि बीते 25 जुलाई को शिशुपाल पुत्र नत्थू लाल निवासी गंगा एनक्लेव बिठौरिया नंबर-1 लालडाट रोड मुखानी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी यूके04एजी-8454 चोरी कर ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। तभी जांच के दौरान पुलिस ने बीती रात्रि फतेहपुर वसुंधरा कॉलोनी के पास एक खाली प्लॉट पारस देवका पुत्र राजेंद्र देवका निवासी देवपुर देवका कमलुवागांजा मुखानी को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। टीम में एसआई मनोज अधिकारी, हैड कांस्टेबल हरीश मार्तोलिया, कांस्टेबल पूरन सिंह शामिल थे।

# 'गुरुकुल' में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल, कमलुवागांजा के खेल प्रांगण में सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा एक बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने बताया कि उनकी संस्था 2005 से हर साल इस प्रकार के वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करती आ रही है, और इसी कड़ी में आज गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में यह आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रत्येक छात्र के नाम पर एक वृक्ष रोपा गया, ताकि पौधों की देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने ने बताया कि अगले वर्ष समिति द्वारा इन पौधों का पुन निरीक्षण किया जाएगा, और जिन बच्चों के पौधे सुरक्षित रहेंगे, उन्हें समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र और



पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस दौरान अनार, आम, अमरुद, जामुन, लीची, नीबू, नीम आदि के फलदार और छायादार कुल 101 पौधे लगाए गए।

वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समिति के संरक्षक पीसी पंत ने कहा कि ये पेड़ न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अनमोल धरोहर साबित होंगे। इस वृक्षारोपण कार्य में उद्यान विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक श्री नैनवाल, तनुजा पांडेय, ममता भट्ट, नीरजा बोरा, विद्या जोशी, अंजू पांडेय, शशि जोशी, कविता तिवारी, पूर्णिमा पांडेय, माया उप्रेती, ईश्वर चंद्र भट्ट, मोहन चंद्र जोशी, पुनीता पांडेय सहित स्कूल के शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## हरमन माइनर भीमताल ने जीता मैच

**नैनीताल।** सीआरएसटी ओल्ड बॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा दी नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एचएन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुट बॉल टूर्नामेंट के तहत शनिवार को एक मैच खेला गया। डीएसए मैदान में मैच हरमन माइनर भीमताल तथा डिवीटो स्कूल भवाली के मध्य खेला गया। मध्यांतर तक हरमन माइनर भीमताल 8 गोल करने में कामयाब हुई तथा अंतिम स्कोर 11 के मुक. ाबला शून्य से हरमन माइनर भीमताल ने जीता। विजयी हरमन माइनर की तरफ से सौहार्द ने 4, आयुष ने 3 जबकि मनीष ने दो जबकि रक्षित व वैभव ने एक-एक गोल किया। डिवीटो भवाली के खिलाड़ी काफी पसीना बहाने के बाद भी कोई गोल नहीं कर पाए। रफेरी बृजेश सिंह व नकुल बिष्ट व अपूर्व रहे।

# मुक्केबाजी टीम में खुशबू का चयन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी की कक्षा 9 की छात्रा खुशबू तिवारी को उत्तराखंड की सब जूनियर मुक्केबाजी टीम में चयनित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। वह नोएडा में आगामी 7 से 13 अगस्त तक होने वाली राष्ट्रीय सब जूनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। खुशबू के इस सफलता पर शनिवार को स्कूल में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने उसे बधाई दी और इसे स्कूल के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है कि कक्षा 9 की एक छात्रा राष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी खेलों में अपनी प्रतिभा को निखारने की दिशा में प्रयास करेंगे। इस सम्मान समारोह में स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। जिन्होंने खुशबू को अपनी शुभकामनाएं दीं और उसकी आगामी प्रतियोगिता में सफलता की कामना की।

# गायनी मरीज़ों के लिए अच्छी खबर

## एसटीएच में महिला की अंडेदानी में गांठ का सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गायनी संबंधित मरीजों के लिए अच्छी खबर है। मरीजों को जटिल ऑपरेशन के लिए अब निजी चिकित्सालय की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। सुशीला तिवारी चिकित्सालय के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने एक युवती की अंडेदानी में गांठ का दूरबीन विधि से जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। युवती स्वास्थ्य लाभ लेकर डिस्चार्ज कर दी गयी है। विभागाध्यक्ष स्त्री व प्रसूति रोग विभाग डा. गोदावरी जोशी ने बताया कि ओखलकांडा निवासी 20 वर्षीय युवती पेट दर्द व गांठ की दिक्कत के चलते कई जगह दिखाने के बाद परि. जनों के साथ एसटीएच के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग की ओपीडी में पहुंची। चिकित्सकों ने युवती का चिकित्सकीय परीक्षण कराया, जिसमें अंडेदानी में 18-20 सेमी. की गांठ होने की पुष्टि हुई। चिकित्सक ने मरीज को ऑपरेशन की सलाह दी। डा. गोदावरी जोशी ने दूरबीन विधि से युवती का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। डा. गोदावरी जोशी ने बताया कि युवती की अंडेदानी में काफी बड़ी गांठ थी, इसमें हड्डी, दांत, नाखून, बाल आदि इकठ्ठा हो जाते हैं। यह ऑपरेशन अत्यधिक जटिल माना जाता है, समय पर ऑपरेशन न होने पर पेट में दर्द व इसके फटने का खतरा व कभी-कभी कैंसर जैसी बीमारी की संभावना रहती है। उक्त ऑपरेशन के लिए निजी चिकित्सालयों में डेढ़ से दो लाख रूपये खर्च करने पड़ते, लेकिन एसटीएच में उक्त ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया गया। ऑपरेशन में डा. पूनम, डा. पल्लवी, एनेस्थीसिया विभाग व नर्सिंग स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने मरीज का अत्यधिक जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक करने पर डा. गोदावरी जोशी व पूरी चिकित्सकीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सालय व हमारे लिए यह हर्ष का विषय है कि एसटीएच में जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किये जा रहे है।

# किसानों के खाते में ट्रांसफर हुई 'किसान सम्मान निधि'

## सरकार की इस योजना से किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर: अजय भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ब्लॉक कार्यालय हल्द्वानी के सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम-किसान) की 20वीं किस्त का सीधा हस्तांतरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाभार्थी किसानों को संबोधित किया गया, जिसका सीधा प्रसारण सभागार में उपस्थित कृषक लाभार्थियों ने देखा और सुना।

प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के करोड़ों किसानों के खातों में योजना की 20वीं किस्त राशि सीधे खाताधारकों के खातों में सीधे ट्रांसफर की गई।



जनपद नैनीताल के भी समस्त लाभार्थी किसानों को इस किस्त का सीधा लाभ प्राप्त हुआ। इस मौके पर लाभार्थी किसानों ने प्रधानमंत्री एवं सरकार के प्रति आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि पीएम किसान योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6 हजार रुपये दिए जाते हैं और इस पैसे को 2-2 हजार रुपये की तीन किस्तों में दिया जाता है। उन्होंने कहा कि 184 करोड़ की धनराशि से ज्यादा आज उत्तराखंड में दूसरी किश्त के रूप में मिल रही है बहुत-बहुत बड़ी संख्या में हमारे किसान भाइयों को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को आज दूसरी किस्त के रूप में डीबीटी के माध्यम से जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा इस योजना से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई दे रही है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जानकारी परक स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता से जुड़े स्टॉल शामिल थे। इन स्टॉल्स के माध्यम से किसानों को योजनाओं, तकनीकी जानकारी एवं ऋण सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान कालाढूंगी विधायक बंसीधर भगत, जिला उपाध्यक्ष बीजेपी दिनेश खुलवे गन्ना समिति जिला अध्यक्ष प्रताप सांसद प्रतिनिधि कमलेश जोशी, जिला महामंत्री अनुसूचित जाति रविंद्र बाली, जिला महामंत्री बीजेपी नवीन भट्ट, जिलाधिकारी विवेक राय, खंड विकास अधिकारी तनवीर, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी पूजा पुनेड़ा, गन्ना उत्पादन समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू और अन्य क्षेत्रीय कृषकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड प्रभारी ममता जोशी ने किया।

# जनता दरबार में समस्याओं का समाधान

## कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने फरियादियों को निराश नहीं लौटाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी के कैम्प कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आयुक्त और मुख्यमंत्री सचिव दीपक रावत ने नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। आयुक्त ने कतार में अंतिम व्यक्ति से मिलकर उनकी शिकायतों को सुना और त्वरित समाधान दिए। जनसुनवाई में अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, ब्याज पर पैसे देने, विद्युत लाईन शिफ्ट करने, सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी, एलआईसी एजेंटों द्वारा गलत जानकारी देने, आदि से संबंधित थीं।

इन सभी समस्याओं का आयुक्त ने मौके पर ही समाधान किया। एक खास मामला आयुक्त के संज्ञान में आया जिसमें डीलरों द्वारा वाहन क्रय करते समय सत्यापन के लिए भेजे गए



ओटीपी को वाहन स्वामी द्वारा न बताने की समस्या सामने आई। इस कंडीशन में डीलर अपने नंबर से ओटीपी का सत्यापन करते थे, जिससे ऑनलाइन चालान में डीलर का नाम आ जाता था।

आयुक्त ने इसे गंभीरता से लिया और आरटीओ तथा डीलर स्वामी को तलब कर इस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने हल्द्वानीवासियों को सिटी बस सेवा की जल्द शुरुआत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी गाड़ियों के अनुबंध पूरे हो चुके हैं और मुख्यमंत्री जल्द ही इन बसों का उद्घाटन करेंगे। जनसुनवाई में अन्य समस्याएं भी सामने आईं, जैसे कि हल्द्वानी के खीमसिंह बोरा का प्लॉट संबंधी मामला, जिसमें उनके नाम का रजिस्ट्रेशन नहीं था। आयुक्त ने उपजिलाधिकारी को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एलआईसी पेंशन योजना के बारे में शिकायत करने वाली हेमा बमेठा को आयुक्त ने एलआईसी एजेंटों को सही जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही, रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार हुए अजय कुमार की शिकायत भी सुनी। आयुक्त ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए दोनों पक्षों को आगामी जनसुनवाई में तलब करने का निर्णय लिया। साथ ही, अन्य शिकायतें जैसे अतिक्रमण हटाना, पारिवारिक संपत्ति विवाद, और मृतक आश्रित कोटे से नौकरी दिलाने को लेकर भी समाधान किया गया। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए और समस्याओं का तत्काल समाधान करने का आश्वासन दिया।

## मुखानी से किशोर लापता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र से लापता 13 साल के हार्दिक का 15 दिन गुजर जाने के बाद भी कई सुराग नहीं है। वहीं मुखानी थानाक्षेत्र से 14 साल का एक किशोर और लापता हो गया। मुखानी पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वार्ड 37 हरिपुर शील कालोनी निवासी रेखा अधिकारी पत्नी हरीश अधिकारी ने मुखानी पुलिस को बताया कि 31 जुलाई को उनका 14 वर्षीय बेटा हितार्थ अधिकारी घर से निकला था और फिर लौट कर नहीं आया। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि किशोर की तलाश की जा रही है। वहीं चौधरी कालोनी बरेली रोड निवासी रमन कनौजिया ने बनभूलपुरा को बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा हार्दिक बीती 7 जुलाई की शाम कॉपी लेने घर से निकला था। तब से गायब है। 15 दिन बीत गए हैं। अगले दिन पूनम बेटे को गोल्डन फर्नीचर बरेली रोड छोड़ कर चली गई और तभी से उसका कहीं पता नहीं है।

# बोन-जॉइंट सप्ताह आज से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के तत्वाधान में पूरे देश में बोन-जॉइंट सप्ताह मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 3 अगस्त से 8 अगस्त तक चल रहा है और इसका उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के हड्डियों और जोड़ो से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष का विषय है ओल्ड इस गोल्ड-360 डिग्री केयर फॉर ओल्ड ऐज, जिसे एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनूप अग्रवाल और डा. अजीत शिंदे द्वारा अनुमोदित किया गया है। उत्तराखंड में इस सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न शहरों में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें प्रमुख रूप से ओल्ड ऐज फ्री क्लिनिक, लेक्चर, रैली और चिकित्सा शिविर शामिल हैं। हलवानी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन द्वारा इस कार्यक्रम के तहत विशेष सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। अगले सप्ताह से 65 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों के लिए हलवानी में अस्पतालों में मुफ्त परामर्श और जांचों में छूट दी जाएगी। इसके अलावा, कुष्ठ गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सोमवार, 04 अगस्त' को अग्रवाल क्लिनिक में 65 वर्ष से अधिक के मरीजों के लिए बोन-जॉइंट डे के तहत मुफ्त परामर्श और जांचों में छूट, मंगलवार 5 अगस्त' को मैट्रिक्स हॉस्पिटल में मुफ्त सेवा, बुधवार 6 अगस्त साईं हॉस्पिटल में स्वास्थ्य जांच और परामश, गुरुवार 7 अगस्त' को कृष्णा हॉस्पिटल में विशेष शिविर। शुक्रवार 8 अगस्त बृजलाल हॉस्पिटल में मरीजों के लिए मुफ्त सुविधाएं और शनिवार 9 अगस्त नीलकंठ हॉस्पिटल में सेवा जारी रहेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शक और नफरत ने ले ली राजमिस्त्री की जान

## पत्नी, साले और साढू ने मिलकर की थी राजमिस्त्री की हत्या

■ सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा, तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** पत्नी ही निकली पति की हत्यारी अपने सगे भाई एवं जीजा के साथ मिलकर गला घोटकर की थी पति की हत्या। हत्यारी पत्नी ने पुलिस को गुम. राह करने के लिए अज्ञात लोगों के विरुद्ध पति की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने 24 घंटे होने से पूर्व ही कर दिया मामले का खुलासा कर हत्यारी पत्नी समेत तीनों हत्यारो. पियो को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत धाधा फॉर्म में एक महिला पिंकी देवी ने अपने शराबी पति कमलेश पुत्र बडकाई से पीछा छुड़ाने के लिए अपने सगे भाई तथा जीजा के साथ मिलकर गले में गमछा डाल कर घर में ही हत्या कर दी तथा पति के शव को घर के पास ही अमरूद के बाग में फैंक दिया। कोतवाली में पत्रकारों से वार्ता करते हुए सी ओ भूपेंद्र सिंह धोनी ने बताया कि बीती 31 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि कोतवाली की कलकत्ता फार्म पुलिस चौकी के क्षेत्र के अन्तर्गत धाधा फार्म में स्थित एक अमरूद के बाग में एक व्यक्ति का शव पड़ा है जिसे परिजन अपने घर लेकर जा रहे हैं। सूचना पर कलकत्ता फार्म पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश नेगी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तो परिजन शव को अपने घर ले जा चुके थे। पुलिस टीम बिना समय गंवाए मृतक के घर पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर नगर के सरकारी चिकित्सालय लेकर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत गला घोंटने के कारण होने बताया गया। मृतक की पत्नी ने अज्ञात हत्यारो के विरुद्ध 31 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

युवक हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए कोतवाल धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई जिसकी कमान वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद को सौपी गई। पुलिस टीम ने अथक परिश्रम करते हुए हर चीज पर बारीकी से अध्ययन करते हुए एक सौ से अधिक सीटीवी कैमरों को खंगाला तथा फॉरेंसिक टीम की सहायता लेते हुए साक्ष्यों को एकत्रित किया। पुलिस ने मृतक की पत्नी पिंकी के अलावा मृतक के अन्य ससुरालियों से गहन पूछताछ की। पूछताछ के दौरान मृतक के ससुरालियों व मृतक की पत्नी तथा ससुर मुनेश्वर लाल 60 वर्ष के बयानों में भिन्नता पायें जाने पर मृतक कमलेश के ससुर से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने राज खोल दिया कि उसके दामाद कमलेश की हत्या उसकी पुत्री तथा मृतक की पत्नी पिंकी देवी ने अपने सगे भाई गोविंद पुत्र मुनेश्वर तथा जीजा परमोद पुत्र हेमराज के साथ मिलकर हत्या कर दी तथा पुलिस को गुमराह करने के लिए शव को अमरूद के बाग में फैंक दिया। पुलिस ने इसी के आधार पर मृतक कमलेश के हत्यारों की गिरफ्तारी हेतु उनके घर दबिश दी तीनों फरार हो गए।

मुखबिर ने सूचना दी की तीनों हत्यारोपी कहीं दूर भागने के लिए बरेली रोड पर राजपूत ढाबे के पास खड़े हैं। पुलिस ने घेरा. बंदी कर तीनों आरोपियों मृतक कमलेश की पत्नी पिंकी देवी निवासी ग्राम उमरोली थाना बहेटा गोकुल जिला हरदोई उत्तर प्रदेश,हाल निवासी धाधा फॉर्म कोतवाली किच्छा जिला उधम सिंह नगर मृतक का साला गोवि. बंद पुत्र मुनेश्वर तथा मृतक का साढू परमोद पुत्र हेमराज निवासी ग्राम उमरोली थाना बहेटा गोकुल जिला हरदोई उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तीनों हत्यारोपियों ने हत्या करना स्वीकार किया। हत्यारी पत्नी ने बताया कि उसका पति शराब का आदि था तथा उसके चरित्र पर लांछन लगाता था जिससे तंग आकर उसने अपने भाई तथा जीजा के साथ मिलकर कर पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज होने के 24 घंटे बीतने से पूर्व ही हत्या का खुलासा कर दिया है। पुलिस टीम में कोतवाल धीरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, कलकत्ता फार्म पुलिस चौकी प्रभारी ओमप्रकाश नेगी, उप निरीक्षक बसंत कुमार अपर उप निरीक्षक जगदीश सिंह मेहर, कांस्टेबल उमेश सिंह यशपाल आर्य हरीश मेहरा देवराज सिंह बृजमोहन सिंह आदि।

वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि हत्या घर के अन्दर हुई तथा पुलिस टीम को कोई साक्ष्य नहीं मिल रहा था परन्तु पुलिस टीम की सूझबूझ तथा तजुर्बे के कारण ही हत्या की गुत्थी सुलझी। मृतक की पत्नी पिंकी लगातार पुलिस को गुमराह कर रही थी।

# महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया जाएगा बढ़ावा: सीडीओ

■ रुद्रपुर वेंडिंग जोन एवं मेट्रोपोलिस मॉल में किया गया 'आकांक्षा हट' का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नीति आयोग भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में आकांक्षी विकास खण्ड कार्यक्रम के अंतर्गत 'आकांक्षा हट' का आयोजन रुद्रपुर वेंडिंग जोन एवं मेट्रोपोलिस मॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी द्वारा कार्यक्रम में लगे स्वंय सहायता समूहों के स्टॉलों का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इसके उपरांत उन्होंने स्टॉलों का निरिक्षण भी किया।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर को निर्देश दिए कि स्टॉलों पर राखी, तिरंगा झंडा जैसे मौसमी एवं मांग वाले उत्पादों को प्राथमिकता से रखा जाए, जिससे बिक्री में वृद्धि हो और समूहों की आय में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए स्टॉलों की व्यवस्था इस प्रकार करने के निर्देश दिए ताकि बारिश से उत्पादों को कोई क्षति न हो।

मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ गदरपुर को निर्देशित किया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रदेश में आयोजित होने वाले विभिन्न मेलों एवं प्रदर्शनियों में भागीदारी हेतु आयोज. कों से संपर्क स्थापित कराया जाए, जिससे उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध हो सके। इस दौरान सीडीओ ने स्वयं साहयता समूह के उत्पाद खरीदे एवं ऑनलाइन माध्यम से उसका भुगतान भी किया। उन्हेंने उत्पादों की गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग एवं विपणन रणनीतियों पर विशेष बल देते हुए बीडीओ को निर्देश दिए कि महिला समूहों की आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर परियोजना निद. ेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, खण्ड विकास अधिकारी गदरपुर आतिया प्रवीन, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, महाप्रबन्धक उघोग विपिन कुमार, जिला प्रोवेजन अधिकारी व्योमा जैन सहित अन्य अधिकारी एवं स्वंय सहायता समूह की महिलाओं आदि उपस्थित थे।

# जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ने किया कमल सिंह को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जु-जित्सू खिलाड़ी कमल सिंह द्वारा इंटरनेशनल ब्राजी. लियन जु-जित्सू फैडरेशन की ब्लू बेल्ट से सम्मानित होने पर स्थानीय रूद्रपुर कार्यालय पर गुरुवार को जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष सिहान किशोर सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर गर्मजोशी के साथ सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने खुशी जताते हुए कहा कि कमल सिंह की उपलब्धियों को देखकर सभी खिलाड़ियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आर्थिक तंगियों का सामना करते हुए भी अपने खेल के प्रति समर्पण और लगन दिखाई है। भारत का प्रति. निधित्व करते हुए उन्होंने कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर न केवल अपनी बल्कि अपने राज्य का भी मान बढ़ाया है। उनकी मेहनत और संघर्ष की कहानी सभी के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।

जानकारी देते हुए महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि मुंबई में आयोजित हुए पांच दिवसीय सेमिनार में विश्व के प्रसिद्ध कोच ब्राजील के प्रोफेसर ओलावो अब्रेउ एवं भारत देश के प्रोफेसर अमरजीत सिंह लोहान द्वारा संयुक्त रूप से कमल सिंह को ब्लू बेल्ट पहनाकर सम्मानित किया गया।

यह केवल एक बेल्ट नहीं, बल्कि कमल के संघर्ष, मेहनत, ओर समर्पण की पहचान है। आईबीजेजेएफ से यह बेल्ट प्राप्त करने वाले कमल सिंह उत्तराखंड राज्य के पहले खिलाड़ी भी बन गए है। साथ ही कोषाध्यक्ष सिहान किशोर सिंह ने कहा कि एशियन गेम्स में जु-जित्सू को शामिल किए जाने से इस खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। खिलाड़ियों को अब इस खेल में अपने भविष्य को संवारने का एक सुनहरा अवसर दिखाई दे रहा है, जिससे वे जु-जित्सू को अपना रहे हैं और इसमें उत्कृष्टता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

इस मौके पर रसिका सिद्दीकी, रेशी विनय जोशी, जानकी कार्की, जॉनी हीराम तिग्गा, शोभा तिग्गा, मुकेश यादव, सुखदेव सिंह, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, तरुण चुग वसीम खान, मिंटू सैनी, नरेंद्र सिंह, अभिषेक, कृष्ण साना, कृष्ण आनंद, सतविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, जय प्रकाश, रूनू शर्मा, हैप्पी सिंह, कंचन बसेरा विजय सागर कृष्ण गोपाल कोली सहित अनेकों खेल पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की।

# चौक पर लगाए गए तिरंगे की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी

■ लगभग एक सप्ताह से पोल से गायब तिरंगे की सुध लेवा कोई नहीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नानकमत्ता ।** नगर के सितारगंज मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप राजकीय राजमार्ग पर लाखों रुपयों की लागत से एक लोहे के पोल को लगाकर उस पर राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया था, लगभग एक सप्ताह से पोल पर लगा ये राष्ट्रीय ध्वज गायब हैं, जिसकी किसी को भी सुध नहीं है।

बता दे की यू तो इस पोल व उस पर लगे राष्ट्रीय ध्वज की देखरेख का जिम्मा नगर पंचायत नानकमत्ता के पास हैं लेकिन घोर लापरवाही के चलते यहां तैनात अधिशासी अधिकारी को मानो इन सब से कोई लेना देना नहीं है। जो ना सिर्फ राष्ट्रीय ध्वज की सुरक्षा का सवाल हैं, बल्कि देश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के समान हैं, पोलो पर राष्ट्रीय ध्वज तो लगाये गये हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा एवं देख रेख की जिम्मेदारी उठाने वाला मानो कोई नहीं है।

# भाजपा की करारी हार और यशपाल का जलवा बरकरार

■ पांच सीटों में से चार पर कांग्रेस और एक सीट पर निर्दलीय ने लहराया परचम

■ भाजपा अपना खाता तक खोलने में रही नाकाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विकास खण्ड क्षेत्रांतर्गत पांच जिला पंचायत सीटों में से चार पर कांग्रेस और एक सीट पर निर्दलीय ने अपना परचम लहराया। भाजपा अपना खाता खोलने तक में नाकाम रही। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक सीधी पकड़ रखने की बात कह क्षेत्र में अपनी धौंस जमाने वालों को जनता ने सिरे से नकार दिया। क्षेत्र में जहाँ भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा, वहीं नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य का जलवा बरकरार दिखा।

यशपाल आर्य द्वारा क्षेत्र में बहाई गई विकास गंगा की बदौलत मतदाताओं ने उनके नुमाईन्दों के पक्ष में दिल खोलकर मतदान कर उनके सिर जीत का सेहरा बाँधा। 26 हरसान जिला पंचायत सीट पर निर्दलीय योगेन्द्र सिंह डोबाल ने भाजपा और कांग्रेस के दिग्गजों को धूल चटाते हुए 1530 मतों से जीत हासिल की। योगेन्द्र सिंह डोबाल को 6056, भाजपा के कमल किशोर भट्ट को 4524, कांग्रेस के डी.के.जोशी को 3972 और भाजपा की बागी उमा जोशी को 3009 मत मिले। 23 रतनपुरा जिला पंचायत सीट पर कांग्रेस के मौ० फुरकान ने 3569 रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। मौ० फुरकान को 8305 और उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रोशन लाल तोमर को 4736 मत मिले। 24 टांडा आजम जिला पंचायत सीट से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व दर्जा राज्यमंत्री पं. जितेन्द्र शर्मा 'सोनू' 1568 मतों से जीते। पं. जितेन्द्र शर्मा 'सोनू' को 7124, भाजपा के गुलशन काम्बोज को 5556 व निर्दलीय हरप्रीत सिंह निज्जर को 1777 मत प्राप्त हुए। 25 भीकमपुरी से कांग्रेस की सीमा कौर ने प्रमुख भाजपा नेता स. कुलविन्दर सिंह किन्दा की धर्मपत्नी भाजपा प्रत्याशी परमजीत कौर को 790 मतों से शिकस्त दी। सीमा कौर ने 8897 और परमजीत कौर ने 8107 मत हासिल किए। 27 बाजपुर गाँव से शेर ए तराई स्व. पं. जनकराज शर्मा की धर्मपत्नी कैलाश रानी शर्मा ने 538 मतों से जीत हासिल की। कैलाश रानी शर्मा को 8219 और निशा बी (वसीम अहमद) को 7681 मत प्राप्त हुए। दिग्गजों की करारीहार से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अपनों की बगावत के बाद हारते हारते जीते भास्कर संभल

■ ग्राम एचता की जिला पंचायत सीट से 3721 मत प्राप्त कर अपनी जीत दर्ज कराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** अपनो के भारी विरोध के बाद भी भाजपा नेता भास्कर संभल ने नानकमत्ता विधानसभा के अंतर्गत आने वाली ग्राम एचता की जिला पंचायत सदस्य की सीट से 3721 मत प्राप्त कर अपनी जीत दर्ज कराई हैं, उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी सुखजीत सिंह को 9 मतो से परास्त किया है। सुखजीत सिंह को 3712 मत प्राप्त हुए थे।

बता दे कि ग्राम एचता से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने ने दौरान भाजपा नेता एवं पूर्व ग्राम प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल ने पार्टी के ही समर्पित नगर पंचायत चेयरमैन पर चुनाव में वदखिलाफी का आरोप लगाकर पार्टी के जिला अध्यक्ष से इसकी लिखित शिकायत की थी, उनके द्वारा भाजपा के जिला अध्यक्ष को लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल भी हुआ था, उनका आरोप था कि गैर पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में चेयरमैन द्वारा उनके विरुद्ध प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बताते चले की इस बात से कतई इन्कार नहीं किया जा सकता की भास्कर संभल को अपनों के ही विरोध के बाद अपनी जीत दर्ज के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगाना पड़ा है। अन्दर खाने अपनो के द्वारा ही भास्कर संभल के विरुद्ध किए गए चुनाव प्रचार से उनके चुनाव में खासी दिक्कते आयी, लेकिन बगावत करने वालो को मात देकर भास्कर संभल हारते हारते चुनाव जीत गये।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का देखा लाइव प्रसारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति रामनगर के परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाइव प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को हर वर्ष 6000 रुपये की सम्मान राशि दी जाती है। उससे किसान खाद, बीज आदि खरीद कर देश के विकास में सहायक बनता है। उन्होंने कहा है कि भारत और उत्तराखंड सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास पर काम कर रही हैं और बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के किसान बन्धुओं को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है।

कार्यक्रम का संचालन विपिन काण्डपाल ने किया और अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने की।

इन्दर सिंह रावत, मानसिह रावत, प्रभात ध्यानी, नवीन चन्द्र तिवारी, अंजलि बोस आदि ने सम्बोधित किया। मंडी सचिव सहील अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र गुरप्रीत सिंह को गलत संगत में पड़ जाने, बात ना मानने, मनमानी करने के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से हमेशा हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का गुरप्रीत सिंह से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। जो भविष्य में अपने द्वारा किए गए कृत का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुमित्रा कौर पत्नी स्वर्गीय हरभजन सिंह निवासी ग्राम पक्की खमरिया थाना नानकमत्ता उधम सिंह नगर।**

## एक नजर

# सड़ासड़िया बीडीसी सीट पर सीएम के भान्जे ने की बड़ी जीत हासिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विकासखंड खटीमा के सड़ासड़िया बीडीसी सीट पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भांजे गौरव सिंह नेगी ने भारी मतों से जीत हासिल की। गौरव सिंह नेगी ने अंगूठी चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़कर 1116 मत प्राप्त किए जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंदी अनार चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़े उपेंद्र यादव को 353 मत मिले। गौरव सिंह नेगी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी उपेंद्र यादव को 763 मतों के अंतर से मात देकर जीत हासिल की है। वहीं गौरव की भारी मतों से जीत पर चमन सिंह राणा, अनिल राणा, सोनी, बिट्टू भाई, सोबरन सिंह राणा, मंजीत सिंह, प्रकाश भट्ट, इकबाल सिंह, जय प्रकाश राणा, विजय सिंह, इंद्रपाल, अरुण बर्नवाल, संजय राणा, अर्जुन सिंह, टिंक्का चीमा, बलविंदर सिंह, दलजीत सिंह आदि ने उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# सीबीएसई क्रिकेट टूर्नामेंट में जेसीज के खिलाड़ियों ने जीता सोना

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नॉर्थ जोन-1 क्रिकेट टूर्नामेंट में जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त कर नेशनल नॉर्थ जोन 1 की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। यह प्रतियोगिता ब्राइट स्टार्ट इंटरनेशनल एकेडमी जसपुर, उधम सिंह नगर में सीबीएसई द्वारा आयोजित की गई। इसमें तीन आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के विद्यार्थियों ने 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रतिभाग किया, जिसमें जीवांश यादव, निदीश पचौरी एवं आदित्य यादव ने स्वर्ण पदक तथा पार्थ सिंह एवं श्रेय पंवार ने रजत पदक जीता। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले तीनों खिलाड़ी नॉर्थ जोन-1 की टीम में शामिल होकर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सीबीएसई टूर्नामेंट खेलने जाएंगे। विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विजेता प्रतिभागियों एवं उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को निखारने में सहायता करती है। जिससे उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं। विद्यालय के निदेशक सुधांशु पंत, प्रधानाचार्य आरडी शर्मा सहित अनुभाग प्रमुखों एवं समस्त शिक्षकों ने विजयी प्रतिभागियो को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव खटीमा मे भाजपा समर्थित एवं भाजपा विचारधारा वाले अधिकांश प्रत्याशियों की भारी-भरकम जीत पर उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने खटीमा मुख्य चौक पर आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर जमकर जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए भाजपा के पक्ष में नारे भी लगाए। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संपन्न हुई त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने वाले अधिकांश प्रत्याशी भाजपा समर्थित और भाजपा विचारधारा वाले हैं। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में संपन्न हुए चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, वरिष्ठ नेता प्रकाश तिवारी, मनोज वाधवा, नंदन सिंह खड़ायत, अमित पांडे, रवीश भटनागर, अशोक बत्रा, विवेक रस्तोगी, सतीश गोयल, संतोष गौरव, राशिद मिर्जा, जानकी पांडे, सतीश भट्ट, संजय पिलख्वाल, नरेंद्र बिष्ट, नवल वाल्मीकि, राजेश बाटला, तरुण ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# चुनावी रंजिश में मारपीट कर घायल किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** एक नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य ने अपने विपक्षियों पर चुनावी रंजिश के कारण उसके घर में घुसकर उसके व उसके परिजनों के साथ पिटाई करने का आरोप लगाया है।

ग्राम खेड़ा लक्ष्मीपुर, जसपुर निवासी मुस्तकीम अहमद पुत्र मुन्ना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह और गांव का सारिक पुत्र शमीम अहमद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में ग्राम खेड़ा लक्ष्मीपुर के वार्ड नं. 1 से ग्राम पंचायत सदस्य के पद पर प्रत्याशी थे, जिसमें वह विजयी घोषित हुआ है, जिससे सारिक उससे रंजिश रखने लगा।मुस्तकीम ने बताया कि दिनांक 31.07.2025 की शाम के लगभग 6:30 बजे जब वह अपने घर पर पहुंचा तभी हारने वाला प्रत्याशी सारिक पुत्र शमीम अहमद अपने भाईयों साहिब, शाकिब पुत्रगण शमीम अहमद व साहिल पुत्र आबिद, मुसाहिद हुसैन पुत्र आबिद, शाहीन जहां पत्नी शमीम अहमद व फईम पुत्र कदीर, वसीम पुत्र शकील व 5-6 अन्य व्यक्तियों के साथ अपने हाथों में लाठी डन्डे व धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आये और आते ही उसे व उसके घरवालों को मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां देते हुए मारने पीटने लगे।मुस्तकीम ने बताया कि साहिब ने अपने हाथ में लिये छुरे से उसकी पत्नी नाजमा व पुत्रवधु आसिया पर वार किया, जिससे उसकी पत्नी नाजमा व पुत्रवधु आसिया के हाथ में गम्भीर चोट आयीं तथा साहिब ने उसके गले में पड़े हार भी तोड़ डाले तथा नीचे गिराकर उसे लात घूंसों से मारा पीटा।

सारिक ने उसके भाई की पत्नी समरीन जोकि गर्भवती है, के पेट पर लात मार दी जिससे उसके गम्भीर चोट आयीं। फईम ने उसके भाई हसीन के मुँह पर जोरदार घूंसा मारा, जिससे उसके भाई हसीन का दांत टूट गया तथा मुँह से खून बहने लगा। वसीम ने उसके साढू मौ. अली के सिर पर डन्डा व हाथ में पहने कड़े से वार किया जिससे उसके साढू की नाक की हड्डी व सिर में गम्भीर चोटें आयीं तथा खून बहने लगा।साहीन ने उसकी पुत्री नगमा व उसकी पत्नी नाजमा पर लाठी डन्डों डन्डों से वार किया जिससे उसकी पुत्री व पत्नी के काफी खुली व गुम चोटें आयी। छीना झपटी में उसकी पुत्रवधु आसिया के कानों के कुन्डल सोने के व चांदी का गले का हार तथा साली सीमा के पर्स में रखे 7 हजार रुपये जबरन छीन लिये। उसने बताया कि उक्त सभी व्यक्ति झगडालू व बदमाश, दबंग किस्म के व्यक्ति हैं।

इनके खिलाफ कई मुकदमें चल रहे हैं। उसकी वहजार रुपये जबरन छीन लिये। उसने बताया कि उक्त सभी व्यक्ति झगडालू व बदमाश, दबंग किस्म के व्यक्ति हैं। इनके खिलाफ कई मुकदमें चल रहे हैं। उसकी व उसके परिवारवालों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों को आता देख ये लोग उसे व उसके परिवार को धमकी देकर गये हैं कि आज तो तुम लोग बच गये लेकिन मौका पाकर तुम्हें व तुम्हारे परिवारवालों को जान से मार देंगें।

उसे अन्देशा है कि उक्त व्यक्ति मौका पाकर उसके व उसके परिवारवालों के साथ कोई अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं। उसने उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।मुस्मकीम की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 119(1), 191(3), 333, 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई इंदर सिंह के हवाले की गई है।

# कोसी नदी में मिला नवजात शिशु का शव, मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में शनिवार की सुबह ग्राम पूछडी के समीप फौजी कालोनी के पास कोसी नदी में एक नवजात शिशु का शव बरामद होने पर इलाके में हड़कंप मच गया। संभव तो हो सकता है कि लोकलाज के डर से किसी ने नवजात शिशु को छोड़ दिया हो।घटना के संबंध में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर एसएसआई मनोज नयाल पुलिस बल के साथ पहुंचे।नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर सरकारी अस्पताल रामनगर के मोर्चरी में 72 घंटे की शिनाख्त के लिए रखवाया गया है।उन्होंने बताया कि 72 घंटे के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।नवजात शिशु लड़की है। आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई जा रही है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जिले में संचालित योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

■ **जिलाधिकारी ने की सीवरेज विस्तार योजना की प्रगति की समीक्षा**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** नगर क्षेत्र में संच. ालित सीवरेज विस्तार योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी।

अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम पिथौरागढ़ के इं. आर.एस. धर्मशक्तू ने बताया कि सीवरेज योजना फेजख्1 के तहत घ्45. 89 करोड़ की लागत से कुल 49 किलोमीटर सीवरेज नेटवर्क और दो 6.25 एम.एल.डी. क्षमता का एसटीपी चालू किया जा चुका है, जिससे 3,084 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है । इसमें उत्तराखंड जल संस्थान के माध्यम से 1,400 घरों हेतु 17 किमी तथा पेयजल निर्माण निगम द्वारा 1,684 घरों के लिए 32 किमी सीवर नेटवर्क का निर्माण शामिल है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में की 5 वार्डो क्रमश बजेठी, न्यू बजेठी, खडकोट, विवेकानंद, कुमौड वार्ड के लिये कुल 6.02 करोड की कुल 3 ब्रांच सीवर लाइन विस्तार योजना शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किये गये है , जिसके अंतर्गत 5 वार्डों के 333 घरों को जोड़ा जाएगा और घ्92. 60 करोड़ की शहरी विकास विभाग से प्रस्तावित है जिसके अंतर्गत 20 वार्डों में 35 किमी सीवरेज लाइन व नई 2 एसटीपी की स्थापना का प्रस्ताव को भेजा गया है।

इसके अतिरिक्त सीवर लाइन बिछाना सम्भव नही है उन गलियो मे स्थित घरो हेतु 2.81 करोड़ की अनुमानित लागत का फीकल स्लज ट्रीटमेन्ट (थ्ैज्च्) योजना प्रस्तावित की गयी है, जिसके अंतर्गत 10,00 घरों के सेप्टिक टैंक से निकलने वाले स्लज के निस्तारण / ट्रीटमेंट हेतु 20 ज्ञस्क क्षमता का संयंत्र पेयजल निगम से विरचनाधीन है ।

जिलाधिकारी गोस्वामी ने अधिकारियों से इस योजना के समाप्त होने के वर्ष की भी जानकारी ली और धर्मशक्तू को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द इसका कार्य शुरू करें और पिथौरागढ़ शहर की जनता को जल्द से जल्द एक उत्तम सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ दीपक सैनी सहित पेयजल निगम, शहरी विकास विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

# नहीं रहे बाराकोट के प्रमुख समाजसेवी डा. कल्याण सिंह अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** बाराकोट के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. बच्ची सिंह अधिकारी के पुत्र डॉ कल्याण सिंह अधिकारी का निधन हो गया है।वह आईटीबीपी से रिटायर होने के बाद यहां के सामाजिक, आध्यात्मिक, राजनेतिक जीवन से जुड़े रहने के साथ ओर कई अन्य संगठनों से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व काबीना मंत्री महेंद्र सिंह महरा, विधायक खुशाल सिंह अधिकारी, पूर्व प्रमुख भगीरथ भट्ट, सतीश चंद्र पांडे, लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, पूर्व सैनिक लीग के पदाधिकारियों आदि तमाम लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि दी है। डॉ अधिकारी के पुत्र सेना में कर्नल के पद पर कार्यरत हैं।

# किसान सम्मान निधि योजना का हुआ लाइव प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता ।** भारत सरकार द्वारा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी की होने के उपलक्ष्य में शनिवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति नानकमत्ता परिसर में लाईव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मण्ड़ी क्षेत्रान्तर्गत कृषक बन्धु, व्यापारी, महिला समूह एवं जनप्रतिनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डा० प्रेम सिंह राणा गुरदेव सिंह , किसान नेता लख्खा सिंह , श्री राणा ,जय सिंह बोनाल, मण्ड़ी सचिव एवं महिला समूह सदस्य, किसान, व्यापारी, जनप्रतिनिधी आदि उपस्थित रहें।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पाटी।** धूनाघाट से करीब 20 किमी दूर बांज के घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच स्थित श्री ऐड़ी ब्यानधूरा मंदिर, गोली (चम्पावत) में आज से सात दिवसीय तक श्रीमद्ष् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का वैदिक मंत्रोपचार व भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हो गया है। इस दौरान प्रतिदिन होने वाले पंचांग पूजन एवं रूद्री पाठ के पहले ही दिन समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। अपराह्न 1:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक चली कथा में वैदिक विधि विधान और सनातन परंपरा से कर्मकांडो को संपन्न कराने और ज्योतिष गणना के लिए अपनी विशेष पहचान रखने वाले वेद पुराणों के मर्मग्य आचार्य प्रकाश पाण्डेय की संगीतमय कथा को सुनने के लिए दूर दूर से श्रद्धा पहुंचे हुए थे। इस दौरान कथा व्यास ने श्रीमद् भागवत के प्रथम श्लोक-ष्सच्चिदानन्दरूपाय विश्वोत्पत्यादिहेतवे ए तापत्रयविनाशाय श्रीकृष्णाय वयं नुम:ष से कथा का आरंभ किया। उन्होंने बताया कि देवी भागवत पुराण, जिसे श्रीमद् देवी भागवत भी कहा जाता है, इसमें देवी दुर्गा की महिमा और शक्तियों का वर्णन है।

उन्होंने आगे कहा जिस स्थान में जिस किसी भी रूप में देवी देवताओं की कथा होती है वह स्थल सर्वथा तीर्थ के समान होता है। उन्होंने कथा का बखान करते हुए कहा कि मृत्यु को जान लेने मात्र से ही मनुष्य मृत्यु के भय मुक्त हो जाता है और उसकी प्रीति ईश्वर एवं कथा के प्रति उसी प्रकार बढ़ने लगती है ।

जिस प्रकार राजा परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया था। इसी प्रकार भागवत जीव को अभय बना देती है। उन्होंने आगे कहा श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का साक्षात स्वरूप है, जो हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है। कलिकाल में भगवत कथा के श्रवण, हरि भजन और संग कीर्तन ईश्वर प्राप्ति और मनुष्य जीवन का अंतिम लक्ष्य ष्मोक्षष प्राप्ति का एक मात्र सरल उपाय भी है।

# ठेकेदारों ने नगर पालिका पर लगाया तानाशाही व पक्षपात का आरोप

■ **लंबित भुगतान के लिए किया जा रहा है परेशान**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** नगर पालिका परिषद टनकपुर लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। कहीं सफाई से संबंधित मामले हैं तो कहीं भुगतान न किए जाने को लेकर मामले सामने आ रहे हैं। शनिवार को क्षेत्र के ठेकेदारों ने प्रेस वार्ता करते हुए नगर पालिका पर तानाशाही व पक्षपात करने का आरोप लगाया है। साथ ही क्षेत्र के ठेकेदारों ने नगर पालिका द्वारा एक सप्ताह के अंदर भुगतान न किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

जानकारी के मुताबिक अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी को दिए गए ज्ञापन में नगर पालिका के ठेकेदार शत्रुघ्न कोठारी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष तथा ईओ केवल एक वर्ग विशेष के ठेकेदारों को ही लाभ पहुंचा रहे हैं। अन्य ठेकेदारों को 6 माह से लंबित भुगतान के लिए परेशान किया जा रहा है। उन्होंने ठेकेदारों के साथ भेदभाव किए जाने का भी आरोप लगाया है।

इधर 6 माह से अधिक क्षेत्र के निर्माण कार्यों से संबंधित ठेकेदारों का भुगतान न होने से सभी ठेकेदार आर्थिक और मानसिक रूप से समस्या से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी ठेकेदार के साथ कोई अनहोनी हुई तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। मीडिया से मुखातिब होते हुए नगर पालिका परिषद टनकपुर के ठेकेदारों ने दो टूक चेतावनी देते हुए एक सप्ताह के अंदर भुगतान नहीं होने पर संबंधित कार्यालय में धरने पर बैठने की चेतावनी दी है।

रोष प्रकट करने वालों में कॉन्टैक्टर टीकाराम खर्कवाल, दीपक सिंह महर, सोमनाथ सिंह, धीरज सिंह भंडारी, उत्तरांचल कंस्ट्रक्शन, रमेश चंद्र सिंघल, प्रेम सिंह, नवीन चंद भट्ट मौजूद रहे।

# अवैध मजारों पर प्रशासन का बुलडोजर

■ **चार मजारें ध्वस्त, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई कार्रवाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर क्षेत्र में प्रशासन द्वारा अवैध मजारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई,शनिवार को प्रशासन ने रामनगर के ढेला, ढिकुली और तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज के इलाके में बनीं चार मजारों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं कुछ लोगों ने इसे प्रशासन की सख्ती बताया तो कुछ ने कानून व्यवस्था की दिशा में उठाया गया अहम कदम बताया।

रामनगर के ढेला क्षेत्र के दो रिसॉर्ट परिसरों में बनी दो मजारों,ढिकुली के रिसॉर्ट में बनी एक मजार और रामनगर रेंज के अंतर्गत अपर कोसी ब्लॉक में बनी एक मजार को प्रशासन ने शनिवार को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया,इन मजारों को बिना किसी वैध अनुमति के रिसॉर्ट परिसरों के भीतर बनाया गया था।

कार्रवाई के दौरान मौके पर एसडीएम प्रमोद कुमार के साथ प्रशासन की संयुक्त टीम रही किसी भी प्रकार की घटना से बचने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया ग्राम ढेला,ढिकुली और तराई पश्चिम वन प्रभाग रामनगर रेंज स्थित अपर कोसी ब्लॉक में अवैध रूप से बनी चार मजारों को ध्वस्त किया गया है।

इनमें से दो ढेला क्षेत्र,एक ढिकुली स्थित रिसॉर्ट परिसर और रामनगर रेंज के अंतर्गत अपर कोसी ब्लॉक में थी,इन मजारों को बिना अनुमति के कब्जा कर बनाया गया था। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध निर्माणों और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।इस दौरान एसडीएम रामनगर प्रमोद कुमार, तहसीलदार मनीषा मरकाना,तराई पश्चिम वन प्रभाग के एसडीओ मनीष जोशी,रेंजर धर्मानंद सुनाल,कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस,गर्जिया पुलिस चौकी प्रभारी गगनदीप सिंह,पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धनिक,राजस्व उप निरीक्षक राहुल आर्य आदि मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सदस्य की दो सीट जीतकर कांग्रेसी गदगद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विधानसभा क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्यों की पांचो सीटों में से कांग्रेस समर्थित दो प्रत्याशियों ने कड़े मुकाबले के पश्चात जीत दर्ज कर ली है भाजपा को एक सीट पाकर ही संतुष्ट होना पड़ा इसके अलावा दो निर्दलीय प्रत्याशी प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की है।

हाट सीट राजपुर -32 सीट से कांग्रेस के समर्थित उम्मीदवार नईम अहमद प्रधान ने 3514 वोट प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी विनीत चौहान को 72 वोटो से शिकस्त दी।पतरामपुर- 31 से रजनी ने 7384 मत प्राप्त कर भाजपा समर्थित उम्मीदवार रविंदर कौर को 2440 मतों से शिकस्त दी दोनों विजयी प्रत्याशी कांग्रेस समर्थित हैं नारायणपुर -33 से भाजपा समर्थित उम्मीदवार कामिनी सिंह ने 5522 मत प्राप्त कर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार पवनदीप कौर को 2586 मतों से हराया । सरवरखेडा-34 से युवा नेता मोहम्मद हसन ने 3570 मत प्राप्त कर व बैलजूड़ी -35 से चरणजीत सिंह ने 5906 मत प्राप्त कर अपने दम पर निर्दलीय जीत हासिल की है यहां मोहम्मद हसन ने अपने प्रतिद्वंदी मोहम्मद याकूब को 300 वोटो से तथा चरणजीत ने अपने प्रतिद्वंदी रेनू को 2505 मतों से हराकर शिकस्त दी। कांग्रेस की दो सीट आने पर कांग्रेस समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

# रम्पुरा शाकर से बीडीसी पद पर बलदेव सिंह औलख की पुत्री सुखमन कौर हुई निर्वाचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व दर्जा राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख की पुत्री सुखमन कौर क्षेत्र के रम्पुरा शाकर से बीडीसी पद पर निर्वाचित हुई, सुखमन कौर ने अपने पति पूर्व ज्येष्ठ ब्लाक प्रमुख स. जोरावर सिंह भुल्लर, अपने चाचा बिलासपुर ब्लाक प्रमुख स. कुलवंत सिंह औलख, अपने भाई स. गुरक. ीरत सिंह औलख, उत्तराखण्ड किसान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष स. हरमिन्दर सिंह ढ़िल्लन श्लाडीश के साथ बाजपुर ब्लाक कार्यालय पहुंचकर क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) के रूप में निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। सुखमन कौर ने कहा कि यह केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि जनविश्वास का प्रतीक है। अब यह हमारा दृढ़ संकल्प है कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें और सेवा और विकास के मार्ग पर ईमानदारी से कार्य करें।

# राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ सेमिनार

■ **छात्रों के समक्ष 'मानकों द्वारा विज्ञान शिक्षा' विषय पर की गई चर्चा**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ठाकुर श्याम सिंह रावत जगत सिंह रावत राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज टनकपुर में भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मानक क्लब के छात्रों के समक्ष 'मानकों द्वारा विज्ञान शिक्षा' विषय पर चर्चा की गई। साथ ही बच्चों को विभिन्न मानकों व संस्थागत ढांचे के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र पाठक ने अतिथि के स्वागत के साथ और मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया उपरोक्त विषय पर देहरादून ब्रांच ऑफिस के संसाधक दीपक कुमार पांडे द्वारा विस्तृत जानकारी छात्रों को दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत संसाधक द्वारा 'हेलमेट' को स्टैंडर्ड बनाने में विज्ञान के किन सिद्धांतों का कैसे उपयोग होता है। इस विषय पर चर्चा की गई। संसाधन द्वारा बी. आई. एस. स्टैंडर्ड वॉच को भी दिखाया गया। तथा उसको लाइक व सब्सक्राइब करने के लिए भी कहा उन्होंने प्रत्येक माह के अंत में आयोजित होने वाली ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के बारे में भी बताया। लर्निंग साइंस वाया स्टैंडर्ड के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें प्रथम पुरस्कार -रु 1000 मात्र- अंकित सिंह मेहरा,द्वितीय पुरस्कार- रु 750 मात्र- युसूफ खान, तृतीय पुरस्कार-रु. 500 मात्र - रोहित यादव /देवा सिंह सांत्वना पुरस्कार - वंश कनौजिया को सम्मानित किया गया। मानक क्लब के मेंटर सुरजीत सिंह राणा ने कहा कि यह आयोजन अत्यंत ही ज्ञानवर्धक रहा। इस सेमिनार के माध्यम से जीवन में काम आने वाली विभिन्न वस्तुओं व उपकरणों के मानकों के बारे में बच्चे जागरूक होंगे। तथा समाज को भी जागरूक करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र चंद्र पाठक ,मानक क्लब मैटर (डमदजवत) सुरजीत सिंह राणा, प्रवक्ता भौतिक विज्ञान राजेश पांडे, कैप्टन एलडी तिवारी , जे. एस. मेहरा , बी .एस. पांडे, एस. एन.भट्ट , शशांक मिश्र, उमा, उप्रेती मैम , रिचा जोशी, गंगा रौतेला आदि मौजूद रहे।

# शिविर में बच्चों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देशानुसार माह अगस्त के प्लान आफ एक्शन के तहत प्राथमिक विद्यालय आमबाग टनकपुर में 'जेनेरिक दवाई - प्रभावी, किफायती और आवश्यक' अभियान के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पीएलबी मित्रों ने विद्यालय के बच्चों को विधिक जानकारी भी दी ।

शनिवार को क्षेत्र के पीएलबी अधिकार मित्रो के द्वारा जेनेरिक दवाइयो की गुणवत्ता, उपयोगिता और सस्ते मूल्यों में मिलने के बारे में विधिक जानकारी दी गयी, साथ में बच्चो को गुड टच, बेड टच, साइबर क्राइम, ऑनलाइन ठगी व नशे से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण विधिक जानकारियां से अवगत कराया गया।नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर 1930 के बारे में भी बताकर बच्चो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पीएलबी मित्र इजहार अली, बिजेंद्र अग्रवाल, शमशाद बानो, किरन जोशी, अर्चना लोहनी, ऋतू महर, प्रो- बोनो भागीरथी बोहरा, मुन्नी जोशी उपस्थित रही।

# आठ लाख की चरस बरामद कर दो व्यक्तियों को पकड़ा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पुलिस ने टनकपुर क्षेत्र में लगभग 4 किलो से अधिक चरस बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उत्तराखंड को नशा मुक्त करने की अभियान के तहत इसे बड़ी सफलता माना जा रहा है। पिछले 7माहों के दौरान पुलिस ने रिकॉर्ड मात्रा में चरस सहित अन्य नशीले पदार्थ बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विगत दिवस टनकपुर पुलिस द्वारा सीओ वंदना वर्मा के नेतृत्व में गर्बियांग निवासी कबीर गर्बियाल से 3.150 केजी तथा नेपाल के जय बहादुर धामी से 880 ग्राम चरस बरामद की। जिसका बाजार मूल्य 8 लाख रुपए बताया जा रहा है। इस बरामदगी में प्रभारी निरीक्षक चेतन रावत, वरिष्ठ एसआई पीएस तोमर, एसआईएसटीएफ बीसी जोशी, हेड कांस्टेबल जगवीर सिंह, एसटीएफ के कमल कुमार,महेंद्र गिरी, किशोर कुमार शामिल थे। एसपी ने बताया कि इस वर्ष गुजरे सात माह के दौरान पुलिस द्वारा 16.58 केजी चरस, 632.13 ग्राम हीरोइन 5केजी,789ग्राम एमडीएमए एवं 980 ग्राम अफीम बरामद की गई। एसपी ने इस सामाजिक माहामारी को समाप्त करने के लिए आम लोगों से अपील की है वे अपने को सादी वर्दी की पुलिस मानकर ऐसे अपराधियों को तत्काल कानूनी गिरफ्त में लेने में सहयोग करे। उनके सहयोग को पुलिस एकदम गुप्त रखेगी।

# चुनाव निर्वाचन पर धांधली का आरोप, दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** विधानसभा नानकमत्ता की ग्राम एचता की जिला पंचायत सदस्य की सीट से 9 वोट से हारे प्रत्याशी सुखजीत सिंह की हार के विरोध में पूर्व ग्राम प्रधान भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उनके सैकडों समर्थकों ने सितारगंज के रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन करते हुए निर्वाचन अधिकारी पर सरकारी दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशी सुखजीत सिंह को मतगणना में धांधली का चुनाव हराने का आरोप लगाया है।

बता दे की एचता जिला पंचायत सीट से सुखजीत सिंह का चुनावी मुकाबला अपने प्रतिद्वंदी भास्कर संभल से था, शनिवार को सितारग. ंज के रामलीला मैदान में पूर्व ग्राम प्रधान भूपेंद्र सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ धरने पर बैठे तथा सरकार के दबाव में चुनाव निर्वाचन पर करने का आरोप लगाया, जिला पंचायत सदस्य पद से चुनाव हारे प्रत्याशी सुखजीत सिंह के समर्थन में धरने पर बैठे समर्थकों का आरोप था कि सुखजीत सिंह जिला पंचायत सदस्य पद पर चुनाव जीते थे सरकार के दबाव में सुखजीत सिंह को निर्वाचन मतगणना के दौरान एक सोची समझी रणनीति के तहत चुनाव हराकर भाजपा के भास्कर संभल को चुनाव में विजय घोषित किया गया है। धरने पर बैठे लोगों द्वारा यहां मुख्यमंत्री एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के विरोध जमकर नारेबाजी की गयी, विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों द्वारा मांग की गई की जिला पंचायत सीट एचता की पुन: मतगणना कराई जाए। बताते चले की चुनाव निर्वाचन द्वारा मतगणना के दौरान सुखजीत सिंह को 3712 तथा भास्कर संभल को 3721 मत मिलाना दर्शाया गया था जिसमें 9 वोटो अधिक होने से भास्कर संभल को विजई घोषित किया गया था।

# डीएम ने की वाइब्रेंट विलेज योजना की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद के वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने शिक्षा, चिकित्सा, विद्युत, पेयजल, ग्राम्य विकास, ग्रामीण निर्माण विभाग, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, बाल विकास आदि विभागों द्वारा वाइब्रेंट विलेजों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित वाइब्रेंट विलेज योजना के प्रथम चरण में जनपद के 24 गांवों को चयनित किया गया है तथा द्वितीय चरण में 24 अन्य गांवों को भी शामिल किया गया है। इस प्रकार कुल 48 गांवों का वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत समग्र विकास किया जा रहा है। परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा ने बताया कि योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में चयनित 24 गांवों में गुंजी, कुटी, नाभि, नपलच्यू, बूढ़ी, गर्ब्यांग, रौंसला, गूंठी आदि गांव सम्मिलित हैं। द्वितीय चरण में धारचूला विकासखण्ड से 10, मुनाकोट से 9 एवं कनालीछिना से 5 गांव चयनित किए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी ने जानकारी दी कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सरमोली गांव को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है।

इसी तर्ज पर जनपद के दो गांवों को आदर्श मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाना है और उसके लिए 5 गांव को विकल्प के रूप में चुना गया है जिसमें से दो गांव को चुना जाएगा और इस हेतु संबन्धित विभागों द्वारा कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, डीडीओ रमा गोस्वामी, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरक राम कोहली, डीपीआरओ हरीश आर्या सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुषमा हाल्दार की प्रचंड जीत पर निकाला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** जिला पंचायत चुनाव में खानपुर पूर्व से निर्दलीय प्रत्याशी सुषमा हाल्दार की प्रचंड जीत के बाद क्षेत्र में जश्न का माहौल है। शुक्रवार शाम को सुषमा हाल्दार और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने समर्थकों के साथ क्षेत्र में भव्य विजय जुलूस निकाला। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजों के साथ निकले इस जुलूस का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। विजय जुलूस के दौरान क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह देखा गया। सड़कों पर खड़े लोगों ने हाथ हिलाकर और फूल बरसाकर सुषमा हाल्दार के जीत का स्वागत किया। कई स्थानों पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर नृत्य कर ुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने जनता को संबोधित करते हुए कहा यह सिर्फ एक चुनावी जीत नहीं है, यह सत्ता के दंभ, धनबल और दवाब के खिलाफ जनमत का स्पष्ट संदेश है। ग्रामीण जनता ने जिस समझदारी और निर्भीकता से मतदान कर सुषमा हाल्दार को विजयी बनाया है, वह दर्शाता है कि आज भी ईमानदारी और सेवा की भावना रखने वाले जनप्रतिनिधि को लोग सिर आंखों पर बैठाते हैं। सुषमा की यह ऐतिहासिक जीत उन लोगों के लिए करारा जवाब है जो राजनीति को सिर्फ पैसे और ताकत के बल पर चलाना चाहते हैं। यह जीत गरीब और सामान्य वर्ग की महिलाओं के आत्मबल का प्रतीक बन गई है।

# दिव्यांगजन हम सबकी जिम्मेदारीः प्रो. झा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तर प्रदेश सरकार में पदासीन आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा शनिवार को नैनीताल पहुंचे। कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में दिव्यागजनों को दी जा रही सुविधायें तथा सरकार के नियमों की जानकारी दी तथा उनको दो जा रही सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्रो. झा ने विभागाध्यक्ष तथा डीन के साथ बैठक भी की। प्रो. झा ने कहा कि सरकार का नियम 2015 से लागू है तथा इनका कड़ाई से पालम होना है।

आज दिव्यांगजनों को आरक्षण की सुविधा भी हैं इसलिए समाज की यह जिम्मेदारी है कि दिव्यांग को उनका अधिकार देने में मदद करें। उन्होंने यह भी बताया कि अब कई बीमारियां जैसे हेपेटाइटिस, हीमोफीलिया भी इस कैटिगरी में शामिल हैं। इस अवसर पर डीएसबी परिसर के कार्यवाहक निदेशक तथा डीन प्रो. रजनीश पांडे ने परिसर प्रशासन की ओर से प्रो. हिमांशु झा का स्वागत किया तथा प्रो. आर की जोशी ने धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. ललित तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रो. हिमांशु झा को पुष्प गुच्छ भेंटकर तथा शॉल ओढ़ाकर तथा श्री गणेश जी की प्रतिमा भेंट कर सममानित किया गया। इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में प्रो. हिमांशु शेखर झा समेत प्रो. पीएल उनियाल दिल्ली विश्वविद्यालय, प्रो. सतीश चंद्र गरकोटी, रेटर जेएनयू दिल्ली तथा प्रो. प्रीति चतुर्वेदी विभागाध्यक्ष पंतनगर विश्वविद्यालय तथा विभागाध्यक्ष वनस्पति प्रो. ललित तिवारी ने पौधे लगाए। इस अवसर गुड़हल तथा पदम के पौधे लगाए गए तथा लोगों से भी ग्रीन नेचर कार्यक्रम से जुड़ने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रो. गरकोटी, प्रो. उनियाल व प्रो. चतुर्वेदी को शॉल ओढ़ाकर तथा पौधों की फ्लायर भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. गिरीश रंजन तिवारी, प्रो. सूचि बिष्ट, प्रो. आशीष मेहता, प्रो. एल एम जोशी, प्रो. लता पांडे, प्रो. सुषमा टमटा, प्रो. नीलू लोधियाल, डा. प्रभा पंत, डा. हर्ष चौहान, डा. नवीन पांडे, डा. हेम जोशी, डा. हिमानी कार्की, डा. ऋचा गिनवाल, लता, वसुंधरा तथा विशाल आदि उपस्थित रहे।

## सांप के डसने से युवती की मौत

**कालाढूंगी।** सरपदंश से कालाढूंगी की धमोला निवासी शांति देवी उम्र 60 वर्ष को रात मैं सोते हुए साँप ने काट दिया जो परिजनों को मृत अवस्था मैं मिली। शांति देवी स्वर्गीय नंदन सिंह की पत्नी है। शांति देवी की मौत से परिजनों मैं कोहराम मचा हुआ है। वही सामुदायिक स्वस्थ केंद्र के मुख्यमंत्री चिकित्साधिकारी अमित मिश्रा ने बताया की परिजनों के द्वारा पता चला की सरपदंश से मौत हुई है। पोस्टमार्टम के स्थिति का पता चल पायेगा।

# भाजपा नेता नितिन कार्की हाईकोर्ट तलब, माफी मांगी

## मो. उस्मान पर फेसबुक पोस्ट के लिए नितिन कार्की से कोर्ट नाराज़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी 73 वर्षीय ठेकेदार मो. उस्मान की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी। शुक्रवार की सुबह मो. उस्मान की जमानत अर्जी की सुनवाई के दौरान कोर्ट के संज्ञान में आया कि भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने मो.उस्मान के मेडिकल परीक्षण व सम्भावित रिपोर्ट को लेकर अपने फेसबुक में टिप्पणी की है, जिस पर नाराज कोर्ट ने नितिन कार्की को शुक्रवार दोपहर बाद कोर्ट में तलब किया। कोर्ट में पेश हुए नितिन कार्की ने अपनी फेसबुक पोस्ट के लिये कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ में हुई। ज्ञात रहे कि अप्रैल माह एक नाबा.



लिग बच्ची के साथ 73 वर्षीय मो. उस्मान द्वारा दुष्कर्म किये जाने की घटना के बाद मई माह में नैनीताल में हिंदूवादी संगठनों ने उग्र आंदोलन किया था। पुलिस ने आरोपी उस्मान को तत्काल गिरफ्तार कर लिया था। जिसकी निचली अदालत से जमानत खारिज हो गई है और अब उसकी जमानत अर्जी हाईकोर्ट में विचाराधीन है। मामले के अनुसार निचली अदालत के आदेश की सीबीआई ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार दो अगस्त 1994 को उत्तराखंड आंदोलन के दौरान रामपुर तिराहा कांड के बाद तीन अटूबर 1994 को राज्य आंदोलनकारी तत्कालीन सपा नेता सूर्यकांत धस्माना के देहरादून आवास पर एकत्रित हुए। इस दौरान धस्माना के बचाव में फायरिंग हुई। फायरिंग करने के दौरान आंदोलनकारी राजेश रावत की मौत व दो अन्य आंदोलनकारी जख्मी हुए। इसके बाद मुकदमा दर्ज किया गया। जिसका मुकदमा स्पेशल जज सीबीआई कोर्ट देहरादून में चला। कोर्ट ने उन्हें सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। इस आदेश के खिलाफ 2012 में सीबीआई ने अपील दायर की।

### सूर्यकांत धस्माना के मामले पर सुनवाई 30 को

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने वर्ष 1994 में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान राज्य आंदोलनकारियों पर गोली चलाने के मामले में तत्कालीन समाजवादी पार्टी व वर्तमान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूर्यकांत धस्माना को दोषमुक्त किए जाने के मामले में सीबीआई की ओर से दायर अपील पर सुनवाई के बाद मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 अगस्त शनिवार की तिथि नियत की है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंदर एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई।

## रुद्रपुर के पूर्व मेयर रामपाल सिंह को बड़ी राहत, आपराधिक मामला खारिज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उराखंड हाईकोर्ट ने रुद्रपुर के पूर्व मेयर रामपाल सिंह को बड़ी राहत देते हुए उनके विरुद्ध दर्ज आपरा. धिक मामले को प्रारंभिक अवस्था में ही खारिज कर दिया है। जस्टिस आशीष नैथानी के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। बता दें कि मामला वर्ष 2019 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा था जिसमें उन पर 10 लाख रुपए की मांग कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। हाईकोर्ट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 528 के तहत दायर याचिका को स्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में भारतीय दंड संहिता की झूठे आरोप से डराकर वसूली और आपराधिक धमकी संबंधी धाराओं के कानूनी प्रावधान प्रथम दृष्टया मौजूद नहीं हैं। कोर्ट ने कहा कि शिकायतकर्ता की ओर से चार साल की देरी से विरोध याचिका दायर किया जाना मामले की मंशा पर गंभीर संदेह पैदा करता है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि शिकायतकर्ता स्वयं एक अतिक्रमणकारी है जिसे रामपाल सिंह ने मेयर रहते हुए उस भूमि से हटाने की कार्यवाही शुरू की थी और यह मामला प्रतिशोध के चलते दायर किया गया है।कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ता ने न तो कोई धनराशि दी है न ही किसी अन्य रूप में संपति दी है जो आईपीसी की धारा 389 या 383 के अंतर्गत वसूली के लिए अनिवार्य शर्त है। इसी प्रकरण धारा 506 के अंतर्गत डराने धमकाने अथवा नुकसान की पुष्टि भी नहीं हुई है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मजिस्ट्रेट के जून 2024 को पारित आदेश को रद्द करते हुए रुद्रपुर में दर्ज एफआईआर तथा उससे संबंधित समस्त आपराधिक कार्यवाही को मामले की प्रारंभिक अवस्था में ही पूरा समाप्त कर दिया।

## एक नजर

### भूस्वामी व दलाल पर धोखाधड़ी का आरोप

**नैनीताल।** नैनीताल के समीपवर्ती सौड़ क्षेत्र में सात वर्ष पूर्व जमीन खरीदने वाले व्यक्ति ने भूस्वामी व दलाल पर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने राजस्व विभाग को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। नवाबी रोड हल्द्वानी निवासी निर्मल जोशी ने कहा है कि 2019 में सौड़ क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने उनको नौ नाली भूमि दिलवाई थी। इसके लिए उन्होंने 13 लाख 50 हजार की रकम भी जमीन बेचने व बिकवाने वाले को दे दी। इसी साल उनके नाम पर रजिस्ट्री भी हो गईए लेकिन कई वर्ष बीतने के बाद भी जब दाखिल खारिज नहीं हुआ तो उन्होंने जानकारी जुटाई। पता लगा कि जमीन में कई लोगों की आपत्ति है। पूछताछ में पता चला कि खरीदी गई जमीन बेचने वाले के नाम पर ही नहीं है। जब इस संबंध में भू स्वामी व जमीन दिलाने वाले दलाल से विरोध जताया तो उन्होंने जल्द उनकी रकम वापस करने का आश्वासन दिया। लेकिन अब तक महज चार लाख रुपये ही लौटाये गए हैं। राजस्व निरीक्षक उमेश सौराड़ी ने बताया कि शिकायत मिली है फिलहाल मामले में जांच की जा रही है।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट-2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन शनिवार को 393 वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधा रोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत शनिवार को उनके नेतृत्व में डीडीहाट के नारायण नगर स्थित नारायण स्वामी आश्रम में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम में नारायण स्वामी आश्रम के व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे तथा नरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

### नवनियुक्त कुलपति से की मुलाकात

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा उत्तराखंड बिश्वविद्यालय शिक्षक संघ (यूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने शनिवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के नवनियुक्त कुल. पति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी से शिष्टाचार मुलाकात की तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्वागत व सममान में कूटा अध्यक्ष ने प्रो. लोहनी को शॉल ओढ़ाकर तथा पद्म का पौधा सहित पौधे के फ्लायर भेंट किए। कुलपति को श्री नंदा देवी महोत्सव नैनीताल-2025 का कैलेंडर भी भेंट किया। प्रो. तिवारी ने संविदा शिक्षकों का मानदेय बढ़ाने, दस साल की संविदा सेवापूर्ण कर चुके प्राध्यापकों तथा कार्मिकों को नियमित करने तथा जीआई की कवरेज बढ़ाने पर चर्चा की। इस अवसर पर प्रो. तिवारी ने कहा कि प्रो. लोहनी के अनुभवों का लाभ विश्वविद्यालय को मिलेगा। इस अवसर पर डा. सरस्वती नंदन ओझा भी मौजूद रहे।

### बेवजह लाठीचार्ज कर रही सरकारः नेगी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शार्दुल नेगी ने कहा है कि एसएससी परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों व अनियमितताओं के



खिलाफ देशभर छात्र व शिक्षक आवाज उठा रहे हैं। यह उनके भविष्य का सवाल है लेकिन दुर्भागयपूर्ण बात यह है कि सरकार उन्हें उचित जवाब देने के बजाए उन्हें गिरफ्तार करने में तुली है और उन पर बेवजह लाठी चार्ज कर रही है। नेगी ने कहा कि यह केवल छात्रों पर हमला नहीं है अपितु यह देश के लोकतंत्र व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी सीधा हमला है। कहा कि जब सवाल उठान अपराध बन जाए तो समझ लेना चाहिए कि सत्ता बिल्कुल संवे. दनशील हो गयी है। नेगी ने कहा कि वह तथा उनका संगठन सभी पीडित छात्रों व शिक्षकों के साथ एकजुटता से खड़ा है। नेगी के मुता. बिक अगर सरकार ने जल्द से जल्द कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाएं तो संगठन नैनीताल जिले में भी आंदोलन शुरु कर देगा।

### कार से टक्कर मारी, महिला से बदतमीजी भी की

**हल्द्वानी।** भोटिया पड़ाव के पास स्कूटी से जा रही एक दिव्यांग वृद्धा को एक कार ने टक्कर मार दी। इस पर कार सवार युवकों ने सरेराह दिव्यांग वृद्धा को बेइज्जत किया साथ ही उसकी विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वृद्धा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने उन कार सवारों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाक्षेत्र में रहने वाली 68 वर्षीय महिला ने पुलिस दी तहरीर में बताया कि वह एक दिव्यांग होने के साथ ही बीमार भी है। वृद्धा महिला का आरोप है कि बीती एक जुलाई को वह दुर्गा सिटी सेंटर स्थित पेट्रोल पंप के पास मुख्य सड़क से जा रही थी। इसी दौरान एक कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। बताया जा रहा कि कार को नीरज नाम का युवक चला रहा था और उसमें चार से पांच लोग सवार थे। बताया जा रहा तभी आरोपियों ने कार से उतरते ही वृद्धा पर कार पर स्क्रैच मारने का आरोप लगाते हुए अभद्रता शुरू कर दी। जब वह वहां से निकलीं तो कार सवार आरोपियों ने पीछा शुरू किया और वीडियो बनाने लगे। बाद में यह वीडियो आरोपियों ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी के आदेश पर रोष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने और पुनरीक्षण कार्य के तहत प्रदेश के हजारों शिक्षकों को बीएलओ (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) ड्यूटी में लगाने के आदेश के बाद शिक्षक संगठन ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया है। शिक्षक संगठन का कहना है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक दायित्वों से मुक्त रखने के स्पष्ट शासनादेश के बावजूद यह कदम शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह अस्तव्यस्त कर देगा। प्रदेश में पहले से ही शिक्षकों की भारी कमी और उनके ऊपर बढ़ते गैर शैक्षणिक दायित्वों का बोझ है। ऐसे में चुनावी प्रक्रिया में शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी में लगाने के आदेश से न केवल शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी बल्कि हजारों नौनिहालों के भविष्य पर भी गंभीर संकट आएगा। उत्तराखंड राज्य



प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने इस संदर्भ में मुख्य निर्वाचन आयुक्त उत्तराखंड को पत्र लिखकर शिक्षकों को इस कार्य से मुक्त रखने की मांग की है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से भी तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। मनोज तिवारी ने बताया कि राज्य सरकार ने शिक्षा अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के तहत शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखने का स्पष्ट शासनादेश जारी किया है। इसके बावजूद शिक्षकों को लंबी अवधि तक बीएलओ ड्यूटी के लिए विद्यालयों से बाहर भेजना न केवल शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, बल्कि प्रदेश के हजारों विद्यालयों की शैक्षणिक स्थिति को कमजोर करना भी है।

वर्तमान में अधिकतर विद्यालय एक-दो शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं, जिनपर पहले से ही अनेक जिम्मेदारियां हैं। इस स्थिति में शिक्षकों को चुनावी कार्यो में लगाना शिक्षा के प्रति गंभीर उपेक्षा मानी जा रही है। शिक्षक संगठन का यह भी कहना है कि यदि बीएलओ ड्यूटी प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक या प्रभारी प्रधानाध्यापकों को दी जाती है, तो यह सीधे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन होगा। सुप्रीम कोर्ट ने मध्यान भोजन योजना को उच्च प्राथमिकता दी है और इस योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति जरूरी बताई गई है। यदि शिक्षकों को चुनावी कार्य में लगाया गया तो मध्यान भोजन जैसी राष्ट्रीय योजना प्रभावित हो सकती है, जो एक बड़ी चिंता का विषय है। संगठन ने सरकार से आग्रह किया है कि वह शासनादेश के अनुरूप शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखे। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस दिशा में तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो पूरे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चरमरा जाएगी और मध्यान भोजन योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का प्रभाव भी कम होगा। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार और निर्वाचन आयोग से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग की है, ताकि शिक्षक बिना किसी बाधा के अपने शैक्षणिक दायित्वों को पूरा कर सकें और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# गौला पुल की अप्रोच रोड की मरम्मत में देरी पर चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम के पार्षद रोहित कुमार ने उत्तराखंड के शहरी विकास सचिव को पत्र लिखकर गौला नदी पुल की क्षतिग्रस्त अप्रोच रोड और चोरगलिया रोड की मरम्मत में हो रही अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई है। पार्षद के अनुसार, अगस्त 2024 में आई बाढ़ के कारण गौला नदी के पुल के पश्चिमी छोर की लगभग 10 मीटर लंबी अप्रोच रोड बह गई थी, जिसके कारण पुल का सम्पूर्ण आवागमन कुछ माह तक बंद हो गया था। इसके अलावा, रेलवे क्रॉसिंग से गौला पुल तक की चोरगलिया रोड पर भू कटाव हो गया था, जिससे करीब 50 मीटर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। पार्षद ने बताया कि इन मार्गो की मरम्मत के बावजूद, चोरगलिया रोड अभी भी केवल हल्के वाहनों के लिए एकतरफा खोली गई है, और भारी वाहनों के लिए मार्ग बंद है। इस सड़क के माध्यम से हल्द्वानी के पूर्वी क्षेत्रों (गौलापार) और अन्य दूरदराज के गांवों से भारी वाहनों का आवागमन हो रहा है, जिससे नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। हजारों लोग काठगोदाम या दक्षिणी हल्द्वानी का लंबा रास्ता अपनाने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बाढ़ के बाद एक साल बीत जाने के बावजूद गौला नदी के किनारे सुरक्षा दीवार (रिटेनिंग वॉल) और सड़क की भराई के कार्य में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। इस कारण गौला नदी में आने वाली बाढ़ से खतरे की स्थिति बनी हुई है, और वर्तमान में सड़क पर हल्के वाहनों का भी गुजरना सुरक्षित नहीं माना जा सकता है।

# जूतों की दुकान में कर विभाग की छापा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल बड़ा बाजार स्थित प्रतिष्ठित वशी फुटवेयर पर शनिवार को राज्य कर विभाग की टीम ने अचानक छापा मारा। छापेमारी के दौरान कई गंभीर कर



अनियमितताएं सामने आने के बाद विभाग ने दुकान का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पंजीकरण निरस्त कर दिया मामले में राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि वशी फुटवेयर के जांच में सामने आया कि पिछले दो वर्षो से न तो दुकान स्वामी ने जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं और न ही कोई कर जमा किया गया है। व्यापारी को इस दौरान कई बार नोटिस भेजे गए लेकिन न तो उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर पक्ष रखा और न ही नोटिसों का कोई संतोषजनक उत्तर दिया। कहा कि लगातार अनदेखी और कर नियमों की अवहेलना को देखते हुए विभाग ने सखत रुख अपनाते हुए पंजीकरण रद्द कर दिया है। छापेमारी के बाद दुकान स्वामी को शनिवार शाम चार बजे तक का समय दिया गया है ताकि वह दस्तावेजों के साथ अपना पक्ष रख सके। निर्धारित समय तक जवाब न मिलने पर विभाग कानूनी कार्रवाई की अगली प्रक्रिया शुरू करेगा। त्रिवेदी के मुताबिक नैनीताल शहर के अलावा कैंची धाम एरिया है जहाँ पर बिना रजिस्ट्रेशन के व्यापारी भी हैं,कुछ ऐसे रेस्टोरेंट व्यापारी है जो अपना रिटर्न नहीं दाखिल कर रहें है, सेल नहीं दिखा रहें हैं। इसके साथ ही मुक्तेश्वर के कई होटल तथा रिसार्ट व रेस्टोरेंट है जिन्होंने रजिस्ट्रेशन नहीं किया हुआ शीघ्र ही इन क्षेत्रों में कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विभाग के अधिकारियों के साथ ही मल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी भी मौजूद रहे। दूसरी ओर राज्य कर विभाग की इस कार्रवाई के बाद मल्लीताल क्षेत्र के व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

## चुनावी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

**अल्मोड़ा।** पुलिस से मिली जानक. ारी के अनुसार चिल पितोली निवासी आनंद सिंह की तहरीर में कहा गया है कि वह गुरुवार रात दस बजे घर लौट रहा था। पोखरी से कुजौली के बीच जंगल में पुष्कर सिंह, मोहन सिंह, पकंज सिंह, रणजीत सिंह, प्रताप सिंह, श्याम सिंह सहित एक अज्ञात ने उस पर हमला कर दिया। लाठी डंडों से पीटने के साथ चाकू से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेस अस्पताल रेफ़र किया गया। वहीं, श्याम सिंह की तहरीर में कहा गया है कि पोखरी के पास आनन्द सिंह, पूरन सिंह, जीवन सिंह, मनोज सिंह, जगदीश सिंह सहित अन्य ने उन पर हमला किया। बमुश्किल उन्होंने भागकर जान बचाई।

# रसायन विज्ञान के इतिहास को जाना

## डीएसबी परिसर में आचार्य प्रफुल्ल चंद रे की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शनिवार को महान भारतीय रसायन वैज्ञानिक आचार्य प्रफुल्ल चंद्र रे की 164वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि जयंती को विभाग द्वारा राष्ट्रीय रसायन विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय रसायन विज्ञान की गौरवशाली विरासत से जोड़ना एवं विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को बढ़ाना रहा। इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर मेकिंग



प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बीएससी तथा एमएससी एवं पीएचडी स्तर के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का संचालन एमएससी के छात्र-छात्राओं दीक्षा कुमारी, भावना त्रिपाठी, आंचल बिष्ट तथा करण्या पपने एवं कमल पनेरु द्वारा किया गया। इस अवसर पर रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. चित्रा पांडेय सहित प्रो. नंद गोपाल साहू, प्रो. गीता तिवारी, प्रो. शहराज अली, डा. एमएस जावेद, डा. पैनी जोशी, डा. महेश चंद्र आर्य, डा. मनोज धोनी, डा. ललित मोहन, डा. अंचल अनेजा, डा. आकांक्षा रानी, डा. भावना पन्त एवं डा. गिरीश खड़कवाल उपस्थित रहे। अंत में प्रो.शहराज अली ने सभी प्रतिभागियों, उपस्थितजनों एवं आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। नैनीताल क्विज प्रतियोगिता में भावना त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि उज्ज्वल पांडेय द्वितीय और कुनाल जोशी तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में नम्रता मौलेखी ने प्रथम, तनुजा जोशी ने द्वितीय और भावना त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में दीपा पाल ने प्रथम जबकि आंचल बिष्ट ने द्वितीय और कोमल सजवान एवं करण्या पपने ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# प्रकृति के लिए सजग होना पड़ेगाः पद्मश्री अनूप साह

## बिरला विद्या मंदिर में तीन दिवसीय विजुअल आर्ट्स फेस्ट -2025 का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित बिरला विद्या मंदिर में तीन दिवसीय आईपीएससी विजुअल आर्ट्स फेस्ट -2025 शनिवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन के वार्षिक कला महोत्सव के मुख्य अतिथि प्रमुख छाया चित्रकार पद्मश्री अनूप साह रहे। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों, गुरुजनों और प्रतिभागियों का औपचारिक स्वागत किया। उन्होंने आईपीएससी विजुअल आर्ट्स फेस्ट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आयोजन देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने-अपने कृति कौशल दिखाने और कला के विभिन्न रूपों को समझने का बड़ा अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि फेस्ट के माध्यम




से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया जाता है। मुख्य अतिथि अनूप साह ने अपने संबोधन में इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और सृजनात्मकता को विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि कला केवल दृश्य अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है बल्कि यह हमारी संस्कृति, भावनाओं और विचारों का अनोखा संचार है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इस प्रकार के मंचों का पूरा लाभ उठाएं और अपनी प्रतिभा को खोजें साथ ही उन्होंने प्रकृति के प्रति सजग रहते हुए उसे सहेजने और बचाने के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुखय संयोजक प्रणब मुखर्जी ने फेस्ट की रूपरेखा और आयोजित की जा रही प्रतियोगिताओं के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह के आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे न केवल कला के क्षेत्र में बल्कि अन्य जीवन क्षेत्रों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। उन्होंने इस फेस्ट में शामिल आठ विविध प्रतियोगिताओं का संक्षिप्त परिचय दिया जिनमें डूडलिंग, क्ले मॉडलिंग, कयूबिस्ट पोर्ट्रेट, कार्टूनिंग, कोलाज मेकिंग आर्ट इंस्टालेशन, सेमीओ टेस्ट, प्लास्टर ऑफ पेरिस, रिलीफ वर्क और आर्ट ड्रामा शामिल हैं। कहा कि पहले दिन चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी अद्भुत रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने आगे बताया कि इस तीन दिवसीय आईपीएससी विजुअल आर्ट्स फेस्ट का समापन रविवार (आज) होगा। इसी दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उद्घाटन समारोह में वित्त एवं लेखा प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता, सिस्टर मंजूषा प्रधानाचार्या सेंट मेरीज स्कूल, आशा शर्मा अध्यक्षा आशा फाउंडेशन नैनीताल, मिस रिचर्ड प्रधानाचार्या ऑल सेंटस स्कूल, उप प्रधानाचार्य राकेश मोलासी, शिक्षक दीपक कुमार पांडेय, देवब्रत मंडल, सौरभ दास सहित अन्य गुरुजन व विद्यार्थी एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चुनाव में धांधली का आरोप लगाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पंचायत चुनाव समाप्त होने के बाद अब चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठने खड़े हो गए हैं। नैनीताल के रामगढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत मनर्ता में प्रत्याशी ने प्रधान चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाया है। चुनाव के नतीजों पर प्रत्याशी दीप्ति की ओर से सवाल उठाए गए हैं। दीप्ति ने निर्वाचन प्रक्रिया में गड़बड़ी और धांधली का आरोप लगाते हुए न्यायालय की शरण लेने की तैयारी शुरू कर दी है।

बताया गया कि ग्राम मनर्ता के पोल्ट सुयालबाड़ी, ब्लॉक रामगढ़ में हुए इस चुनाव में तीन प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें एक प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह अनाज की बाली, दूसरे का अनानास और तीसरे का आइसक्रीम था। मतदान बूथ संखया 55 पर कुल 510 मतदाताओं में से 400 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के बाद 10 मतों को रद्द घोषित किया गया। घोषित परिणामों में दीप्ति को 131, उमा को 130 और भारती को 129 मत प्राप्त हुए। परिणामों की घोषणा के बाद दीप्ति को विजेता घोषित कर प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया। आरोप है कि इसके बाद भारती के अभिकर्ता द्वारा दो रद्द किए गए मतों को दोबारा गिनती में शामिल करवाया गया और उन्हें भारती के पक्ष में मान लिया गया।

दीप्ति के एजेंट ने जब इस पर आपतित दर्ज कराई तो उसे दबाव में चुप करा दिया गया। आरोप है कि नोडल अधिकारी ने नियमों को दर्रा. कनार कर भारती को विजेता घोषित कर दिया और उन्हें प्रमाणपत्र भी सौंप दिया गया। दीप्ति की ओर से कहा गया है कि दो मतों को गलत तरीके से भारती के पक्ष में जोडकर परिणाम को प्रभावित किया गया जबकि यही मत पहले रद्द किए जा चुके थे कयोंकि उन पर दो-दो चिन्हों पर मुहर लगी थी। अब दीप्ति इस मामले को न्यायालय में चुनौती देने जा रही है। उनका कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और नोडल अधिकारी की भूमिका संदेह के घेरे में है। ग्रामीणों के बीच भी इसफैसले को लेकर नाराजगी है और लोग निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। मामले में श्री कैंची धाम क्षेत्र के एसडीएम बीसी पंत ने बताया चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमित नहीं बरती गई है। चुनाव निष्पक्ष रूप से संपन्न कराया गया है। दो प्रत्याशियों के समानांतर वोट पड़े थे जिसके बाद लॉटरी के माध्यम से विजेता की घोषणा की जानी थी। मगर शिकायतकर्ता दीप्ति लॉटरी के माध्यम से परिणाम के लिए तैयार नहीं हुई। पंचायती राज नियमों के तहत वोटो की गिनती करने के उपरांत परिणाम जारी कर दिए गए जिसमें भारती को लॉटरी के माध्यम से विजय घोषित किया गया।

# पांचवां टेस्ट: सिराज का घातक प्रदर्शन

## ● भारत के स्टार तेज गेंदबाज का जलवा जारी, पहली पारी में 4 विकेट लेकर स्टोक्स को पछाड़ा



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला के दौरान भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जलवा जारी है। जसप्रीत बुम. राह की गैरमौजूदगी में उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और पहली पारी में चार विकेट झटके। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बल्लेबाजों के लिए और घातक साबित होते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि उनके आंकड़े बता रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने चार विकेट लेकर बेन स्टोक्स को भी पीछे छोड़ दिया है। शुक्रवार के दिन ओवल टेस्ट में 15 विकेट गिरे। यह इस सीरीज के एक दिन के खेल में सर्वाधिक है। इससे पहले लाड्र्स टेस्ट के चौथे दिन 14 विकेट गिरे थे। दरअसल, इस सीरीज में दो टेस्ट ऐसे आए, जिनमें बुमराह नहीं खेले। इससे पहले एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में बुमराह नहीं खेले थे। उस मैच को भारत ने 335 रन से जीता था और इतिहास रचा था। उस मुकाबले में भी सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया था और घातक गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था। अब उन्होंने कुछ ऐसा ही ओवल में आखिरी टेस्ट में किया है। ओवल टेस्ट की पहली पारी में सिराज ने कप्तान ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल के महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप को एक विकेट मिला। सिराज ने फ्रंट से लीड किया और इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने अब तक 41 टेस्ट की 75 पारियों में 31.49 की औसत से 118 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार बार पारी में पांच विकेट लिए, जबकि 15 रन देकर छह विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। इन 75 पारियों में से 28 पारियों में सिराज के साथ बुमराह नहीं थे। यानी बुमराह उन पारियों में सिराज के साथी गेंदबाज नहीं थे। वैसी 28 पारियों में सिराज ने 25.6 की बेहतरीन गेंदबाजी औसत से 44 विकेट चटकाए। वहीं, बुमराह के साथ उन्होंने टेस्ट की 47 पारियों में गेंदबाजी की है और 35 की गेंदबाजी औसत से 74 विकेट चटकाए। यानी बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बेहद घातक साबित हुए हैं। चार विकेट लेने के साथ ही सिराज के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट भी पूरे हो गए। उन्होंने टेस्ट में 118 विकेट लेने के अलावा वनडे में 71 और टी20 में 14 विकेट लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले भारत के 15वें तेज गेंदबाज बने। इतना ही नहीं, सिराज ने मौजूदा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 18 विकेट ले लिए हैं और बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 35.7 की औसत से ये विकेट लिए हैं। इस सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देकर छह विकेट रहा है।

# मुकाबला देखने ओवल पहुंचे हिटमैन

### स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हुए



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला लंदन के ओवल मैदान में खेला जा रहा है। तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी जारी है।

हालांकि, इस मैच को देखने के लिए एक ऐसा शख्स पहुंचा, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस मैच को देखने के लिए ओवल पहुंचे। वह स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हो गए। पिछले इंग्लैंड दौरे पर बतौर खिलाड़ी स्टेडियम में एंट्री लेने वाले हिटमैन को ओवल में लाइन में लगकर और टिकट दिखाने के साथ-साथ पहचान पत्र दिखाकर एंट्री लेनी पड़ी। रोहित इन दिनों पत्नी रितिका और परिवार के साथ यूरोप टूर पर हैं। वह इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट देखने का फैसला किया। दो महीने पहले तक वह इस भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान हुआ करते थे। हालांकि, मई में टेस्ट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। रोहित ने इंस्टाग्राम पोस्ट में सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास का ऐलान किया था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डायलो को हराकर फ्रिट्ज नेशनल बैंक ओपन के चौथे दौर में पहुंचे

**टोरंटो, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराकर नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जेसिका पेग.ला को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की रात खेले गये तीसरे दौर के मुकाबले में फ्रिट्ज ने 6 फुट 8 इंच लंबे गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज का चौथे दौर में चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला होगा। लेहेका ने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। मैच के बाद फ्रिट्ज ने कहा कि मेरा मानना है कि टूर्नामेंट में कनाडाई खिलाड़ी के साथ खेलने के दौरान दर्शकों ने बहुत अच्छा व्यवहार किया। मुझे लगा था कि दर्शक अधिक आक्रामक होंगे। लेकिन सभी बहुत अच्छे थे। मैंने इससे भी बदतर हालात का सामना किया है।

### भारत-पाक मैच के लिए सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**जम्मू, वार्ता।** शिवसेना की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। वरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा।

# भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब



## ● भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है।

डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा कि भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का क्षण। डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। यह उपलब्धि विश्व मंच पर भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम की लगातार दो ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कुल 151 अंकों के साथ, भारत ने कुश्ती की दिग्गज टीम अमेरिका को पछाड़ा। अमेरिका 142 अंक के साथ दूसरे और जापान ने 113 अंकों के साथ तीसरा स्थान पर रहा।

# भारत को अब तक नहीं मिला पुजारा का रिप्लेसमेंट

## ● करुण नायर के बाद सुदर्शन भी नंबर-तीन पर फेल, बनाए 140 रन



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, अंशुल कंबोज और ऋषभ पंत यह मैच नहीं खेले। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर करने के बाद अब तक भारत को नंबर तीन पर कोई स्थाई खिलाड़ी नहीं मिल पाया है। इस दौरान टीम इंडिया ने कई खिलाड़ियों को आजमाया है, लेकिन बस नाकामी हाथ लगी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर आजमाया गया, फिर करुण नायर को भी आजमाया गया, लेकिन दोनों तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुछ खास नहीं कर सके हैं। ऐसे में, नंबर तीन पर एक मजबूत बल्लेबाज की खोज जारी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का का मौका मिला। हालांकि, उस टेस्ट में हार के बाद उन्हें अगले टेस्ट से बाहर कर दिया गया। हेडिंग्ले में सुदर्शन पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में 30 रन बनाए थे। इसके बाद करुण को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिला। करुण ने एजबेस्टन में 31 और 26 रन की पारी और लाड्र्स में 40 और 14 रन की पारी खेली। इसके बाद मैनचेस्टर टेस्ट के लिए करुण को भी ड्राप किया गया और वापस से सुदर्शन पर भरोसा जताया गया। सुदर्शन पहली पारी में जरूर 61 रन बनाए, लेकिन फिर उनके बल्ले से रन ही नहीं निकले। मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके। फिर ओवल में पहली पारी में सुदर्शन 38 रन और दूसरी पारी में 11 रन बना सके। इस तरह नंबर तीन पर सुदर्शन की पहली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज का अंत तीन टेस्ट की छह पारियों में 140 रन के साथ हुआ। इस दौरान उनका औसत 23.3 का रहा। वहीं, करुण ने नंबर तीन पर चार पारियों में 111 रन के साथ किया। जब विराट कोहली टेस्ट टीम का हिस्सा थे तो गिल को नंबर तीन स्थान दिया गया था। कोहली के संन्यास लेने पर नंबर चार पर कोहली के स्थान पर गिल को शिफ्ट किया गया और उन्होंने इतिहास रच दिया। वहीं, रहाणे के नंबर पांच पर पंत पिछले कुछ समय से काफी सफल रहे हैं। हालांकि, गिल के नंबर तीन से हटने के बाद से कोई स्थाई नंबर तीन नहीं मिल पाया है। पिछले 10 टेस्ट यानी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बात करें तो भारत ने पांच खिलाड़ियों को अब तक नंबर तीन पर आजमाया है। इनमें गिल के अलावा देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल, साई सुदर्शन और करुण शामिल हैं। पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खिलाने के बाद अगले टेस्ट में ड्राप कर दिया गया। वहीं, गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट में नंबर तीन पर खेले, लेकिन चौथे टेस्ट में उन्हें बाहर कर दिया गया।

# रूट के साथ जुबानी जंग पर प्रसिद्ध: यह योजना का हिस्सा था

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके शब्द जो रूट की लय बिगाड़ देंगे और रूट को पवेलियन की राह दिखाने की यह एक बड़ी वजह बनेंगे जिसके चलते भारत ओवल टेस्ट में ड्राइविंग सीट पर पहुंच जाएगा।

रूट जब बल्लेबाजी के लिए आए थे तब इंग्लैंड 129 के स्कोर पर दो विकेट के नुकसान के साथ अच्छी स्थिति में था। दोपहर में धूप से भरे मौसम के बाद बादल छाने लगे और प्रसिद्ध ने आकाश दीप और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर इंग्लैंड की पारी की रफ्तार को धीमा करना शुरू किया। रूट ने पहली गेंद का जब सामना किया तब प्रसिद्ध की गुड लेंथ पर पड़ी गेंद उछाल के साथ उनके दस्ताने पर जा लगी। दो गेंद बाद, एक वोबल सीम गेंद पर वह प्रसिद्ध के खिलाफ डिफेंस पर बीट हुए और संभवत: तभी प्रसिद्ध ने रूट से यह शब्द कहे थे। इसकी ठीक अगली गेंद पर रूट ने स्क्वायर ड्राइव पर चौका जड़ते हुए प्रसिद्ध को भी कुछ शब्द कहे और अंपायर कुमार धर्मसेना को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने प्रसिद्ध से बात की। धर्मसेना जब प्रसिद्ध से बात कर रहे थे तब के एल राहुल और शुभमन गिल भी वहां पहुंच गए और यह चर्चा दो मिनट से अधिक देर तक चली। अगले कुछ ओवरों तक धर्मसेना ने प्रसिद्ध पर नजरें जमाई रखीं और इस दौरान अन्य भारतीय खिलाड़ी रूट के साथ उलझते रहे। प्रसिद्ध ने माना कि रूट के इस तरह घबरा जाने से वह हैरान थे। उन्होंने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल को कहा मुझे नहीं पता कि रूटी ने ऐसा क्यों किया। मैंने बस इतना कहा कि आप बहुत अच्छे फॉर्म में दिख रहे हो' और फिर बात गाली-गलौज वगैरह में बदल गई। प्रसिद्ध ने स्वीकार किया कि रूट को बहस में उलझाकर उनका ध्यान भटकाने की योजना ओवल टेस्ट से पहले मेहमान टीम ने बनाई थी। उन्होंने मीडिया ब्रीलफग में कहा कि यही योजना थी, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे कुछ शब्दों पर उनकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया होगी। प्रसिद्ध ने कहा कि उन्हें 'आक्रामक' होने में मज़ा आता है और यह सिर्फ 'प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त' लेने के चलते रूट और उनके बीच 'मज़ाक' हुआ। जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं, जब मैं अपने खेल का आनंद ले रहा होता हूं, तो मैं ऐसा ही होता हूं। अगर इसका मतलब है कि मैं बल्लेबाज से थोड़ी-बहुत बात. चीत कर पाता हूं और जब मैं बल्लेबाज को परेशान कर पाता हूं और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त कर पाता हूं, तो इससे मुझे मदद मिलती है। लेकिन मुझे वह एक इंसान के रूप में पसंद हैं। वह खेल के दिग्गज हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता है जब दो लोग किसी खास पल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और विजेता बनने की चाहत रखते हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेसकॉथिक, रूट को परेशान करने की भारत की योजना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहते थे। रूट इस सीरीज में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ट्रेसकॉथिक ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने कोई टिप्पणी की है, है ना? जाहिर है कि उन्होंने (प्रसिद्ध) रूट पर दबाव बनाने और उन्हें थोड़ा उत्तेजित करने की कोशिश की। हो सकता है कि उन्होंने पिछले कुछ मैचों में उन्हें इतना अच्छा खेलते देखा हो कि भारत ने एक अलग तरीका अपनाया, और जो ने जवाब दिया, जैसा कि वह कभी-कभी करते हैं। आम तौर पर, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बस हंसते-खिलखिलाते रहते हैं और चीजों को होने देते हैं।

# मोहम्मद शमी ईस्ट जोन के दल में शामिल, इशान किशन करेंगे कप्तानी

## ● 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार, रियान पराग, व अभिमन्यु जैसे खिलाड़ी शामिल है



**कोलकाता, वार्ता।** भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है। इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग-अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे। उनका पिछला लाल गेंद का मैच नवंबर 2024 में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में था। एसआरएच में शमी के साथी किशन, फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए दो अर्द्धशतक लगाकर वापसी कर रहे हैं। इस दल में पिछले सीजन में बंगाल के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप चटर्जी के लिए कोई जगह नहीं है, जबकि उनके बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप कुमार घरामी स्टैंडबाय में हैं। झारखंड के दोनों सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट सिंह और शरणदीप सिंह ईस्ट जोन की टीम का हिस्सा हैं, और बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी भी इस दल में शामिल हैं, जिन्होंने सात मैचों में 22 विकेट लिए हैं। जिसमें तमिलनाडु के खिलाफ पिछले दौर के मैच में 49 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर युवा वनडे मैचों में सबसे तेज शतक लगाया था और दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे, वह भी छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल हैं। छह टीमों वाली दलीप ट्रॉफी क्षेत्रीय प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता नहीं, बल्कि

# जियोस्टार करेगा डीपीएल सीजन-2 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली, वार्ता।** जियोस्टार दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के सभी मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के लिए जियोस्टार के साथ तीन साल के ऐतिहासिक प्रसारण समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत डीपीएल के सभी मैचों का स्टार स्पोर्ट्स 2 लहदी पर और जियो हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। डीपीएल का दूसरा सत्र आज से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और गत विजेता ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2

# वार्नर ने इंग्लैंड के रूट पर एशेज को लेकर कटाक्ष किया

## ● इंग्लैंड नवम्बर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज जीतने की कोशिश करेंगे

**लंदन, वार्ता।** डेविड वार्नर ने कहा कि अगर इंग्लैंड को इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया में सफल होना है, तो जो रूट को 'अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा'। 38 वर्षीय वार्नर, द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के साथ खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं और हालांकि वह एक महीने के लिए लॉर्ड्स को अपना घर कहने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वह अपने पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वियों पर एक हल्का-फुल्का कटाक्ष करने से खुद को नहीं रोक पाए।

इंग्लैंड नवंबर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की को. शिश करेंगे। वार्नर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा कि 'इसमें सबसे बड़ा एंकर रूटी (इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट) हैं, जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बनाया है। रूट के अक्सर एलबीडब्ल्यू आउट होने की धारणा के संदर्भ में, वार्नर ने कहा कि जोश हेजलवुड का नंबर अक्सर उनके सामने होता है। उन्हें अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा। पिछले साल अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वार्नर मंगलवार को ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अपना शतक लगाने के लिए तैयार हैं। वह 14 अगस्त को लॉर्ड्स में रूट की ट्रेंट रॉकेट्स से भिड़ सकते हैं। रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज़ हैं और इंग्लैंड की एशेज जीतने की उम्मीदों के लिए अहम हैं, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी शतक नहीं बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गें. दबाज हेजलवुड ने उन्हें 18 टेस्ट मैचों में 10 बार आउट किया है - ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कलमस और भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा उन्हें 11 बार आउट किए जाने से एक कम। वार्नर ने कहा कि 'सब कुछ गेंदबाज़ों पर निर्भर करता है। अगर इंग्लिश गें. दबाज ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं तो वे मुकाबले में आ जाएंगे। वार्नर को इस साल द हंड्रेड में अपने एक अन्य पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वी अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन का भी सामना करना पड़ सकता है।

# ओवल टेस्ट: दूसरी पारी में भारत 300 पार

## ● इंग्लैंड पर मिली बढ़त, 281 रन, जडेजा-जुरेल पिच पर, जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया



**द ओवल, वार्ता।** भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 281 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 305 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा कर लिया हैं। उन्हें जोश टंग ने जैमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल 11 और नाइट वाचमैन 66 रन बनाकर आउट हुए। गस एटकिंसन ने 3, जोश टंग ने 2 और जैमी ओवर्टन ने 1 विकेट लिया। टीम इंडिया ने आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। आकाश दीप 2011 के बाद पहले भारतीय नाइट वाचमैन बने हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल मैदान पर 50 से ज्यादा रन बनाए। अमित मिश्रा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 84 रन बनाए थे। आकाश दीप नाइट वाचमैन के रूप में नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे और फिफ्टी लगा दी। ओवल टेस्ट के तीसरा दिन का दूसरा सेशन मिलाजुला रहा है। टीम इंडिया ने इस सेशन में 115 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड ने 3 विकेट हासिल किए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 304/6 है। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल की जोड़ी नाबाद है। यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। 67वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा क्ैच लेकर पगबाधा आउट होने से बच गए। जोश टंग की यार्कर उनके पैर के जूते पर लगी। उन्हें फील्ड अंपायर आउट भी दे दिया। ऐसे में जडेजा ने क्ैच की मांग की। वीडियो देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फैसला बदला। 65वें ओवर में भारतीय टीम ने छठा विकेट गंवाया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जिमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। 58वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया। जिमी ओवर्टन के ओवर की चौथी बाल पर बेन डकेट से यशस्वी जायसवाल का कैच ड्रॉप हुआ। इतना ही नहीं, बाल बाउंड्री लाइन के बाहर चली गई। इन 4 रनों के सहारे टीम ने 250 रन का आंकड़ा हासिल किया। 55वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां करुण नायर 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। नायर पिछले ओवर में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। 54वें ओवर में हैरी ब्रूक से कैच ड्राप हुआ। तब वे 12 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ओवल टेस्ट के तीसरे दिन का पहला सेशन भारतीय टीम के नाम रहा। टीम इंडिया ने 26 ओवर के इस सेशन में एक विकेट खोकर 114 रन बनाए। आकाश दीप 66 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद लौटे हैं।

# कोटवाल आलमपुर में दिन निकलते ही जबरदस्त फायरिंग

## दो पक्षों में करीब 15 राउंड फायरिंग, गोली लगने से दो घायल, एक गंभीर, गांव में तनाव, पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवाल आलमपुर में पुरानी रंजिश को लेकर दिन निकलते ही तड़ातड़ फायरिंग से लोग दहशत में आ गए गांव मेंअपराध अफ्रीका माहौल हो गया दो पक्षों में हुए झगड़े में दोनों ओर से छह राउंड गोली चलाई गई एक पक्ष के दो लोगों बाप बेटे को गोली लगने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए । गोली बेटे के हाथ पैर तथा फेफड़ों में लगी है वही बाप के हाथ की कोहनी मैं गोली लगी हुई है। घायलों के परिजनों द्वारा घायलों को रुड़की सिविल अस्पताल में इलाज हेतु लाया गया जहां डॉक्टर द्वारा घायलों की हालत गंभीर देखते हुए दोनों को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। ग्राम कोटवाल आलमपुर में शनिवार सुबह लगभग 8:30 बजे गांव के ही दो युवकों में पुरानी रंजिश के तहत गाली गलौज हो गई। गाली गलौज के कुछ देर बाद ही एक पक्ष से लगभग पांच लोग असलाह बंदूक आदि लेकर दूसरे पक्ष के घर पहुंच गए तथा गाली गलौज करते हुए बंदूक आदि से गोली चलाई गई दोनों ओर से 6 से 7 राउंड गोली चलाई गई बताई गई है। जिस पक्ष के घर पर दूसरा पक्ष गया था उस पक्ष के दो लोगों सुशील कुमार पुत्र तेजपाल सिंह



के हाथ की कोहनी में गोली लग गई तथा वंश पुत्र सुशील कुमार के हाथ पैर तथा फेफड़ों में गोली लगी बताई गई है। गोली लगते ही दूसरा पक्ष भाग गया। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल दोनों बाप बेटे को परिजनों द्वारा रुड़की सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। डॉक्टर द्वारा दोनों घायलों को ऋषिकेश एम्स में रेफर कर दिया गया। थाना निरीक्षक अजय सिंह का कहना है कि उक्त घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना की जानकारी घायलों के परिजनों तथा ग्राम वासियों से ली गई। साथ-साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए । एक पक्ष घायलों को लेकर डॉक्टर के यहां इलाज हेतु चला गया तथा दूसरा पक्ष घर से फरार हो गया है। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिन असलोह से दोनों से गोली चलाई गई है यह अवैध है या लाइसेंसी यह जांच का विषय है।

## डेढ़ माह से सोशल मीडिया पर छिड़ी जंग ने ले लिया खूनी संघर्ष का रूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** सोशल मीडिया पर छिड़ी जंग ने कोटवाल आलमपुर में आज खूनी संघर्ष का रूप ले लिया जिसमें एक पिता पुत्र घायल हो गए जिसमें से एक की गंभीर हालों में हालत होने पर उसे ऋषिकेश हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । इस खूनीसंघर्ष झगड़े की नीव 18 जून को उस समय रखी गई थी जब एक पक्ष के युवक द्वारा दूसरे पक्ष की लड़की का फोटो मोबाइल से वायरल कर दिया गया था। उसके बाद इसी बात को लेकर दो युवकों में मारपीट हो गई थी।

18 जून को ग्राम कोटवाल आलमपुर के दो पक्षों के दो युवाओं में लड़की का फोटो मोबाइल से वायरल करने को लेकर गाली गलौज व मारपीट हो गई थी। दोनों पक्षों की ओर से थाना झबरेड़ा में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। एक पक्ष का आरोप है कि उनके द्वारा थाने में तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई पुलिस द्वारा नहीं की गई थी। जबकि दूसरे पक्ष की तहरीर पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था । उनके द्वारा दी गई तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर दूसरा पक्ष उन पर हावी हो रहा था। और 18 जून से ही झगड़ा करने की फिराक में था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि दूसरे पक्ष द्वारा कई बार खेत में भी उनका पीछा किया गया। पीड़ित पक्ष का यह भी कहना है कि उनके द्वारा 1 अगस्त को थाने में फोन से पुलिस को सूचना दी गई थी कि उनके साथ दूसरा पक्ष कोई भी अनहोनी कर सकता है यह भी कहना है कि शनिवार सुबह झगड़ा होने से पूर्व भी पुलिस को झगड़ा होने की आशंका बताते हुए सूचना दी गई थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि झगड़ा होने के लगभग एक घंटा बाद पुलिस मौके पर पहुंची। समय रहते पुलिस मामले को गंभीरता से लेती तो उक्त झगड़ा टल भी सकता था।

## सात लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने दो पक्षों की रास्ते पर हुई कहासुनी और मारपीट के मामले में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस मामले में उप निरीक्षक आनंद मेहरा मुकदमे की जांच कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुड़की कोतवाली को बन्दा रोड निवासी मुदस्सिर ने तहरीर देकर बताया कि चाचा का लड़का कादिर 27 जुलाई को रात के वक्त घर के बाहर खड़ा था। तभी हकीमुल्लाह ने कादिर के पैर पर बाइक चढ़ा दी थी। दोनों के बीच मौके पर बहस हो गई थी। जिसके बाद हकीमुल्लाह पक्ष ने लोगों ने बदला लेने की नीयत से घर जाकर गाली गलौज कर हमला कर दिया था। मारपीट में कादिर को चोट लगी थी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे थे। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि अफजल मलिक, अजरू, इमदादतुल्ला, असदुल्लाह, इनामतुल्ला और हकीमुल्लाह निवासी इस्लामनगर के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

## गांव के अन्तिम छोर तक पहुंचना रोटरी का संकल्प : रीना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की का इंस्टालेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मेयर अनीता अग्रवाल रही। विशिष्ट अतिथि रोटेरियन रीटा कालरा व विधायक प्रदीप बतरा रहे। अतिथियों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रोटे वन्दना मोहन ने स्वागत किया और रोटे अल्का मित्तल ने 2024-25 की रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें वर्ष भर किए गये कार्यो की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

जानकारी के अनुसार मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा हम रुड़की को रोटरी क्लब के साथ मिलकर खुबसूरत शहर बनायेंगे। रोटे डॉ रीता कालरा व डा अजय भार्गव ने रोटरी क्लब से होने वाले सामाजिक उद्देश्य पर प्रकाश डाला।रीना नैथानी ने कहा कि रोटरी क्लब अन्तर्राष्ट्रीय ऐसी संस्था है जिसका उद्देश्य ही सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों का विकास एवं इस वर्ष का संकल्प भी चलों गांव की ओर के साथ गांव के विकास के लिए कार्य करेंगे खाश कर आज की युवा पीढ़ी को आधुनिक सुविधाओं के साथ मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य



करेंगे। रोटे हर्ष प्रकाश काला को डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वी के जैन,वी के शर्मा,नीलम शर्मा कोषाध्यक्ष, कुसुम काला राजेश चन्द्रा, डॉ संजीव सैनी,मनोज जैन स्मृता आर्य आदि बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग का खसरा-रूबेला को खत्म करने का अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** खसरा-रूबेला से खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दो जुलाई से अभियान शुरू कर दिया है। रुड़की ब्लॉक नोडल अधिकारी एवं इमलीखेड़ा चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राव अकरम ने बताया कि इमलीखेड़ा पीएसचसी के अंतर्गत आने वाली सभी सब सेंटर व पीएचसी पर खसरा रूबेला के लिए स्पेशल इम्यूनाइजेशन वीक की शुरूआत दो जुलाई से कर दी गई है।जिसमें गांवो में कैंप लगाए जा रहे है। जिसमें आशा, ए एन एम आशा फैसिलिटेर व ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की और से रिफ्यूशल बच्चों(मना करने वाले) को घर-घर जाकर रिफ्यूशल बच्चों बच्चों के माता-पिता को समझाया जाएगा व घर से बुलाकर जन प्रतिनिधियों और जागरूक लोगों से बात कर टीकाकरण किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि भारत सरकार की और से खसरा रूबेला को 2026 में समाप्त करने के लिए राज्य को दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके संबंध में जिलाधिकारी हरिद्वार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की एक बैठक की गई थी जिसमें सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। ब्लॉक स्तर पर भी एसडीएम रुड़की की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हो चुकी है। उसी के मद्देनजर इमलीखेड़ा ब्लॉक में स्पेशल इम्यूनाइजेशन वीक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम स्तर पर सेंटर वाइज टीम गठित कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने रिफ्यूशल लिस्ट बनाई गई है जिसमें वह बच्चें जिनके परिवार टीकाकरण से मना कर दिया गया है या वह जो किसी कारणवश टीकाकरण से छूट गए है। स्वास्थ्य विभाग की और से ग्राम स्तर पर रूटीन इम्यूनाइजेशन के साथ साथ ऐसे सभी रिफ्यूशल लिस्ट के बच्चे कवर किए जाएंगे।

## भगवानपुर पुलिस की तत्परता से एक छोटी बालिका को उसके परिजनों से मिलाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर को सूचना मिली की ग्राम भगवानपुर मे एक छोटी लडकी अकेली घूम रही है और जोर जोर से रो रही है। इस सूचना पर तत्काल है0 कानि0 सुन्दर सिंह मयकानि0 रविन्द्र राणा को मौके पर भेजा गया। उक्त कर्मीयो द्वारा पूछताछ करने की कोशिश की परन्तु कुछ भी बताने मे असमर्थ हो रही थी उक्त बालिका को थाने पर लाये गये तथा उक्त कर्मीयो द्वारा आस पास के गांवो मे काफी मश्क्कत व खोजबीन करने पर उक्त बालिक के परिजनो की जानकारी की गई तो ग्राम शाहपुर निवासी जान आलम द्वारा बताया की मेरी पत्नी मुसयदा के साथ मेरी 03 वर्षीया पुत्र मायरा अस्पताल गई थी अस्पताल पर खेलते खेलते पता नही कहा चली गई जिस कारण हम लोगो काफी परेशान हो गये थे तथा हम भी उसकी खोजबीन कर रहे थे उक्त बालिका मायरा को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया परिजनो द्वारा उत्तराखंड पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

## 52 पैकेट अवैध देशी शराब के साथ एक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ 01 व्यक्ति को धर दबोचा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री/तस्करी की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर द्वारा चौकी प्रभारी /हल्का प्रभारी/बीट कर्म0गणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। जिसके अनुपालन में दिनांक 01/8/2025 को भगवानपुर पुलिस द्वारा 52 पैकेट देशी शराब किन्नू मार्का अवैध देशी शराब के साथ अभि0 प्रेम पुत्र बलवन्त सिंह निवासी डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार को ग्राम हसनपुर मदनपुर जानेवाले रास्ते पर से गिरफ्तार किया गया जिसके विरुद्व थाना हाजा पर 60 आब0 अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया अभि0 को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा। पुलिस टीम में कानि0 संजय सिंह थाना भगवानपुर, का0 आसिफ अली थाना भगवानपुर शामिल रहे।

## (रीप) परियोजना से आत्मनिर्भर बनीं गांव ठसका की पुष्पा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार, श्रीमती आकांक्षा कोण्डे के नेतृत्व में जनपद हरिद्वार में ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत अल्ट्रा पूवर सपोर्ट, फार्म एवं नॉन-फार्म एंटरप्राइजेज और सीबीओ स्तर के उद्यमों की स्थापना के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों की एक प्रेरणादायक मिसाल हैं ख्र ग्राम ठसका, विकासखंड नारसन की श्रीमती पुष्पा। एकता स्वयं सहायता समूह की सदस्य श्रीमती पुष्पा, जो सपना सीएलएफ से जुड़ी हुई हैं, कभी जीवन में कठिनाइयों और आर्थिक तंगी से जूझ रही थीं। लेकिन एनआरएलएम से जुड़ाव ने उन्हें आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। ग्रामोत्थान परियोजना से जुड़े स्टाफ के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग से उन्होंने डेयरी व्यवसाय की शुरुआत का संकल्प लिया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में परियोजना अंतर्गत तैयार किए गए व्यवसाय योजना के आधार पर उन्हें बैंक से घ1,50,000 का ऋण स्वीकृत हुआ, जिसमें घ75,000 स्वयं का निवेश और घ75,000 ग्रामोत्थान परियोजना का अंशदान रहा। इस सहायता से उन्होंने दो भैंसें खरीदीं और नियमित रूप से दूध उत्पादन प्रारंभ किया। आज श्रीमती पुष्पा प्रतिदिन लगभग 14 लीटर दूध निकालती हैं, जिसमें से 12 लीटर की बिक्री कर वे हर महीने घ13,000 से घ14,000 की शुद्ध आय अर्जित कर रही हैं। इस आमदनी से वे न केवल अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर रही हैं, बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त होकर समाज में आत्मसम्मान के साथ जीवन यापन कर रही हैं। श्रीमती पुष्पा ने अपनी सफलता का श्रेय ग्रामोत्थान परियोजना और जिला प्रशासन को देते हुए कहा कि यदि सही मार्गदर्शन, योजनाबद्ध सहायता और आत्मविश्वास हो, तो ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भरता की चमकती मिसाल बन सकती हैं।

## सड़क मामले का नायब तहसीलदार ने कराया समाधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** तहसील प्रशासन ने मंडावर गांव में सड़क निर्माण में अवरोध उत्पन्न करने वाले प्रकरण को पुलिस बल के साथ नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर समाधान कराया इसके बाद सड़क का निर्माण संपन्न हो गया और सरकारी जमीन पर बना रही सड़क में अवरोध उत्पन्न करने वालों को चेतावनी दी गई है कि वह भविष्य में ऐसा ना करें । नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि उपजिलाधिकारी डीएस नेगी के आदेश के अनुपालन में ग्राम मंडावर में सड़क का निर्माण कार्य में अवरोध उत्पन्न किया जा रहा था जिसको पुलिस बल राजस्व विभाग ग्राम प्रधान एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में समाधान कर दिया गया है तथा सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया दिया गया है स्थल पर पुलिस बल ग्राम प्रधान शिकायतकर्ता तथा नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश राजस्व उप निरीक्षक बृजभूषण विपक्षी एवं ग्रामवासी मौके पर उपस्थित है



## अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा सवार दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** अज्ञात वाहन ने शनिवार सुबह एक ई- रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर से ई-रिक्शा में सवार दो युवक शहबान और अदरीश गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। सुबह करीब पांच बजे मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के नगला सलारू निवासी शहबान व अदरीश ई-रिक्शा से सब्जी बेचने रुड़की सब्जी मंडी जा रहे थे। जैसे ही वह कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक के सामने पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी।

## युवक को नशा देकर बनाई अश्लील वीडियो, मांगी रंगादारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** समंगलौर कस्बे के मलानपुरा मोहल्ले में इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। योजनाबद्ध तरीके से एक युवक को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसकी अश्लील वीडियो और फोटो बनाए गए। घटना के बाद न केवल युवक से मोबाइल फोन और नकदी लूटी गई, बल्कि अब आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दो लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं। पीड़ित युवक के परिजनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 6 जुलाई को मोहल्ले के ही फरमानी, असलम, समीर, भूरा और अनीसा ने मिलकर इस शर्मनाक हरकत को अंजाम दिया। पहले युवक को बहाने से बुलाया गया, फिर उसे नशा देकर उसकी निजता से खिलवाड़ किया गया। जब युवक होश में आया, तो उसके साथ मारपीट कर मोबाइल और दो हजार रुपये भी छीन लिए गए। अब आरोपी लगातार उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं और दो लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। वीडियो वायरल करने की धमकी से परेशान होकर परिजनों ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। मंगलौर थाना पुलिस ने फरमानी, अनीसा सहित पांचों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है। सवाल उठता है कि समाज में ऐसे गिरोह कितने और युवाओं को निशाना बना रहे हैं? क्या इन दरिंदों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी? क्या अब भी समाज चुप रहेगा?

## बीएसएम इंटर कॉलेज में एनसीसी जूनियर व सीनियर डिविजन की भर्ती शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 यूके बीएन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार के दिशा निर्देशों में आज बीएसएम

**❖सीनियर में 45 कैडेट्स व जूनियर डिविजन में 50 कैडेट का लिखित परीक्षा और शारीरिक मापदंड के अनुरूप हुआ चयन**

इंटर कॉलेज रुड़की में एनसीसी जूनियर डिवीजन और एनसीसी सीनियर डिवीजन की भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई जिसमें एनसीसी सीनियर डिवीजन में 45 कैडेट्स और एनसीसी जूनियर डिवीजन में 50 कैडेट का चयन हुआ। भर्ती प्रक्रिया लिखित परीक्षा और शारीरिक मापदंड के अनुरूप हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की एनसीसी भर्ती प्रक्रिया बिल्कुल निष्पक्ष हुई है और चयनित सभी कैडेट्स को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं अपने एनसीसी मैं चयनित होकर यह बता दिया है कि आप और छात्रों से अलग हैं और आपके अंदर अपने देश की सेवा करने का जज्बा है और एनसीसी में रहकर आप जानेंगे कि किस तरह से विपरीत परिस्थिति में एक सैनिक अपने देश की रक्षा के लिए खड़ा रहता है। प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने एनसीसी कैडेट के उज्जवल भविष्य की कामना की और अपना शुभ आशीर्वाद दिया



इससे पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने भर्ती प्रक्रिया मैं आए हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का स्वागत किया भर्ती प्रक्रिया में कमान अधिकारी द्वारा भर्ती हुए एनसीसी कैडेट्स को संदेश दिया की एनसीसी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से नेतृत्व क्षमता अनुशासन कार्य के प्रति निष्ठा और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाते हैं भर्ती प्रक्रिया में कार्यालय अधीक्षक ट्रेनिंग रवि कपूर का विशेष सहयोग रहा इस अवसर पर सेकंड अफसर कमल मिश्रा सूबेदार पंकज पाल सूबेदार आनरी कैप्टन बिजेंदर हवलदार दीपक हवलदार जगत हवलदार सुबोध हवलदार सत्येंद्र आदि मौजूद रहे।

### देह व्यापार की सूचना पर पुलिस व एएचटीयू का छापा

## होटल के मैनेजर समेत तेरह गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने शहर के हरिद्वार रोड स्थित एक होटल पर देह व्यापार को लेकर छापा मारा है। होटल से मैनेजर, ग्राहक और देह व्यापार में शामिल महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जबकि होटल को किराए पर चला रहे दो पार्टनर फरार है। पुलिस ने तेरह लोगों को कोर्ट में पेश किया।

रुड़की कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि हरिद्वार रोड स्थित श्रीनिवास होटल में देह व्यापार चल रहा है। जिसके बाद एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को भी छापे की सूचना मिली। शुक्रवार दोपहर बाद संयुक्त टीम ने होटल पर छापा मारा। टीम ने एक-एक कर होटल के कमरे खंगाले। जहां आपत्तिजनक स्थिति में ग्राहक और महिलाएं कमरे में मिली। पुलिस की तलाशी में आपत्तिजनक वस्तु, कुछ कैश और फोन बरामद हुए। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि होटल संचालक राजा उर्फ रांझा निवासी पाडली गुज्जर कोतवाली गंगनहर, होटल मैनेजर हैदर अली निवासी पूर्वी अंबर तालाब कोतवाली गंगनहर, ग्राहक सिद्धांत निवासी पोडोवाली कोतवाली लक्सर, रविकांत निवासी लखनोता झबरेड़ा, लक्की



निवासी नियर असद रोड थाना माडल टाउन पानीपत हरियाणा और लुधियाना, पानीपत, यमुनानगर, असम, नई दिल्ली, कुशीनगर उत्तर प्रदेश की आठ महिलाएं गिरफ्तार की है। जबकि होटल को किराए पर लेकर चला रहे कल्लू उर्फ दीपक और निक्की उर्फ रिहान निवासी रुड़की की तलाश जारी है।

# अमेरिका ने सात महीने में 1700 भारतीय निकाले

## इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं, विदेश राज्य मंत्री बोले: बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए



■ कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी
■ अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपार्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी।

उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था-क्या सरकार जनवरी 2025 से अमे. रिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा: बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है। इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज (ईटीडी) का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं। मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा: अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है। 5 फरवरी 2025 के बाद अब तक किसी डिपोर्ट फ्लाइट में यात्रियों के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा: अमेरिका में हथकड़ी पहनाए जाने, साथ ही महिलाओं-बच्चों के साथ व्यवहार को लेकर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनाओं जैसे पगड़ी पहनने और खानपान की प्राथमिकताओं को लेकर भी औपचारिक तौर पर अमेरिकी प्रशासन से बात की गई है।

## अमेरिका के मोंटाना में गोलीबारी, चार मरे

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में मोंटाना राज्य के एनाकोंडा में शुक्रवार को एक बार में हुई गोल. ीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एनबीसी मोंटाना की रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी कल सुबह दक्षिण-पश्चिमी मोंटाना के एनाकोंडा शहर के द आउल बार में हुई। एनाकोंडा-डियर लॉज काउंटी कानून प्रवर्तन केंद्र द्वारा एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार संदिग्ध की पहचान माइकल पॉल ब्राउन के रूप में हुई है। पोस्ट में कहा गया है, 'जानकारी के लिए बता दें कि गोलीबारी करने वाला संदिग्ध हथियारबंद और खतरनाक हो सकता है। अधिकारियों ने फेसबुक पर संदिग्ध की एक तस्वीर पोस्ट की और लोगों को स्टंपटाउन क्षेत्र और आसपास के इलाकों से दूर रहने की सलाह दी।



मिर्जापुर। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद आबादी में पहुंचे पानी से गुजरते राहगीर।

## कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति उरीबे को 12 साल की नजरबंदी की सजा

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे (73) को प्रक्रियात्मक धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 12 साल की नज़रबंदी की सजा सुनाई गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव पक्ष के वकील ने पहले घोषणा की थी कि वे अपील दायर करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने खुद को निर्दोष बताया था। बोगोटा के 44वें आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने पूर्व राष्ट्रपति को इन अपराधों का दोषी पाए जाने के चार दिन बाद शुक्रवार को सज़ा की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### अभी भी महसूस किए जा रहे रूस में भूंकप के झटके

**मॉस्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई को आए भीषण भूकंप के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में भूकंप के 140 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। आपात स्थिति से संबधित मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा ष्क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 3.2 से 6.2 तीव्रता वाले 146 झटके महसूस किए गए। आबादी वाले क्षेत्रों में 2 से 5 तीव्रता वाले 20 से अधिक झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बेज़्मियानी, शिवेलुच, क्लुचेवस्कॉय और कारिस्की ज्वालामुखी सक्रिय हो गए हैं।

### कुरील द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क।** कुरील द्वीप समूह के पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को अंत. रराष्ट्रीय समय 18:20 बजे पर कुरील द्वीप समूह के पूर्व में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 50.21 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 159.09 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो।** जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा जहां तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि देशभर में जुलाई महीने का औसत तापमान 1898 में शुरू हुए तुलनात्मक रिकॉर्ड के बाद से सबसे अधिक रहा जिसने 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को 2.16 डिग्री सेल्सियस से तोड़ दिया। मौसम अधिकारियों के मुताबिक इस साल सामान्य तापमान का अधिक होने का रिकार्ड पिछले आंकड़ों से कहीं जयादा है।

# सुना है भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा: ट्रम्प

## कहा: उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, पर अगर ऐसा होता है, तो ये अच्छी बात होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रायटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। वहीं, रायटर्स के दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। रायटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमे यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं। इस बीच एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि तेल की खरीद का फैसला पूरी तरह आर्थिक वजहों पर आधारित होता है, जैसे कि तेल की कीमत, उसकी किस्म, मौजूदा भंडार, लाजिस्टिक सुविधा और दूसरी व्यावसायिक जरूरतें। अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक और निर्यातक है। वह हर दिन करीब 9.5 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो दुनिया की कुल मांग का करीब 10 प्रतिशत है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए ऊर्जा के अपने स्रोतों को रणनीतिक रूप से तय किया है ताकि सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति बनी रहे। भारतीय सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदने पर कोई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं है। हां, जी-7 देशों और यूरोपीय यूनियन ने इसकी कीमत पर एक सीमा जरूर तय की है, ताकि रूस को बहुत ज्यादा कमाई न हो और दुनिया को तेल की सप्लाई भी बनी रहे। भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जब ओपीईसी+ देशों ने तेल का उत्पादन बहुत कम कर दिया था, उस समय अगर भारत ने रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदा होता, तो दुनिया में तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जातीं। इससे महंगाई भी और बढ़ती।



■ यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे
■ भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है

### रूसी ऑयल खरीदना बंद करने में अमेरिकी दबाव नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने अमे. रिकी दबाव में रूस से आयल खरीदना बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा: बाजार में जो चीज मौजूद हैं और दुनिया में जो हालात हैं, भारत उसी हिसाब से फैसले लेता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने हाल ही में दावा किया था कि भारत की सरक. ारी आयल रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को मास्को से तेल नहीं खरीदने की चेता. वनी दी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि भारत एक दिन पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। रणधीर जायसवाल ने इस बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# 2000 ईरानी मौलवियों ने की ट्रम्प की हत्या की मांग



■ बोले: ट्रम्प का खून करना हलाल, सुलेमानी की मौत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज

**तेहरान।** ईरान में 2000 से ज्यादा मौलवियों ने खुलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की मांग की है। इन मौलवियों ने कहा है कि ट्रम्प का खून हलाल है यानी कोई भी उन्हें खत्म कर दे तो गुनाह नहीं है। मौलवियों ने कहा है कि जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये बयान 1 अगस्त यानी शुक्रवार को ईरान के सबसे बड़े धार्मिक शिक्षा केंद्र कुम सेमिनरी की तरफ से जारी किया गया।

इसमें कहा गया कि अब सब्र का दौर समाप्त हो गया है। ट्रम्प का खून और उसकी संपत्ति अब हलाल है। सुलेमानी की शहादत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये खूनी अपराधी अब नहीं बचेगा। दुनिया चुप नहीं बैठेगी। बदला जरूर लिया जाएगा। जनरल कासिम सुलेमानी, ईरान के एक ताकतवर सैन्य अधिकारी थे जिन्हें 2020 में बगदाद में अमे. रिकी ड्रोन हमले में मार दिया गया था। जनरल कासिम इराक और सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ने के लिए चर्चित थे। ईरान मौलवियों के इस बयान के पीछे इजरायली डिफेंस मिनिस्टर इसरायल काट्ज का एक इंटरव्यू है। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर खामेनेई हमारे निशाने पर होते, तो हम उन्हें भी खत्म कर देते। मौका नहीं मिला, वरना काम कर देते। उन्होंने ये भी कहा कि इसके लिए इजरायल को अमेरिका की इजाजत की जरूरत नहीं थी। इजरायली मंत्री के इसी बयान ने ईरानी मौलवियों ने भी प्रतिक्रिया दी। धर्मगुरु अयातुल्ला नासिर मकारेम शिरा. जी ने जवाब में कहा कि जो भी इस्लामिक लीडर्स को धमकी देता है या उन पर हमला करता है, वो खुदा का दुश्मन है। बयान पर छोटे छात्रों से लेकर बड़े-बड़े मौलवियों के साइन हैं।

# उत्तरी वियतनाम में बाढ़, आठ लोगों की मौत, तीन लापता

■ बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने से तीस गांवों का अन्य इलाकों से संपर्क टूटा

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में हाल के दिनों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गई है और अन्य तीन लापता हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानक. ारी दी। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार शनिवार सुबह 06 बजे तक लगभग 60 घर बाढ़ के पानी में बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने के से तीस गांवों को अन्य इलाकों से संपर्क टूट गया। लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस, सैन्य बल, स्थानीय मिलिशिया और विभिन्न जन संगठनों के सदस्यों सहित लगभग 700 कर्मियों को तैनात किया गया है। जा डुंग कम्यून के एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान आज सुबह वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने स्थानीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करें कि कोई भी आपदा से पीड़ित व्यक्ति भूखा न रहे, लंबे समय तक संपर्क से दूर न रहे, या सूचना तक उसकी पहुंच न हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बचावकर्मियों और बाढ़ प्रभावित निवासियों, दोनों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## चीन ने आंधी-तूफान व उच्च तापमान के लिए किया अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को मौसम संबंधी अलर्ट जारी करते हुए कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान और उच्च तापमान की चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आंधी-तूफान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और शनिवार से रविवार तक भीतरी मंगोलिया, हेइलोंगजियांग, जिलिन, लियाओ. निंग, शांक्सी, हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, जिआंगसू, शंघाई, झेजियांग, अनहुई, जियांग्शी, फ़ुज़ियान, ग्वांगडोंग, गुआंगशी, युन्नान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। एनएमसी के अनुसार इनमें से कुछ क्षेत्रों में प्रति घंटे 70 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है जिसके साथ आंधी-तूफान भी आ सकते हैं।

# रूस के पास दो एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा अमेरिका

## रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रम्प ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था-हम इजरायल या ईरान नहीं हैं। ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। उन्होंने ट्रम्प को याद दिलाते हुए कहा था कि रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा। ट्रम्प ने बताया डेड इकोनामी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनामी बताया था। उन्होंने कहा था-भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं। मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था कि ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे। सोवियत यूनियन ने 1980 के दशक में एक आटोमैटिक परमाणु रिटैलिएशन सिस्टम बनाया था, जिसे डेड हैंड कहते हैं।



■ ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा

# अली लारीजानी बन सकते हैं ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली लारीजानी जल्द ही सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव बन सकते हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। लारीजानी आने वाले दिनों में एसएनएससी के प्रमुख के रूप में अली अकबर अहमदियन की जगह ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एसएनएससी में संरचनात्मक परिवर्तन पूरे हो जाने के बाद ईरान में एक नई रक्षा परिषद की स्थापना की जाएगी, जिसकी संरचना निकट भविष्य में होने की उम्मीद है। ईरान की नई रक्षा परिषद स्थापित करने की योजना उसके खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की शुरुआत के ठीक एक महीने बाद सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परिषद को ईरान की रक्षा नीतियों से संबंधित रणनीतिक मिशनों को अंजाम देने का काम सौंपा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में 'संरचनात्मक परिवर्तनों' को अंतिम रूप देने के लिए लिया गया है। एसएनएससी से संबद्ध ईरान के नूर न्यूज़ ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि आवश्यक आधार तैयार करने और संरचनात्मक सुधार करने के बाद, (ईरान के) कुछ उच्च-स्तरीय सुरक्षा संस्थानों के स्तर पर आसन्न परिवर्तनों के कार्यान्वयन की संभावना बढ़ गई है।

# भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने कहा: हमने 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराया

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। यूनुस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा: बांग्लादेश को मिली टैरिफ दर उसके कपड़ा इंडस्ट्री के प्रतिस्पर्धियों जैसे श्रीलंका, वियतनाम, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बराबर है, जिन्हें 19 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच टैरिफ दर मिली थी। यूनुस ने कहा एक समान टैरिफ के कारण बांग्लादेश के कपड़ा इंडस्ट्री पर कोई असर नही पड़ेगा। वहीं, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रमुख वार्ताकार डा. खलीलुर रहमान ने कहा कि हम ज्यादा टैरिफ देने से सफलतापूर्वक बच गए हैं। यह हमारे कपड़ा इंडस्ट्री और उस पर निर्भर लाखों लोगों के लिए अच्छी खबर है। हमने अपनी वैश्विक भूमिका को भी बनाए रखा है और दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंचने के नए अवसर खोले हैं। रहमान ने आगे कहा कि हमने अपने देश के हितों को ध्यान में रख कर अमे. रिकी अधिकारियों से बातचीत की। ये हमारी प्राथमिकता थी। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यातक इंडस्ट्री है। कपड़ा इंडस्ट्री देश की जीडीपी का 11 प्रतिशत और कुल निर्यात (एक्सपोर्ट) आय में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है।



■ यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया

# इजरायल ने यमन से दागी कई मिसाइल को रोकने का किया दावा

**यरूशलम/सना।** इजरायल ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइल को रोकने का दावा किया है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि सेना ने शुक्रवार शाम यमन से इज़रायली क्षेत्र की ओर दागी गई एक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने या किसी के मारे जाने की कोई खबर नहीं है। बयान में कहा गया है कि आईडीएफ ने मिसाइल दागे जाने के तुरंत बाद एक अलर्ट जारी किया और लगभग पांच मिनट बाद पश्चिमी यरूशलम सहित मध्य और दक्षिणी इज़रायल के क्षेत्रों में वायु रक्षा सायरन बजने लगे जिससे लोग आश्रय स्थलों की ओर भागे। मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लैंडिग और टेकऑफ़ के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। यमन के हूती समूह ने बाद में अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि उसने बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक 'हाइपरसोनिक बैलिस्टिक' हमला किया और हमले ने 'अपना लक्ष्य हासिल कर लिया' जिससे हज़ारों इज़रायली 'आश्रय स्थलों की ओर भागने और हवाई यातायात रोकने' पर मजबूर हो गए।

# नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी

## जवान के लिए नेशनल अवार्ड पर शाहरुख ने जताई खुशी



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान ने फिल्म जवान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है।

शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। शाहरूख खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए 33 वर्ष हो गए हैं। पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शाहरूख खान ने खुशी जताई है। शाहरूख खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शाहरूख ने कहा, मुझे यह कहने की जरूरत नहीं कि मैं इस समय कृतज्ञता, गर्व और विनम्रता से भरा हुआ हूं। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए एक ऐसा पल है, जिसे मैं जीवनभर सराहूंगा जूरी, चेयरमैन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस सम्मान के योग्य समझा। उन्होंने कहा, मैं अपने निर्देशकों और लेखकों का भी दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, खासकर से 2023 के लिए। राजू सर (राजकुमार हिरानी), सिड (सिद्धार्थ आनंद) आपका

## 71वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स की हुई घोषणा में रानी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉवे के लिए मिला पुरस्कार



**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत हैं। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए तीन दशक हो गए हैं। रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत है। रानी मुखर्जी ने कहा, 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं। 30 साल के करियर में यह मेरा पहला नेशनल अवॉर्ड है। एक कलाकार के तौर पर, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ बेहतरीन फिल्मों में काम करने का मौका मिला और मुझे उनके लिए बहुत प्यार भी मिला। मैं 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में मेरे काम को सम्मान देने के लिए नेशनल अवॉर्ड जूरी को धन्यवाद देती हूं। मैं इस खुशी को फिल्म की पूरी टीम, मेरे प्रोड्यूसर्स निखिल आडवाणी, मोनिशा और मधु, मेरी डायरेक्टर आशिमा छिब्बर और उन सभी के साथ बांटना चाहती हूं जिन्होंने इस बेहद खास प्रोजेक्ट पर काम किया। यह फिल्म मातृत्व की ताकत का जश्न मनाती है। रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार मेरे 30 साल के काम, अपने क्राफ्ट के प्रति मेरे समर्पण, जिसके साथ मैं एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं और सिनेमा और हमारे इस खूबसूरत फिल्म इंडस्ट्री के प्रति मेरे जुनून को भी एक पहचान देता है। मैं अपना नेशनल अवॉर्ड दुनिया की सभी अद्भुत माताओं को समर्पित करती हूं। मां के प्यार और अपने बच्चों की रक्षा करने की उनकी शक्ति जैसा कुछ भी नहीं है। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं दुनिया भर के अपने सभी प्रशंसकों का एक बार फिर शुक्रिया अदा करूं, जिन्होंने इन 30 सालों में मेरा साथ दिया है।

## शाहरुख जैसे दिग्गज के साथ अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना सौभाग्य की बात: विक्रांत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी का कहना है कि शाहरुख खान जैसे दिग्गज कलाकार के साथ पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। विक्रांत मैसी ने शाहरुख के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। विक्रांत मैसी ने कहा, मैं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, एनएफडीसी और 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के सभी सम्मानित निर्णायक मंडल सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अभिनय को इस सम्मान के योग्य समझा। मैं विधु विनोद चोपड़ा जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। आज, यदि मैं ऐसा कहूं तो, एक 20 साल के लड़के का सपना सच हो गया है। मेरे अभिनय को सम्मान देने और इस फिल्म को इतने प्यार से सुझाने के लिए मैं दर्शकों का हमेशा आभारी रहूंगा।



## किआरा के जन्मदिन पर सिद्धार्थ ने मंगाया स्पेशल केक

**मुंबई।** एक्ट्रेस किआरा आडवाणी ने 31 जुलाई को अपना 34वां जन्मदिन मनाया है। इस खास मौके पर फैमिली और फैंस से मिले प्यार के लिए अब उन्होंने आभार जताया है। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में उन्होंने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा, अपने पेरेंट्स और बच्ची को भी जिक्र किया है। न्यू माम किआरा ने अपने पोस्ट में स्पेशल केक की झलक भी दिखाई है। केक का डिजाइन उनके मदरहुड जर्नी को दिखा रहा है, जिसमें एक महिला गोद में बच्चे के लिए हुए है। केक पर लिखा है- श्हैप्पी बर्थडे की। वंडरफुल माम। किआरा नोट में लिखती हैं- 'मेरा सबसे खास जन्मदिन। मेरे लाइफ के प्यारे लोगों से घिरा हुआ। मेरा बेबी, मेरे पति और पेरेंट्स।। और हमारे दोनों गाने रिपीट मोड में बज रहे हैं क्योंकि हम इस शानदार साल में कदम रख रहे हैं। आप सभी के विशेज के लिए शुक्रिया। बता दें कि 15 जुलाई को किआरा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। डिलीवरी के बाद जब एक्ट्रेस को अस्पताल से डिस्चार्ज मिला तब कपल की ओर से पैपराजी के लिए एक नोट शेयर किया गया है, जिसमें रिक्वेस्ट की गई है कि उनकी बेटी की तस्वीरें क्लिक न की जाएं। सिद्धार्थ और किआरा की ओर से शेयर किए गए नोट में लिखा था, हमारी नन्ही परी आ गई है। इस खास पल का जश्न मनाने के लिए बस कुछ मीठा। प्लीज तस्वीरें ना क्लिक करें, सिर्फ आशीर्वाद दें। किआरा और सिद्धार्थ। वहीं, एक्ट्रेस की वर्क फ्रंट की बात करें तो किआरा की फिल्म श्वार 2श 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। उनके बर्थडे के मौके पर फिल्म का पहला गाना आवन-जावन रिलीज़ किया गया। फिल्म किआरा के साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। यह एक्शन थ्रिलर 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज की जाएगी।

## दो अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं अमिताभ

**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। अमिताभ बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर को है, लेकिन वह 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। वर्ष 1982 में अमिताभ फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे थे। सह-अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक लड़ाई के दृश्य की शूटिंग के दौरान उनके पेट मे गंभीर चोट लग गई थी। अमिताभ कई दिनों तक अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रहे। यह चोट इतनी गहरी थी कि उनकी मल्टीपल सर्जरी हुई। अमिताभ बच्चन लगभग मौत के मुंह में जा चुके थे।

## चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में दिखाई देंगे समर्थ्य

**मुंबई।** अभिनेता समर्थ्य गुप्ता शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का भव्य ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान अब अपनी कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ की ओर बढ़ रहा है। दर्शक जल्द ही बड़े पृथ्वीराज चौहान के रूप में अभिनेता समर्थ्य गुप्ता को देखेंगे, जो इस वीर राजा की भूमिका निभाने जा रहे हैं। उनके प्रवेश से शो में एक नए युग की शुरुआत होगी, जिसमें भावनात्मक गहराई और इतिहास की एक अविस्मरणीय प्रेम कहानी - पृथ्वीराज और संयोगिता - को और भी खूबसूरती से दर्शाया जाएगा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए समर्थ्य ने कहा, जब मुझे भारत के सबसे बहादुर राजाओं में से एक, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिला, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वे एक सच्चे योद्धा थे जिन्होंने अपने प्राण मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिए। यह भूमिका आसान नही है, इसके लिए मुझे शारीरिक और मान. सिक दोनों रूप से तैयारी करनी होगी।

## तारा सुतारिया और वीर एक साथ स्पॉट किए गए

**मुंबई।** वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, हालांकि अब तक किसी ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन दोनों को कई बार साथ देखा गया है।

हाल ही में सामने आई एक वीडियो में वीर, तारा को प्रोटेक्ट करते नजर आए। वीडियो में तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। जैसे ही तारा कार से उतरीं तो वीर उन्हें पैपराजी से प्रोटेक्ट करते नजर आए। तारा और वीर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दोनों के फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि अब क्लियर हो रहा है कि दोनों डेट कर रहे हैं तो कुछ ने प्यार वाला हार्ट इमोजी शेयर किया है। यह पहली बार नहीं है, जब वीर और तारा को साथ में स्पाट किया गया था। इससे पहले दोनों साथ में इटली वेकेशन भी मानने गए थे। दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर सेम लोकेशन की फोटो भी शेयर की थी। बता दें, वीर और तारा कुछ महीने



पहले लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वाक किया था, जिसके बाद से डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई। लैक्मे फैशन वीक में साथ रैंप वाक किया था। बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

## नेशनल फिल्म अवार्ड को लेकर मौसमी चटर्जी का खुलासा

### कहा- अवार्ड के बदले मांगे गए थे पैसे, किशोर कुमार से भी हुई थी ऐसी मांग

**मुंबई।** फिल्मों को दिए जाने वाले अवाड्र्स को लेकर इंडस्ट्री में हमेशा दो राय रही है। इंडस्ट्री में कई दिग्गज एक्टर और एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कभी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला। वहीं, कई एक्टर्स ने दावा किया है कि उन्हें पैसे के बदले अवार्ड आफर हुई थी।

इंडस्ट्री में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपना करियर शुरू करने वाली मौसमी चटर्जी ने 70-80 के दशक में कई हिट फिल्में दी हैं। मौसमी बंगाली और हिंदी सिनेमा का चर्चित चेहरा रही हैं। उन्होंने अपने करियर में 'बालिका बधू', 'अनुराग', 'अंगूर', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को लेकर मौसमी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें दो बार पैसों के बदले अवार्ड की पेशकश की गई थी। लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था- 'मुझे मेरी फिल्म अनुराग और रोटी कपड़ा और मकान के लिए आफर मिला। मैंने कहा कि मैं अवार्ड के लिए पैसे नहीं दूंगी।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ऋषि कपूर को लेकर भी खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्म 'बाबी' के लिए पैसे देकर अवार्ड खरीदे थे। पैसे के बदले अवार्ड का जिक्र ऋषि कपूर अपनी किताब 'खुल्लम-खुल्लम' में भी बताया था। अपनी किताब में उन्होंने लिखा कि एक पीआर वाले के जरिए 30 हजार में अवार्ड खरीदा था। हालांकि, बाद में उन्हें इस बात का पछतावा भी हुआ। पैसे के बदले अवार्ड की पेशकेश सिंगर और एक्टर किशोर कुमार को भी हुई थी।



यह दावा उनके बेटे अमित कुमार ने विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में किया था। अमित कुमार ने बताया था कि किशोर कुमार एक समय दूर गगन की छांव में के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बहुत करीब थे। साल 1964 में आई इस फिल्म को किशोर कुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया था। इसमें उन्होंने बेटे अमित कुमार के साथ एक रोल किया था। फिल्म बाक्स आफिस पर बहुत सफल रही और फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के देने की चर्चा भी थी, लेकिन मंत्रालय में किसी ने रिश्वत की मांग की, जिसकी वजह फिल्म को अवार्ड नहीं मिला। अमित ने इंटरव्यू में कहा-उन्हें दिल्ली मंत्रालय के किसी आदमी का फोन आया। उन्होंने मेरे पिता से कहा, अगर तुम कुछ दोगे, तो हम तुम्हें नामिनेट कर सकते हैं। मेरे पिता ने कहा, तुम मेरी जान के पीछे क्यों पड़े हो? मेरी फिल्म तो हिट है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108